रविंद्र जडेजा बने टिम...

the SPN .in

आमंत्रण मूल्य ₹ 4/-

दैनिक स्पेस प्रहरी

बायकॉट ट्रेंड पर करीना ने...

पेज 05

पेज 05

वर्ष 04, अंक 71 | नई दिल्ली, बुधवार, 25 जनवरी, 2023 | मेरठ संस्करण | नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत, बुलंदशहर, बिजनौर एवं हापुड़ में प्रसारित | मूल्य:5 रुपये | कुल पेज : 12

वैभवशाली भारत निर्माण के लिए नेताजी का जीवन आदर्श उदाहरण : डॉ. मोहन भागवत

» नई दिली एसपीएन न्यूज नेटवर्क

भारत के अमर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में नेताजी लौह प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन शहीद मीनार मैदान में किया गया। इस मैदान में कोलकाता और हावड़ा महानगर के करीब 15 हजार स्वयंसेवकों की उपस्थिति में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन वैभवशाली भारत निर्माण के लिए कष्ट सहने, तपस्या करने और पूर्ण समर्पण का आदर्श उदाहरण है। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ की ओर से हर साल छोटे-बड़े स्तर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कभी शाखा में तो कभी लोगों के बीच। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नेता ऐसा हो जो पूरी तरह से समर्पित, स्वार्थ रहित और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़े और नेताजी सुभाष चंद्र बोस उसके मूर्त उदाहरण थे। आजाद हिंद फौज का गठन हुआ और सैनिकों को पैदल चलना पड़ता था तब नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी उनके साथ पैदल चलते थे। जो खाना सैनिक खाते थे वही नेताजी खाते थे और सबके बीच रहते हुए उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध घोष किया जिनके राज में

संघ की ओर से हर साल छोटे-बड़े स्तर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कभी शाखा में तो कभी लोगों के बीच। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नेता ऐसा हो जो पूरी तरह से समर्पित, स्वार्थ रहित और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़े और नेताजी सुभाष चंद्र बोस उसके मूर्त उदाहरण थे।

-डॉ.मोहन भागवत

सूरज अस्त नहीं होता था। उस समय उन्होंने भारत के दरवाजे पर दस्तक दी। अगर समय चक्र सही चलता तो नेताजी भारत के बहुत अंदर तक पहुंच सकते थे और देश काफी पहले स्वतंत्र हो जाता।

सिखों के गुरु गोविंद सिंह का जिक्र करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जिस तरह से गुरु गोविंद सिंह ने अपने पूरे जीवन को समाज के लिए बलिदान किया, उनके चारों पुत्रों को मौत के घाट उतार दिया गया बावजूद इसके उन्होंने अपने लोगों के लिए लड़ना बंद नहीं किया। उन्हें उपेक्षा भी सहनी पड़ी। ठीक उसी तरह से समर्पित युवा चाहिए जो वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकें और नेताजी सुभाष चंद्र बोस उसके जीवंत उदाहरण थे। भागवत ने कहा कि नेताजी का विरोध करने वाले लोग भी कम नहीं थे।

स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर की यात्रा का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि अंग्रेजों के शासन को खत्म कर हम स्वाधीन तो हो गए हैं लेकिन अपने ऐतिहासिकता और अपने मूल्यों को लेकर हम स्वतंत्रता की ओर भी आगे बढ़ें यही नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना था। उन्होंने कहा कि जब हम वैभवशाली भारत बनाने की बात करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि धन-धान्य से संपन्न देश हो। अमेरिका और चीन भी खुद को वैभवशाली कहते हैं लेकिन हमें ऐसे वैभवशाली भारत का निर्माण करना है जो संपूर्ण दुनिया में सुख और शांति ला सके। भारत पूरी दुनिया को धर्म देता है। मानव की उन्नति के साथ-साथ हम पूरे ब्रह्मांड की उन्नति की संस्कृति वाले लोग हैं। इसलिए हमें ऐसे वैभवशाली भारत का निर्माण करना है जिसकी ओर दुनिया उम्मीद से देखे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस और संघ के संस्थापक डॉ. केशव राम बलिराम हेडगेवार की मुलाकात का जिक्र करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि 1928 में कांग्रेस के अधिवेशन (कलकत्ता) में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ डॉक्टर जी भी शामिल हुए थे और दोनों के बीच भारत के भविष्य पर चर्चा हुई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि भारत पृथ्वी का छोटा रूप है।

मौसम

अधिकतम तापमान 15.0°C

न्यूनतम तापमान 06.0°C

बाजार

सोना	56,00
चांदी	53,300
सेंसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

संक्षिप्त खबरें

मुर्मू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मुर्मू ट्वीट कर कहा, पराक्रम दिवस पर, सभी देशवासी भारत माता के एक महान सपूत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। नेताजी असाधारण साहस और देशभक्ति के प्रतीक हैं।

मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर देश के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को किया याद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। श्री मोदी ने आज ट्वीट किया, इआज पराक्रम दिवस पर, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और भारत के इतिहास में उनके अद्वितीय योगदान को याद करता हूं। उन्हें औपनिवेशिक शासन के प्रति उनके उग्र प्रतिरोध के लिए याद किया जाएगा। उनके विचारों से गहराई से प्रभावित होकर हम भारत के लिए उनके विजन को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2021 में 23 जनवरी नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाने फैसला किया था।

मोदी ने बालासाहेब ठाकरे को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने ट्वीटर पर लिखा, बाला साहेब ठाकरे को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। मैं हमेशा उनके साथ अपनी यादों को संजोकर रखूंगा। समृद्ध ज्ञान और हाजिरजवाबी के वह धनी थे। उन्होंने अपना जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उल्लेखनीय है कि श्री बाला साहेब ठाकरे का जन्म 23 जनवरी 1926 को हुआ था। उन्होंने 1966 में शिवसेना की स्थापना की थी।

खड़गे और राहुल ने नेताजी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया। श्री खड़गे ने ट्वीट कर कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, आजाद हिंद फौज के संस्थापक व हमारे आदर्श, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126वीं जयंती पर सादर नमन। नेताजी के जय हिंद एवं तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा के उद्घोष ने सभी को मातृभूमि के प्रति सच्चे समर्पण के लिये जागृत किया।

पूर्व की सरकारों ने विकृत वैचारिक राजनीति के कारण देश के सामर्थ्य को कम आंका : पीएम मोदी

- पूर्ववर्ती सरकारों ने दुर्गम और अप्रासंगिक मानकर हिमालयी, पूर्वोत्तर और द्वीपीय क्षेत्रों की दशकों तक उपेक्षा की तथा उनके विकास को नजरअंदाज किया
- हमारे देश की पहले की सरकारों ने, खासकर विकृत, वैचारिक राजनीति के कारण दशकों से जो आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना रही, उसके कारण देश के सामर्थ्य को हमेशा कम आंका गया

» नई दिली एसपीएन न्यूज नेटवर्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि पहले की सरकारों में विकृत वैचारिक राजनीति के कारण आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना रही जिसकी वजह से देश के सामर्थ्य को कम आंका गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने दुर्गम और अप्रासंगिक मानकर हिमालयी, पूर्वोत्तर और द्वीपीय क्षेत्रों की दशकों तक उपेक्षा की तथा उनके विकास को नजरअंदाज किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह आरोप भी लगाया कि आजादी के बाद देश के स्वाधीनता आंदोलन के इतने बड़े नायक को भुला देने का प्रयास हुआ नेताजी की याद में दिल्ली के इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने, आजाद हिंद सरकार के गठन के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लाल किले पर तिरंगा फहराने, उनके जीवन से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने सहित अन्य कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, जिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आजादी के बाद भुला देने का प्रयास हुआ, आज देश उन्हें पल-पल याद कर रहा है।

इस कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हिस्सा ले रहे प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनाए जाने वाले नेताजी राष्ट्रीय स्मारक के प्रतिरूप का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों रक्षा सेवाओं के प्रमुख, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल देवेंद्र कुमार जोशी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश की पहले की सरकारों में, खासकर विकृत, वैचारिक राजनीति के कारण दशकों से जो आत्मविश्वास की कमी और हीनभावना रही, उसके कारण देश के सामर्थ्य को हमेशा कम आंका गया।

अंडमान-निकोबार में नेताजी का स्मारक लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाएगा : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मारक और 21 नए नामित द्वीप युवा पीढ़ियों के लिए निरंतर प्रेरणा के स्रोत होंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन आज दिल्ली-बंगाल से लेकर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह तक पूरा देश नेताजी से जुड़ी विरासत को सहेज कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर बनने वाले नेताजी को समर्पित राष्ट्रीय स्मारक के मॉडल का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने पराक्रम दिवस की बधाई दी और कहा कि यह प्रेरणादायक दिवस देश भर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।

जनरल मनोज पांडे पहुंचे भारत-चीन सीमा पर, सैनिकों से मिले

ईटा नगर (अरुणाचल प्रदेश)

- सैनिकों की पैनी चौकसी बनाए रखने के लिए सराहना की। उन्होंने सभी का समान उत्साह और समर्पण के साथ निगहबान रहने का आह्वान किया
- राजनाथ ने सीमा सुरक्षा संगठन के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया था

थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने आज (सोमवार) अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चीन को एलएसी पर मुंहतोड़ जवाब देने वाले भारतीय सैनिकों से मुलाकात भी की। जनरल पांडे ने अरुणाचल प्रदेश के पूर्व में एलएसी के साथ लगे इलाके का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सैनिकों की पैनी चौकसी बनाए रखने के लिए सराहना की। उन्होंने सभी का समान उत्साह और समर्पण के साथ निगहबान रहने का आह्वान किया। सीमा पर कमांडिंग ऑफिसर्स ने सेना प्रमुख को युद्ध तैयारियों की जानकारी दी। सेना प्रमुख ने चीन के सैनिकों के साथ तवांग में भारतीय सेना से हुई झड़प के छह सप्ताह बाद प्रदेश का दौरा किया है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 3 जनवरी को तवांग का दौरा किया था। राजनाथ ने सीमा सुरक्षा संगठन के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लद्दाख के भारत-चीन सीमा पर तैनात अपने सैनिकों से वीडियो संवाद कर युद्ध तैयारियों का जायजा लिया था। सेना प्रमुख जनरल पांडे की इस यात्रा को उसी का जवाबी हिस्सा माना जा रहा है।

परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर 21 द्वीपों का नामकरण सशस्त्र बलों के लिए महत्वपूर्ण : अमित शाह

» नई दिली एसपीएन न्यूज नेटवर्क

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह पहल परमवीर चक्र विजेताओं की स्मृति को कायम रखने के साथ ही सशस्त्र बलों के लिए भी महत्वपूर्ण है। अमित शाह आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के मौके पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। शाह ने कहा, ₹आज का दिन भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों शाखाओं के लिए एक महत्वपूर्ण है। परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण करने की प्रधानमंत्री मोदी की महान अभूतपूर्व पहल हमारे सशस्त्र बलों के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर द्वीपों का नाम रखने की प्रधानमंत्री की पहल यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें हमेशा याद रखा जाए। प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व में लिए गए सभी निर्णय निश्चित रूप से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के साथ अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के जुड़ाव को स्वीकार करते हैं और इसकी सराहना करते हैं। शाह ने कहा कि पूरे विश्व में किसी भी देश ने अपने लिए लड़ने वाले जवानों के नाम पर अपने द्वीपों का नाम रख कर उनको सम्मानित करने का कदम नहीं उठाया।

देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी जम्मू कश्मीर में : राहुल गांधी

- वह देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। देश को रोजगार सिर्फ छोटे व्यापारी और लघु और मध्यम व्यवसाय ही दे सकते हैं, न कि देश के दो-तीन बड़े उद्योगपति।

» जम्मू एसपीएन न्यूज नेटवर्क

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू के सांबरी में एक जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी जम्मू कश्मीर में है। युवा पढ़ाई करने के बाद भी बेरोजगार हैं। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह देश के युवाओं के साथ खिलवाड़ है। देश को रोजगार सिर्फ छोटे व्यापारी और लघु और मध्यम व्यवसाय ही दे सकते हैं, न कि देश के दो- तीन बड़े उद्योगपति। भारत सरकार की इन्हीं नीतियों के चलते ही भारत में बेरोजगारी फैल रही है। भारत का पूरे का पूरा धन कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। पूरा कारोबार देश के कुछ उद्योगपति चला रहे हैं। नोटबंदी से कोई फायदा तो नहीं हुआ बल्कि इससे छोटे कारोबारियों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। वह भीख नहीं अपना हक मांग रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का भी आरोप लगाया। विजयपुर से शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी रास्ते में जमींदारा ढाबे पर कश्मीरी पंडितों के शिष्टमंडल से मिले। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की समस्याओं और अन्य चीजों के बारे में जानकारी ली। राहुल गांधी से मिलने के लिए कश्मीर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। राहुल गांधी रात को जम्मू शहर के सिदड़ा इलाके में बने स्पोर्ट स्टेडियम में रुकेंगे। पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद हैं। बताया गया कि यात्रा के तय कार्यक्रम अनुसार 24 जनवरी की सुबह 8 बजे यात्रा नगरोटा चेकपोस्ट से शुरू होगी और पुराने रूट से होती हुई आर्मी गेट रेंबल उधमपुर तक जाएगी।

प्रोजेक्ट | नौसेना की समुद्र में पानी के भीतर से युद्ध करने की क्षमता और बढ़ी, इस प्रोजेक्ट की 4 पनडुब्बियां पहले ही शामिल हो चुकी हैं नौसेना में...

पुनर्जन्म लेने के बाद नौसेना के समुद्री बेड़े का हिस्सा बनी पनडुब्बी वागीर

» नई दिली एसपीएन न्यूज नेटवर्क

भारतीय नौसेना की समुद्र में पानी के भीतर से युद्ध करने की क्षमता और बढ़ गई है। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में सोमवार को कलवरी श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी वागीर भारत की समुद्री सेना के युद्धक बेड़े में शामिल की गई। इस मौके पर नौसेनाध्यक्ष ने कहा कि पनडुब्बी की क्षमताओं और मारक क्षमता से न केवल नौसेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि हमारी प्रतिरोधक क्षमता में भी मजबूती आएगी।

गहरे समुद्र का एक और प्रहरी मिला

एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि पनडुब्बी वागीर की कमीशनिंग से भारतीय नौसेना की परिचालन शक्ति और मजबूत होगी, साथ ही किसी भी दुश्मन से निपटने के लिए ताकत मिलेगी। आज का दिन नौसेना के लिए 'लड़ाकू-तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के बल' के रूप में भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि आज गहरे समुद्र का एक और प्रहरी नौसेना को मिल गया है। उन्होंने कहा कि नौसैनिक परंपरा है कि 'पुराने जहाज और पनडुब्बियां कभी मरती नहीं हैं।' उस भावना को ध्यान में रखते हुए यह पनडुब्बी पूर्ववर्ती वागीर का अवतार है, जिसने तीन दशकों तक प्रतिबद्ध प्रहरी के रूप में भारत और भारतीय नौसेना की सेवा की थी।

यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं

नौसेनाध्यक्ष ने कहा कि वागीर का नाम 'सैंड शार्क' से लिया गया है, जो हिंद महासागर की एक घातक गहरे समुद्र की शिकारी है। अपने नए अवतार में भी अत्याधुनिक वागीर की क्षमताओं और मारक क्षमता से न केवल नौसेना की युद्ध क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि हमारी प्रतिरोधक क्षमता में भी मजबूती आएगी। वागीर 24 महीने की छोटी सी अवधि में नौसेना में शामिल होने वाली तीसरी पनडुब्बी है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है और यह भारत के जहाज निर्माण उद्योग के लिए हमारे शिपयार्डों की विशेषज्ञता और अनुभव का एक चमकदार प्रमाण भी है। इससे 2047 तक भारतीय नौसेना को पूरी तरह से 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए हमारे राजनीतिक नेतृत्व की प्रतिबद्धता भी झलकती है।

सबसे कम समय में तैयार हुई वागीर

पनडुब्बी वागीर का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ है, क्योंकि इस नाम की पनडुब्बी का गौरवशाली अतीत रहा है। तत्कालीन वागीर को 01 नवंबर, 1973 को नौसेना में कमीशन किया गया था और लगभग तीन दशकों तक देश की सेवा करने के बाद 07 जनवरी, 2001 को वागीर पनडुब्बी सेवा से मुक्त कर दी गई थी। फ्रांस के सहयोग से मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित कलवरी श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी 12 नवंबर, 20 को लॉन्च की गई और पानी को जिन्दा रखने के लिए इसका नाम 'वागीर' रखा गया। अपने नए अवतार में आई 'वागीर' का निर्माण अब तक की सभी स्वदेशी पनडुब्बियों की तुलना में सबसे कम समय में किया गया है।

कड़े समुद्री परीक्षणों की श्रृंखला से गुजरी

नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक पनडुब्बी वागीर इसी साल 22 फरवरी को परीक्षण के लिए समुद्र में उतारी थी और निर्धारित समय से पहले हथियार और सेंसर सहित सभी प्रमुख परीक्षण पूरे किये हैं। कमीशनिंग से पहले पनडुब्बी व्यापक स्वीकृति जांच और कड़े समुद्री परीक्षणों की श्रृंखला से गुजरी है। प्रोजेक्ट-75 के तहत बनाई गई कलवरी श्रेणी की पांचवीं स्वदेशी पनडुब्बी 20 दिसंबर, 22 को नौसेना के हवाले की गई थी। प्रोजेक्ट-75 की पनडुब्बियां 50 दिन तक समुद्र में रहकर एक बार में 12 हजार किलोमीटर तक की यात्रा कर सकती हैं। इसमें 8 अफसर और 35 नौसैनिक काम करते हैं और ये समुद्र की गहराई में 350 मीटर तक गोता लगा सकती हैं।

नौसेना की क्षमता को बढ़ावा देगी

उन्होंने बताया कि यह पनडुब्बी समुद्र के अंदर 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। इनमें समुद्र के अंदर किसी पनडुब्बी या समुद्र की सतह पर किसी जहाज को तबाह करने के लिए टॉरपीडो होते हैं। इसके अलावा समुद्र में बारूदी सुरंगें भी बिछा सकती हैं। यह पनडुब्बी भारत के समुद्री हितों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना की क्षमता को बढ़ावा देगी और सतह-रोधी युद्ध, पनडुब्बी-रोधी युद्ध, खुफिया जानकारी एकत्र करना, माइन बिछाने और निगरानी मिशन सहित विभिन्न मिशनों को पूरा करने में सक्षम है। वागीर को बेड़े में शामिल करना बिल्डर के रूप में नौसेना की स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है।

छठी पनडुब्बी एडवांस चरण में

इन श्रेणी की छह पनडुब्बियों का निर्माण फ्रांस के सहयोग से भारत में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में किया जा रहा है। कलवरी श्रेणी की चार पनडुब्बियों को पहले ही भारतीय नौसेना में शामिल किया जा चुका है। पहली पनडुब्बी 'कलवरी' 21 सितम्बर, 2017 को नौसेना में शामिल हुई थी। दूसरी पनडुब्बी आईएनएस 'खंडेरी' 28 सितम्बर, 2019 को नौसेना में शामिल की गई थी। तीसरी पनडुब्बी आईएनएस करंज 10 मार्च, 21 को भारतीय नौसेना में औपचारिक रूप से कमीशन की गई। प्रोजेक्ट-75 की चौथी पनडुब्बी 'वेला' पिछले साल 09 नवम्बर को मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंपी गई थी, जिसे बेड़े में भी शामिल किया जा चुका है।

ब्रीफ न्यूज

तत्काल समाप्त हो बाबा राम रहीम की पैरोल : कालका

नई दिल्ली। सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हरियाणा सरकार से अपील की है कि डेरा सिरसा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की पैरोल तत्काल समाप्त की जाए। हरियाणा सरकार को लिखे पत्र में कमेटी के अध्यक्ष सरदार कालका ने कहा कि गुरमीत राम रहीम को दुष्कर्म के मामले में 20 साल का कारावास है। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसा व्यक्ति नियम कानूनों की आड़ ले कैसे बार-बार पैरोल लेकर जेल से बाहर आ जाता है। राम रहीम को लगातार पैरोल दिए जाना सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचता है। क्योंकि वह पंजाब में बेअदबी के मामलों का भी दोषी है। इसके साथ ही कई अन्य तरह के गंभीर आरोप भी उसके ऊपर लगे हैं। वह निरादर की घटनाओं के मामले में ना केवल दोषी है। उसकी इस हरकत से सिखों में व्यापक आक्रोश फैला है। इससे पंजाब समेत देश के कई हिस्सों में सिखों और डेरा प्रेमियों के बीच झड़पें भी हुईं।

औद्योगिक इलाकों के हॉट स्पॉट में घटा प्रदूषण

नई दिल्ली। राजधानी के रिहायशी इलाकों में बने हॉट स्पॉट में प्रदूषण के स्तर में पहले की तुलना में 36 फीसदी तक की कमी आई है। इसकी तुलना में औद्योगिक क्षेत्रों में बने प्रदूषण हॉट स्पॉट में सबसे कम सिर्फ छह फीसदी तक की कमी आई है। हालांकि, राहत की बात यह कही जा सकती है कि 2018 से 2020 के अक्तूबर-नवंबर महीने के प्रदूषण के स्तर की तुलना में 2022 के अक्तूबर-नवंबर महीने में औसतन 18 फीसदी तक की कमी आई है। यूं तो राजधानी की सभी जगहों पर ही प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहता है, लेकिन फिर भी कुछ जगहें ऐसी हैं जहां प्रदूषण का स्तर शहर की अन्य जगहों की तुलना में ज्यादा रहता है। इन तरह जगहों की पहचान प्रदूषण के हॉट स्पॉट के तौर पर की गई है। 2018 में इनकी पहचान के साथ ही यहां पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाते रहे हैं और हर साल जाड़े में प्रदूषण की रोकथाम की कोशिश की जाती है। विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र (सीएसई) के अध्ययन के मुताबिक इन तमाम पहल का असर कुछ हद तक पड़ते हुए दिख रहा है। 2022 के अक्तूबर-नवंबर में प्रदूषण के हॉट स्पॉट में औसतन 18 फीसदी तक की कमी आई है। हालांकि, कुछ इलाके तो ऐसे हैं जहां प्रदूषण के स्तर में अच्छी खासी कमी देखने को मिल रही है। जबकि, कुछ हॉट स्पॉट में मामूली कमी देखने को मिली है। मंदिर मार्ग में सबसे ज्यादा सुधार। पिछले चार-पांच वर्षों में किए गए लगातार प्रयासों का सबसे ज्यादा असर मंदिर मार्ग पर देखने को मिला है। लुटियन दिल्ली में स्थित इस इलाके के प्रदूषण में 2018-20 के अक्तूबर-नवंबर की तुलना में 2022 के अक्तूबर-नवंबर में 36 फीसदी तक का सुधार हुआ है। जबकि, दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र मायापुरी में सबसे कम सिर्फ छह फीसदी का सुधार देखने को मिला है। बाहरी दिल्ली और औद्योगिक क्षेत्र में मुसीबत बरकरार। प्रदूषण की परेशानी खासतौर पर बाहरी दिल्ली और औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित प्रदूषण हॉट स्पॉट में बनी हुई है। रिहायशी इलाकों में स्थित हॉट स्पॉट में सबसे ज्यादा सुधार देखने को मिला है। इनकी तुलना में बाहरी दिल्ली और औद्योगिक क्षेत्रों के हॉट स्पॉट में मामूली सुधार हुआ है।

छह विदुषी महिला शिक्षाविदों को माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा को किया सम्मानित

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने आज शिक्षा और महिला कल्याण के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने वाली छह विदुषी महिला शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रो. कृष्णा शर्मा, प्रिंसिपल पीजीडीएवी कॉलेज, प्रो. अनुला मौर्या, प्रिंसिपल कालिंदी कालेज, प्रो. सुषमा यादव, सम कुलपति सैंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा, प्रो. अनु नेहरा लॉ फैकल्टी, प्रो. गीता सहारे, राजनीति विज्ञान विभाग, लक्ष्मीबाई कॉलेज, प्रो. रजत रानी मीनू, हिंदी विभाग, कमला नेहरू कालेज को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान, नई दिल्ली ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में किया गया।

संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन के अनुसार सम्मान स्वरूप सभी को 11 हजार रुपए, शॉल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र आदि भेंट किये गए। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रोफेसर बलराम पाणि ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीयू के रजिस्ट्रार डॉ.विकास गुप्ता, भौतिकी विभाग के सीनियर प्रोफेसर पी .डी. सहारे, प्रोफेसर अवनिजेश अवस्थी, प्रोफेसर श्योराज सिंह बेचैन, प्रोफेसर अनिल राय आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. धनीराम, डॉ.प्रीतम शर्मा, डॉ. मनोज कुमार केन, डॉ.स्नेह सागर, डॉ. शुभम आदि भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने किया। मुख्य अतिथि प्रो.योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का सम्पूर्ण जीवन शिक्षा और समाज को समर्पित था उन्होंने विषम परिस्थितियों में समाज में व्याप्त कुरीतियों के विपरीत जाकर स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार दिलाया, संसाधनों के अभाव में भी वह स्त्री सशक्तिकरण के लिए दृढ़ता से लड़ती रही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकों और छात्रों का समाज के लिए विशेष योगदान होना चाहिए जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीब, पिछड़े और वंचित लोगों के लिए तत्पर कार्य करने होंगे, इसी भाव में समाज का विकास निहित है। प्रोफेसर सिंह ने वर्तमान सरकार की विकास नीति के तहत पिछड़े वर्गों के लिए (लगभग 80 करोड़) भोजन की व्यवस्था की। आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने का सरकार द्वारा यह योगदान सराहनीय है मगर विश्वविद्यालय से जुड़े सभी लोगों को सामाजिक साक्षरता बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के 100 वर्ष पूरे होने व आजादी का अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

संस्थान के चेयरमैन डॉ.हंसराज सुमन ने अपने संबोधन में माता सावित्रीबाई फुले के सामाजिक महत्व को बताते हुए मुख्य रूप से स्त्री शिक्षा, स्त्री सशक्तिकरण, रोजगार में स्त्री की भूमिका और समाज में स्त्रियों की स्थिति पर अपने विचार रखे। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में शैक्षिक पाठ्यक्रम में माता सावित्रीबाई फुले को पढ़ाना चाहिए जिससे छात्र उनसे प्रेरित हो, इसके साथ ही समाज में स्त्रियों के प्रति नवीन दृष्टिकोण पैदा हो। उन्होंने उनके नाम पर कॉलेज व विश्वविद्यालय में पीठ खोलने का भी प्रस्ताव रखे। कार्यक्रम में सम्मानित हुई प्रोफेसर कृष्णा शर्मा ने भी अपने विचार रखे और कहा कि सावित्रीबाई फुले को पाठ्यक्रम में शामिल कर आज की युवा पीढ़ी को उनके विषय में बताया जाना चाहिए, साथ ही उन पर डीयू व अन्य विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हो और उनके साहित्य का अनुवाद कर भारतीय भाषाओं में लोग पढ़ सके। प्रोफेसर गीता सहारे ने भी बालिकाओं की शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि हमें सावित्रीबाई फुले की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर गाँव- गाँव में विद्यालय खोलने के लिए सरकार व संस्थाओं को प्रेरित करना चाहिए। मंच संचालन संस्थ आन के उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने और धन्यवाद डॉ. के.पी.सिंह ने किया।

दिल्ली नगर निगम ने जन्मदिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन के अवसर पर आज दिल्ली नगर निगम में सदर पहाड़गंज जोन की उपायुक्त, अंकिता मिश्रा ने सोमवार को जामा मस्जिद के पास स्थित सुभाष पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, उपायुक्त ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश के सबसे अग्रणी और सबसे प्रिय स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। नेताजी का स्वतंत्रता आंदोलन में अद्वितीय योगदान रहा है जो हर देशवासियों को प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए नेताजी की अदम्य भावना और निस्वार्थ बलिदान ने सभी को श्रद्धा में झुका दिया है। उपायुक्त ने कहा कि 23 जनवरी को हर साल पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि देश के लोगों, विशेष रूप से युवाओं को नेताजी की तरह विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया जा सके और उनमें देशभक्ति की भावना का संचार किया जा सके। नेता जी का जन्म 1897 में कटक ओडिशा में हुआ था।

सीयूईटी से जरिये पीजी में होंगे दाखिले

- डीयू में आयोजित दाखिला समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 के स्नातक और परास्नातक दाखिला को लेकर डीयू की दाखिला समिति ने सोमवार को बैठक की। इस बार परास्नातक के दाखिले सीयूईटी के माध्यम से लेने का निर्णय लिया गया, जबकि स्नातक के लिए दाखिला प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया। डीयू कीसनातन जाग्रति परिवार ने किया भव्य संगीतमय संकीर्तन

खोड़ा ,गाजियाबाद , प्रातः किरण संवाददाता। खोड़ा कॉलोनी गंगा विहार में सनातन जाग्रति परिवार के तत्वाधान में भव्य संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्ति संगीत की ऐसी सरिता बही की उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

यह आयोजन श्री कृष्ण कुमार गर्ग जी के निज निवास पर किया गया। भक्ति रस से ओतप्रोत हरि ओम के मुखारविंद से हरि नाम संकीर्तन एवं सत्संग सुनने का अवसर लोगों को प्राप्त हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर भक्ति भजन का रसपान किया। इस मौके पर सनातन जाग्रति परिवार के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी नगर अध्यक्ष हनुमान तिवारी, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग, संगठन मंत्री मनीष मिश्रा का बहुत बड़ा योगदान रहा। हरि ओम ने व्यासपीठ से धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार का समर्थन किया है। साथ ही सनातन जाग्रति परिवार के हर कार्यकर्ता सदस्य पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम जी, देवेंद्र शास्त्री जी समेत अनेक गणमान्य मौजूद थे।

डीन एडमिशन प्रो.हनीत गांधी ने बताया कि स्नातक की दाखिला प्रक्रिया में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है, जबकि सत्र 2023-24 के लिए परास्नातक दाखिला के नियमों में बदलाव किया गया है। परास्नातक की दाखिला प्रक्रिया सीयूईटी के माध्यम से होगी। अब इसके लिए दो श्रेणियां होंगी। दोनों श्रेणियों के तहत दाखिला लेने वाले छात्रों को सीयूईटी की परीक्षा देना अनिवार्य है। प्रो. हनीत गांधी ने बताया कि पूर्व में भी डीयू में परास्नातक दाखिला के दो प्रारूप निश्चित किए गए थे, इसमें 50 फीसद

मिशन सर्वार्थ सेवा फाउंडेशन के शिविर में 1810 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

नई दिल्ली। मिशन सर्वार्थ सेवा फाउंडेशन द्वारा दुर्गा पुरी चोक के पास विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1810 रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में सांसद मनोज तिवारी, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल के अलावा कई पुलिस अधिकारी शिविर में पहुंचे और उन्होंने रक्त दाताओं का उत्साह बढ़ाया इस मौके पर बसंत गोयल,संदीप गर्ग नीरज मित्तल, धीरज यादव, पंकज शर्मा,अजय गुप्ता अरुणी शर्मा,मनीष अग्रवाल गौरव गर्ग,अतुल मुदगल, अमित गर्ग उपस्थित रहे शिविर में एक साथ इतनी मात्रा में रक्त एकत्रित होने पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ऑल इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।

अवमानना मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ याचिका पर सुनवाई टली

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

कोर्ट की अवमानना के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टाल दिया है। सोमवार को पक्षकारों ने सुनवाई टालने की मांग के बाद जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने सुनवाई टाल दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने 5 जनवरी को इस मामले की सुनवाई करने से खुद को अलग कर लिया था। चीफ जस्टिस ने कहा था कि मैं इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर रहा हूं क्योंकि ये मामला हमारे एक फैसले से जुड़ा हुआ है। अब इस याचिका को उस बेंच के समक्ष लिस्ट किया जाएगा, जिस बेंच के सदस्य चीफ जस्टिस नहीं होंगे। कामरा ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब में कहा है कि याचिकाकर्ता को कॉमेडी की समझ नहीं है। सिर्फ कुछ चुटकुलों से लोगों की नजर में न्यायपालिका का सम्मान कम नहीं हो जाएगा। कार्टूनिस्ट रचित तनेजा ने अपनी तरफ से कोई जवाब नहीं दिया है। तनेजा के वकील मुकुल रोहतगी ने उनके कार्टून को एक साधारण मामला बताया। उन्होंने कहा कि आजकल हर बात को तूल देने की होड़ मची हुई है। तब कोर्ट ने रोहतगी से कहा कि अगर वे जवाब नहीं देना चाहते हैं तो उसके बिना भी कोर्ट की कार्रवाई आगे बढ़ सकती है। तब रोहतगी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। उन्होंने रचित तनेजा के मामले को कुणाल कामरा के मामले से अलग करने की मांग की।

दिल्ली चिड़ियाघर में टूट जाएगी महेश्वरी और अंजूहा की जोड़ी

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली के चिड़ियाघर में रहने वाली महेश्वरी, अंजूहा (गैंडा) जिन्हें लंबे समय से अपने साथी का इंतजार है, अब इनका इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। दरअसल, वर्षों से साथी का इंतजार कर रही मां-बेटी की जोड़ी को जल्द ही नया साथी मिल सकता है। चिड़ियाघर प्रशासन ने एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत दूसरे राज्य से नर गैंडा लाने की तैयारी तैयारी शुरू कर दी है। उम्मीद की जा रही है एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत दूसरे राज्य के चिड़ियाघर से अंजूहा और महेश्वरी (मादा गैंडा) के लिए र

ने में सफलता मिलती है तो जू में जहां एक तरफ खुशियां होंगी, तो दूसरी तरफ गम भी होगा।

टूट जाएगी मां बेटी की जोड़ीः दिल्ली जू में फिलहाल दो मादा गैंडा है, जिनका नाम महेश्वरी और अंजूहा है। यह दोनों मां बेटी है। नर गैंडा की कमी के चलते लंबे समय से इनकी संख्या दो ही है। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए नर गैंडा की सख्त जरूरत है। इसे लेकर साल दर साल जू प्रशासन ने कई बार सेंट्रल जू अथॉरिटी को पत्र लिखा। कई बार एक्सचेंज प्रोग्राम फाइनल भी हुए। लेकिन कभी मौसम ने दगा दिया तो कभी दूसरे राज्यों के चिड़ियाघरों ने गैंडा देने से मना कर दिया। हालांकि अब एक बार फिर आस बंधी है। जानकारी के अनुसार, बिहार की राजधानी पटना से नर गैंडा एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत लाया जाएगा। अगर यह होता है तो दिल्ली जू में लंबे समय से रह रही मां बेटी की जोड़ी टूट जाएगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत एक मेहमान का आगमन होगा तो दूसरे मेहमान को अपना घर छोड़ना होगा।

5 साल पहले अयोध्या को लाने की चली थी बातः करीब 5 साल पहले दिल्ली जू की पहली महिला निदेशक और आईएफएस अधिकारी रेनू सिंह के कार्यकाल में अंजूहा और महेश्वरी को साथी दिलाने के क्रम में रेनू सिंह ने पटना जू से संपर्क किया था। तब पटना जू ने दिल्ली जू को अयोध्या (गैंडा) लौटाने की बात कही थी। इसे लेकर चिड़ियाघर प्रशासन भी खुश था। क्योंकि अयोध्या का जन्म दिल्ली जू ही में हुआ था। 90 के दशक में जन्मे इस गैंडा का नाम अयोध्या रखा गया था। इसे देखने के लिए दूर दूर से लोग जू पहुंचते थे।

सनातन जाग्रति परिवार ने किया भव्य संगीतमय संकीर्तन

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

खोड़ा कॉलोनी गंगा विहार में सनातन जाग्रति परिवार के तत्वाधान में भव्य संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्ति संगीत की ऐसी सरिता बही की उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

यह आयोजन श्री कृष्ण कुमार गर्ग जी के निज निवास पर किया गया। भक्ति रस से ओतप्रोत हरि ओम के मुखारविंद से हरि नाम संकीर्तन एवं सत्संग सुनने का अवसर लोगों को प्राप्त हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर भक्ति भजन का रसपान किया। इस मौके पर सनातन जाग्रति परिवार के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी नगर अध्यक्ष हनुमान तिवारी, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग, संगठन मंत्री मनीष मिश्रा का बहुत बड़ा योगदान रहा। हरि ओम ने व्यासपीठ से धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार का समर्थन किया है। साथ ही सनातन जाग्रति परिवार के हर कार्यकर्ता सदस्य पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम जी, देवेंद्र शास्त्री जी समेत अनेक गणमान्य मौजूद थे।

सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई जयंती

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल शाहदरा में सुभाष चंद्र जयंती मनाई गई स्कूल के छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुभाष चंद्र जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य नीता दुआ ने बच्चों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में जानकारी दी और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को दी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के साथ प्रेरणा दी गई। बताया गया कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी मिलने से पहले ही 21 अक्टूबर 1943 को हिन्दुस्तान सरकार बना दी थी। अपने वीरता पूर्वक कर्मों से अंग्रेज सरकार की नींव हिला दी थी। उन्होंने ब्रिटिश सेना में मौजूद भारतीयों को सेना छोड़ने को विवश कर दिया था। जब तक नेता जी रहे तब तक अंग्रेजों को चैन से नहीं रहने दिया। उनकी आजाद हिन्द फौज को 9 देशों ने मान्यता दे दी थी। 30 दिसम्बर, 1943 को अंडमान निकोबार में सुभाष चन्द्र बोस ने तिरंगा फहराया था। सुभाष चन्द्र बोस जैसे नेता ही स्वतंत्रता संग्राम के वास्तविक नायक थे।

वायु प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ फुटपाथ और सड़क को साफ करने का भी कार्य करेंगे

जेटिंग सिस्टम, एंटी-स्मॉग गन और 5000 लीटर पानी के टैंकर से युक्त वाहनों को किया रवाना

- इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार, आयुक्त ज्ञानेश भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम के सिविल लाइंस जोनल कार्यालय में स्प्रिंकलर, जेटिंग सिस्टम, एंटी-स्मॉग गन और 5000 लीटर पानी के टैंकर से युक्त 13 बहुउद्देशीय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार, आयुक्त ज्ञानेश भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि हम सब जानते हैं कि दिल्ली शहर में वायु प्रदूषण की समस्या काफी गंभीर है और ये वाहन वायु प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ फुटपाथ और सड़क को साफ बताया कि हम दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के प्रयास कर रहे हैं और यह बहुउद्देशीय वाहन इस प्रयास में काफी सहायक साबित होंगे। आने वाले समय में इस तरह के और प्रयास किए जाएंगे।

निगम अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम ने स्प्रिंकलर, जेटिंग सिस्टम, एंटी-स्मॉग गन व 5000 लीटर पानी के टैंकर से हैं। इन वाहनों को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत वित्त पोषित किया गया है। वर्तमान में निगम को 13 वाहनों प्राप्त हुए हैं और शेष वाहनों की 15 फरवरी 2023 तक निगम को मिल जाएंगे। प्रत्येक वाहन की कीमत 35.95 लाख रुपए है।

ये वाहन हवा में निलंबित धूल के बूंदों का छिड़काव करने में सक्षम है। इनमें जेटिंग नोजल की व्यवस्था है, जो पेड़ों को धोना, पानी देने और छोटे टूटे हुए नालों/पुलियों और पाइप नालियों में रुकावटों को दूर करने में सहायक होंगे। इन वाहनों को व्यापक संचालन और रख-रखाव (सीओएमसी) मॉडल पर संचालित किया जाएगा। इन वाहनों की गुणवत्ता जांच के लिए तीसरी पार्टी आईआईटी

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित

नई दिल्ली। आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती को देश में अलग अलग अंदाज में मनाया गया। इसी कड़ी में दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 22 स्थित महाराजा अग्रसेन इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में रेड क्रॉस और रोटरी क्लब के साथ मिलकर रक्त दान शिविर का आयोजन किया। शिविर में महाराजा अग्रसेन कॉलेज के युवा छात्र छात्राओं और अध्यापकगण ने हर वर्ष की तरह बढ़ चढ़कर रक्त दान किया। शिविर में 300 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कैंप की शुरूआत बीजेपी नेता नंदकिशोर गर्ग और मोहन गर्ग ने नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर के की। उन्होंने देश के लिए नेता जी के योगदान को अतुलनीय बताया। महाराजा अग्रसेन कॉलेज पिछले करीब बीस वर्ष से सेना और अन्य अस्पतालों के लिए रक्त दान शिविर आयोजित करता रहा है। कार्यक्रम के संयोजक मोहन गर्ग और अतुल सिंघल ने बताया कि बीते माह भी संस्थान के छात्रों ने आरएमएल अस्पताल में खून की कमी को देखते हुए बड़ी मात्रा रक्त दिया था। इस अवसर पर मौजूद गिविंग इज लिविंग के अध्यक्ष जी एस कपूर ने रक्तदान को महादान बताते हुए छात्रों को आवश्यकता होने पर रक्तदान के

किराड़ी में दिखा देशभक्ति का एक अनोखा संगम, वीरोत्सव में वीर सपूतों को किया गया सम्मानित

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली के किराड़ी इलाके में देशभक्ति का एक अनोखा संगम देखने को मिला है। यहां पर देश के वीर सपूतों को सलाम करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। वीरोत्सव के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में सेना के जवानों के अलावा राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक जगत के कई प्रतिष्ठित चेहरे पर उपस्थित हुए। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने देश की एकता और अखंडता को कायम रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी में देश प्रेम के प्रति जज्बा भरने का भी काम किया गया।

आजादी के 75 साल पूर्ण होने पर देश आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में इसे जश्न के रूप में मना रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस संबंध में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी फेहरिस्त में अपने-अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की सीमाओं पर समस्त भारतवासी की रक्षा करने वाले जवानों की शौर्यगाथा को ध्यान में रखकर दिल्ली के किराड़ी इलाके में वीरोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के कई वीर सपूतों को सम्मानित करते हुए आज की भरने का काम किया गया। इस मौके कर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक जगत से कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित हुए। साथ ही फिल्म जगत में लेखक और निर्देशक इकबाल दुरानी और बीएसएफ से रिटायर्ड डीआईजी प्रेम चौहान भी उपस्थित हुए। सभी ने एक सुर में देश की एकता और अखंडता को कायम रखने पर जोर दिया। देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों ने अपने संबोधन से देश के वीर जवानों को सलाम किया। इस मौके पर तमाम वक्ताओं ने इस कार्यक्रम की जमकर सराहना की और कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति से अवगत कराने के लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी है। साथ ही रिटायर्ड डीआईजी ने भी देश की सैन्य शक्ति पर जोर देते हुए एक जवान निकलना शुरू हो जाएगा, निश्चित तौर पर हमारे देश की सैन्य शक्ति और मजबूत होगी, और कोई भी देश भारत की आंख उठा कर भी नहीं देख सकेगा। गौरतलब है कि देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर इसे अमृत काल के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर आज की युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को कायम रखने के मकसद से इस तरह के कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से वीरों की शहादत को जन जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। लिहाजा जरूरी है कि हर जन तक देश सेवा की भावना को जागृत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहे हैं, ताकि आज की युवा पीढ़ी हमारी संस्कृति और सैन्य शक्ति से भी

ब्रीफ न्यूज

दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने सीबीएसई द्वारा भाषा के विषय को सातवें स्थान पर करने के मामले में अमित शाह से हस्तक्षेप मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को अपील करते हुए कहा है कि सीबीएसई द्वारा भाषा के विषय को 7वें स्थान पर करने के निर्णय से स्कूलों और कॉलेजों में पंजाबी भाषा सहित अन्य भाषा विषयों के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है। इसलिए वह हस्तक्षेप करते हुए इस नीतिगत फैसले के मामले को हल करवाएं। दिल्ली कमेटी अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखकर मामले को उनके संज्ञान में लाया है कि सी.बी.एस.ई ने वर्ष 2023-24 के लिए एक स्किल सर्कुलर जारी किया है। जिसके तहत कौशल पाठ्यक्रम को छठे विषय के रूप में मान्यता दी गई है जबकि भाषा विषय को 7वें वैकल्पिक विषय के रूप में मान्यता दी गई है। सरदार कालका ने कहा कि इस फैसले से छात्र अपनी मातृभाषा को सीखने से वंचित रह जाएंगे क्योंकि सीबीएसई ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों को भी इसके समान आंका है, जिससे यह स्थिति बनेगी कि छात्र भाषा विषय को चुनने का अतिरिक्त बोझ नहीं लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के तहत क्षेत्रीय भाषाओं को ऐसी स्थिति में धकेल दिया गया है, जहां उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक विषय को 7वें स्थान पर करने से पंजाबी, उर्दू, बंगाली, तमिल, संस्कृत, मराठी, गुजराती और ऐसी अन्य भाषाओं का महत्व और आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे इन भाषाओं के हजारों छात्रों का भविष्य भी खतरे में पड़ जाएगा क्योंकि छात्र भाषा विषय को सातवें वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ने से गुरेज करेंगे। स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाओं को पढ़ाने की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पंजाबी सिख विद्वान पंजाबी भाषा के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्हें आशा थी कि स्थिति सुधरेगी लेकिन यह और भी खराब हो गई है। उन्होंने श्री अमित शाह से अपील करते हुए कहा कि वह इस मसले को हल करने के लिए तुरंत कदम उठाएं क्योंकि इससे पंजाबी पर सबसे अधिक असर पड़ेगा जबकि राजधानी दिल्ली में पंजाबी दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। स। कालका ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान को भी इस मामले से परिचित करवाया और उन्हें अपील करते हुए कहा है कि इस नीति की तत्काल समीक्षा की जाए ताकि स्कूलों में भाषा विषय के अस्तित्व को बचाया जा सके।

73वां गणतंत्र दिवस: गणतंत्र दिवस जैसा हमने देखा, साल बदले हैं, उल्लास नहीं

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

देश अपना 73वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस दौरान ईटीवी भारत ने दिल्ली के उन वरिष्ठ नागरिकों से बात की, जिन्होंने गणतंत्र के पहले दशक से लेकर आठवें दशक तक का सफर तय किया है। उन्होंने बैल गाड़ियों में बैठकर परेड में हिस्सा लेने पहुंचे नागरिकों को देखा और अब राजपथ पर परमाणु सुसज्जित मिसाइलों को भी देख रहे हैं। देश की उन्नति के साथ ही नागरिक अधिकारों को लेकर संविधान और कानूनी प्रक्रियाओं में बदलाव के भी साक्षी रहे हैं।

ग्रीन पार्क एक्सटेंशन में रहने वाले 79 वर्ष के जेआर गुप्ता बताते हैं कि पहला गणतंत्र तो उनके बालपन में बीता, लेकिन उसके बाद उन्होंने दिल्ली के 60 से ज्यादा गणतंत्र दिवस देखे हैं। राजपथ जो वर्तमान में कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाता है, वहां पर हो रहे बदलावों के वह खुद साक्षी हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्र ने निश्चित ही उन्नति की है, लेकिन सामाजिक रूप से यह कमजोर हुआ है। हालांकि, बुजुर्गों की चिंता को लेकर संविधान प्रदत्त शक्तियों को वह एक उपहार मानते हैं।

उन्होंने बताया पिछले 73 वर्षों में राष्ट्र के गणतंत्र घोषित होने का उल्लास आज भी कम नहीं हुआ है। परेड के दौरान मौजूद दर्शकों का उल्लास और युवाओं का जोश यह बताने के लिए काफी है कि गणतंत्र दिवस को मैंने जैसा पहली बार देखा था, आज भी वैसा ही है। गणतंत्र के उल्लास में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले समय में एक गणतांत्रिक राष्ट्र के रूप में हमारी जिम्मेदारियां और भी बढ़ेंगी। यह सफर अनवरत रूप से आगे बढ़ता रहेगा।

लाजपत नगर में रहने वाले सुरदीप वैसोया ने बताया कि वह पिछले 82 सालों से दिल्ली में ही रह रहे हैं। पहले वह पास के ही कालका गढ़ी गांव में रहते थे। शहर के बदलाव के साथ-साथ देश की उन्नति और जश्न मनाने के अंदाज में बदलाव अपनी आंखों से देखा है। उन्होंने बताया कि जहां पहले गणतंत्र दिवस एक उत्सव के तौर पर होता था। वहीं, अब ज्यादातर लोगों के लिए वह एक सरकारी छुट्टी रह गया है। हालांकि अभी भी पुरानी पीढ़ी के लोग गणतंत्र दिवस परेड को लेकर उत्साहित होते हैं।

उन्होंने बताया कि संविधान सभी को एक समान अवसर और एक समान सम्मान देता है। लेकिन हाल के कुछ दिनों में जिस तरह से संवैधानिक मूल्यों का पतन हुआ है, वह चिंताजनक है। राष्ट्र के रूप में वैज्ञानिक उन्नति जरूरी है, लेकिन हमें अपने मौलिक चरित्र को भी बनाए रखना होगा। इसी से लोगों की आस्था एक राष्ट्र के तौर पर बनी रहेगी।

सरिता विहार के रहने वाले हरीश भार्गव पिछले 40 वर्षों से दिल्ली में रह रहे हैं। वह मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। मध्य पूर्व एशिया और अफ्रीका की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में अपनी सेवाएं दे चुके हरीश भार्गव अपने अनुभव साझा करते हुए बताते हैं कि गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली में हमेशा से ही उत्साह दिखाई देता था। हर जगह बढ़ी हुई सुरक्षा और तिरंगे में रंगी इमारतें आंखों को सुकून देती थी। उन्होंने कहा कि पहले आतंकवाद जैसी समस्या का विस्तार अधिक ना होने के चलते आम लोग गणतंत्र दिवस से अधिक जुड़ पाते थे, लेकिन अब आतंकी घटनाएं अधिक बढ़ गई हैं। ऐसे में कड़ी सुरक्षा और शामिल होने के लिए पेचीदा व्यवस्था होने के चलते लोगों की सहभागिता कम हुई है। वह जोड़ते हैं कि 73 साल के सफर को अगर हम देखें तो निश्चित ही देश में उन्नति की और संविधान ने खुद को अपडेट भी किया।

कानूनों में होने वाले बदलाव को सकारात्मक ढंग से देखते हुए वह बताते हैं कि जो कानून अब इस्तेमाल के नहीं हैं, उन्हें ढोने से कोई फायदा नहीं। ऐसे में संविधान प्रदत्त शक्तियों से सरकारें उन कानूनों को खत्म कर रही हैं। वह आत्मविश्वास के साथ जोड़ते हैं कि आगे भी राष्ट्र इसी तरह अपनी सफलताओं को दोहराएगा और विश्व को लोकतांत्रिक व्यवस्था का सफलतम उदाहरण बनकर दिखाएगा।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय ने किया एग्जाम वॉरियर्स मंत्र पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नई दिल्ली। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय ने राष्ट्रपति भवन में पराक्रम दिवस के अवसर पर एग्जाम वॉरियर्स मंत्र थीम को केंद्र में रखकर स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय सहित कुल 17 विद्यालयों के कुल 89 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. चारू शर्मा ने प्रतियोगिता के तीनों निर्णायकों का स्वागत किया और सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र एवं एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक सहभागिता स्वरूप प्रदान किया गया। उनमें से पांच चयनित विद्यार्थियों को भी पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की और कहा, ऐसे कार्यक्रम कला से जुड़े विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक अच्छी योजना है। उन्होंने विद्यालय में इस प्रतियोगिता के आयोजन-व्यवस्था की सराहना भी की। कार्यक्रम के अंत में संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। सहभागी एवं चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस प्रकार उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

किशनगंज से गायब 3 बच्चे सलाम बालक ट्रस्ट ने बचाये, पुलिस ने कहा नही हुआ था अपहरण

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

किशनगंज वार्ड 71 से 19 जनवरी को गायब हुए 3 बच्चों का थाना गुलाबी बाग पुलिस ने पता लगा लिया है। तीनो गायब बच्चे सलाम बालक ट्रस्ट के यहाँ सुरक्षित है। पुलिस के अनुसार श्रीमती सुनीता पत्नी स्वर्गीय ललित यादव निवासी 372/01, किशनगंज थाने आई और आरोप लगाया कि दिनांक 19/01/2023 को दोपहर लगभग 12:30 बजे उसकी पुत्री का अपहरण अज्ञात व्यक्ति ने कर लिया जब वह अपने घर के पास खेल रही थी। उसके बयान पर तुरंत प्राथमिकी संख्या 12/23 यू/एस 363 आईपीसी, दिनांक 20/01/2023 के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। इसी दौरान श्रीमती रानी पत्नी संजय महतो निवासी 538, गली नंबर 08, नई बस्ती किशन गंज भी थाने आई और आरोप लगाया कि 19/01/2023 को शाम करीब 4 बजे उनकी पुत्री संध्या उम्र 07 वर्ष व पुत्र आदित्य उम्र 04 वर्ष का उसके घर के पास से उस समय अपहरण कर लिया गया जब वे घर के पास से खेल रहे थे। उसके बयान पर प्राथमिकी संख्या 13/23 आईपीसी की धारा 363 के तहत एक अलग मामला दर्ज किया गया था और जांच की गई थी। प्रारंभिक जांच के दौरान तीनों बच्चों का विवरण जिप नेट पर अपलोड किया गया और अन्य एजेंसियों को सूचित किया गया लेकिन तीनों बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। मामलों की गंभीरता को देखते हुए दो समर्पित टीम का गठन किया गया, जिसमें से एक टीम को स्थानीय क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के लिए लगाया गया था और दूसरी टीम को आसपास के अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों और एनजीओ की जांच करने का निर्देश दिया गया था. किशन गंज के सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान देखा गया कि तीनों बच्चे दोपहर 12:30 बजे हलवाई चौक किशन गंज के पास खेल रहे थे और किसी ने उनका अपहरण नहीं किया था. तीनों बच्चे खेल-खेल में अपने-अपने घर से भटक गए थे। अस्पतालों और पुलिस थानों की चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां पूछताछ के दौरान पता चला कि तीन बच्चों को सलाम बालक ट्रस्ट की टीम ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से छुड़ाया था और अब तीनों बच्चों को रख लिया गया है. डोली क्रॉस चिल्ड्रन होम में। लापता बच्चों के माता-पिता के साथ पुलिस टीम डोली क्रॉस चिल्ड्रन होम गई और तीनों बच्चों की शिनाख्त की। उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।

जेएलन स्टेडियम में तीन स्टाल शुरू, मतदाता सूची संबंधी करवा सकते हैं काम

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने मतदाता सूची के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तीन विशेष स्टाल्स का उद्घाटन किया। इन स्टाल पर आम मतदाता सूची में नाम खोज सकता है, मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन कर सकेंगे। डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि स्टॉल पर जाकर मतदाता, पहचान पत्र में सुधार करने, नाम हटाने आदि जैसी हर सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। यह पहल नई दिल्ली जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई है। नई दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट संतोष कुमार राय भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सीईओ ने सभी को मतदाता शपथ लेकर 25 जनवरी को 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का आह्वान भी किया। ऐसे युवा जो 18 वर्ष के हो चुके हैं या 1 अक्तूबर 2023 को या उससे पहले 18 साल के होने वाले हैं या फिर जो मतदाता पंजीकरण से छूट गए हैं, वह नाम जुड़वा सकते हैं। डॉ रणबीर सिंह ने यहां युवाओं को सोशल मीडिया से सीईओ ऑफिस से जुड़ने का मंत्र देते हुए कहा कि इससे उन्हें हर सूचना उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता ऑनलाइन तरीकों से वेबसाइट, वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950 हेल्पलाइन नंबर, दिव्यांगजन ईसीआई ऐप से भी खुद को जोड़ सकते हैं।

कश्मीरी गेट से आए थे 3.70 करोड़ रुपये, दो युवक पकड़े

नई दिल्ली। एयरपोर्ट पर कार्गो से पकड़े गए 3.70 करोड़ रुपये कश्मीरी गेट स्थित एक कुरियर कंपनी से भेजे गए थे। इस मामले में तीन लोगों को चिन्हित किया गया है। इनमें से दो युवकों को कुरियर कंपनी के दफ्तर से पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। साथ ही मामले को आयकर विभाग को सौंपने की तैयारी है। एयरपोर्ट से जब्त किए गए 3.70 करोड़ रुपये तीन बॉक्स में भरे हुए थे। इस पर सुब्बू और विकास नाम लिखा हुआ था। इसके साथ ही उनके मोबाइल नंबर भी लिखे हुए थे। इन मोबाइल नंबरों एवं कुरियर की जानकारी जुटाई गई। पुलिस को पता चला कि कश्मीरी गेट में इंडियन एक्सप्रेस नाम से एक कुरियर कंपनी है, जिसने यह पार्सल कोच्ची के लिए भेजे। इस पर सोमवार को पुलिस की एक टीम कुरियर कंपनी के दफ्तर में पहुंची। यहां उन्हें विकास और राहुल मिले। इसके बाद एयरपोर्ट पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए ले गई। प्राथमिक पूछताछ में एक अन्य कुरियर कंपनी का भी नाम सामने आया है, जिसकी भूमिका को लेकर जांच चल रही है। पुलिस को उस शख्स का भी मोबाइल नंबर मिला है जिसे यह रकम भेजी जा रही थी। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उसकी जानकारी का पता लगाया जा रहा है। साथ ही राहुल और विकास से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

एमसीडी की कल होगी बैठक, महापौर और उपमहापौर का होगा चुनाव

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में हाल में संपन्न हुए नगर निगम चुनावों के बाद सदन की दूसरी बैठक मंगलवार को होगी, जिसमें दिल्ली के महापौर और उपमहापौर को चुना जाएगा। महापौर और उपमहापौर का चुनाव नगर निगम चुनाव के बाद छह जनवरी को हुई सदन की पहली बैठक में किया जाना था, लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के एक दूसरे से भिड़ जाने और हंगामा करने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी थी, जिसके कारण महापौर और उपमहापौर का चुनाव नहीं हो सका था। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव चार दिसंबर को हुए थे और मतगणना सात दिसंबर को हुई थी। आप ने 134 वार्ड जीतकर एमसीडी में भाजपा के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया। भाजपा ने एमसीडी के 250 सदस्यीय सदन में 104 वार्ड में जबकि कांग्रेस ने नौ वार्ड में जीत दर्ज की। महापौर पद के प्रत्याशियों में शैली ओबरॉय और आशु ठाकुर (आप) तथा रेखा गुप्ता (भाजपा) शामिल हैं। ओबरॉय आप की मुख्य दावेदार हैं। उपमहापौर पद के प्रत्याशियों में आले मोहम्मद इकबाल और जलज कुमार (आप) तथा कमल बागड़ी (भाजपा) शामिल हैं। महापौर और उपमहापौर के अलावा एमसीडी की स्थायी समिति के छह सदस्यों के भी 24 जनवरी को सदन की बैठक के दौरान निर्वाचित होने की संभावना है। नवनिर्वाचित एमसीडी सदस्यों की पहली बैठक महापौर और उपमहापौर का चुनाव किए बगैर स्थगित हो गयी थी। आप पार्षदों ने पहले 10 मनोनीत सदस्यों को शपथ दिलाने के पीठासीन अधिकारी के फैसले का विरोध किया। दिल्ली नगर निगम का गठन अप्रैल 1958 में हुआ था और उसके महापौर के पास 2012 तक प्रभावशाली शक्तियां थीं। वर्ष 2012 में निगम का तीन अलग-अलग नगर निगमों में विभाजन हुआ और प्रत्येक निगम का अपना महापौर बना ,लेकिन 2022 में केंद्र ने उत्तर दिल्ली नगर निगम (104 वार्ड), दक्षिण दिल्ली नगर निगम (104 वार्ड) और पूर्वी दिल्ली नगर निगम (64 वार्ड) का विलय कर दिया गया। हालांकि इसमें वार्डों की संख्या 272 से घटाकर 250 कर दी गयी। इस तरह, महापौर के चुनाव के बाद पूरी दिल्ली का 10 साल बाद एक महापौर होगा। उत्तरी दिल्ली के पूर्व महापौर जय प्रकाश ने कहा, वक्त निकल रहा है और आप तथा भाजपा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पार्षदों तथा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण तथा महापौर और उपमहापौर का चुनाव एक साथ हो। उन्होंने कहा, महापौर का चुनाव सदन की पहली बैठक में ही हो जाता लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछली बार हंगामे के कारण ऐसा नहीं हो सका। मैं उम्मीद करता हूं कि कल यह प्रक्रिया सुचारू रूप से होगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश ने कहा कि यह दिल्ली के लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि पूरे शहर को अब फिर से एक महापौर मिलेगा। उन्होंने कहा, अरुणा आसफ अली दिल्ली की पहली महापौर थीं और 2012 तक एमसीडी का तीन अंगों में विभाजन होने से पहले रजनी अब्बी आखिरी महापौर थीं और 10 साल बाद फिर से एक महिला महापौर बनेगी, यह शहर के साथ ही उस व्यक्ति के लिए बड़े सौभाग्य की बात है

दिल्ली पुलिस ने अंतर-राज्य हथियार सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

गणतंत्र दिवस समारोह से पहले, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतर-राज्य हथियार सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और 34 पिस्तौलें बरामद की हैं, जिन्हें दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में अपराधियों को सप्लाई किया जाना था। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के जिला शामली से सिंडिकेट के दो सदस्यों नावेद राना और सलीम दोनों की गिरफ्तारी के साथ, दिल्ली पुलिस ने शामली के पास कांधला इलाके में चल रही एक अवैध हथियार की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का भी भंडाफोड़ किया। पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) इंजीत प्रताप सिंह के अनुसार, 13 जनवरी को नावेद को गिरफ्तार कर लिया गया। वह एक बैग के अंदर तीन गोलियों और नौ पिस्तौल से भरी हाई-क्वालिटी वाली सेमी-ऑटोमेटिकपिस्टल ले जा रहा था। पूछताछ पर, नावेद ने खुलासा किया कि उसका भाई आसिफ आदतन अपराधी है जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जेल में शस्त्र अधिनियम, चोरी और एनडीपीएस अधिनियम जैसे विभिन्न मामलों में बंद है। अधिकारी ने कहा, उसे सलीम के बारे में उसके भाई आसिफ ने बताया था। वह स्रोत सलीम से अवैध आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद प्राप्त करता था और उन्हें गोगी गिरोह सहित विभिन्न कुख्यात अपराध सिंडिकेट के सदस्यों को दिल्ली-एनसीआर और यूपी में विभिन्न स्थानों पर आपूर्ति करता था। वह आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद की सफल डिलीवरी पर अपना कमीशन प्राप्त करता था।

डीसीपी ने कहा, इसमें शामिल पूरे सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के लिए आगे की जांच गोपनीय तरीके से की गई, जिसके कारण अवैध हथियार और गोला-बारूद के स्रोत को गिरफ्तार किया गया। 20 जनवरी को सलीम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सलीम ने स्वीकार किया कि वह अवैध हथियारों और गोला-बारूद का निर्यातक और आपूर्तिकर्ता है। नावेद के पास से बरामद हथियार उसने 13 जनवरी को दिए थे। अधिकारी ने कहा, सलीम 2012-13 से अवैध आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद के निर्माण सह व्यापार में शामिल रहा है। शुरुआत में, उसने विभिन्न उपयोगकर्ताओं को स्थानीय रूप से ऐसे आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति शुरू कर दी और मुकीम काला गिरोह से भी जुड़ गया। 2015 में ही, सलीम पर चार आपराधिक मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें एक दंगा का मामला, एक बलात्कार का मामला और सीएलए अधिनियम के तहत तीन मामले शामिल थे, ये सभी शामली के पास कांधला पुलिस स्टेशन में दर्ज थे। 2015 में वह अन्य लोगों के साथ एक पुलिस थाने में आग लगाने में शामिल था। 2018 में, उन्हें पहली बार आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध के लिए बुक किया गया था। इसके बाद 2019 में उन्हें एक और दंगा मामले में गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी ने कहा, सलीम के खुलासे के आधार पर, 21 जनवरी को पुलिस टीम ने अवैध हथियार की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट (कारखाने) का भी भंडाफोड़ किया और उसके पास से 24 सिंगल शॉट देशी पिस्तौल, छह ऑटोमैटिक पिस्टल और हथियार बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरण समेत अवैध आग्नेयास्त्रों का भारी जखीरा बरामद किया। शामली जिले के कांधला गांव में बन्ने के खेत में छापा मारा गया।

जाम | नोएडा से अक्षरधाम तक भारी यातायात था

गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के कारण दिल्ली के कई हिस्सों में लगा लंबा जाम

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास से पहले लगाए गए प्रतिबंधों के कारण सोमवार को सुबह यात्रियों को मध्य दिल्ली की सड़कों पर लंबे जाम में फंसना पड़ा। पुलिस ने कहा कि उन्हें कई यात्रियों के फोन आए और उन्होंने यातायात की समस्या के बारे में बताया। विकास मार्ग (लक्ष्मी नगर से आईटीओ तक), प्रगति मैदान, और अक्षरधाम में यातायात की रफ्तार बिल्कुल थम सी गई थी। एक यात्री अंकिता सिंह ने कहा, नोएडा से अक्षरधाम तक भारी यातायात था। आईटीओ की ओर जाने वाले मार्ग में भी जाम था और जीपीएस ने लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय करने में 40 मिनट का समय दिखाया। कई यात्रियों ने शहर में यातायात की स्थिति के बारे में ट्वीट कर दूसरों को अवगत कराया। कुछ लोगों ने आईटीओ, प्रगति मैदान और गीता कॉलोनी फ्लाईओवर पर भारी जाम की सूचना दी। एक व्यक्ति ने कहा कि आईटीओ पर एक घंटे से अधिक समय तक यातायात थम गया, वहीं एक अन्य यात्री ने कहा कि वह दो घंटे तक जाम में फंसा रहा। कई लोगों ने इन मार्गों पर न निकलने की सलाह दी। मध्य दिल्ली में काम करने वाली प्रेरणा सिंह ने कहा, ह्यमैं शहर के दक्षिणी हिस्से में रहती हूं और डेढ़ घंटे में अपने ऑफिस पहुंच जाती हूं। कैब ने मुझे मेरे गंतव्य तक पहुंचाने में अतिरिक्त 30 मिनट का समय लिया। कौटिल्य मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, चाणक्यपुरी और हौज खास में भी भारी यातायात देखा गया। दिल्ली यातायात पुलिस ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए सोमवार को पूर्ण पूर्वाभ्यास के वास्ते व्यवस्थाओं और प्रतिबंधों पर एक परामर्श जारी किया था। परामर्श के मुताबिक, रविवार शाम छह बजे से सोमवार को परेड खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ पर किसी भी तरह के यातायात की इजाजत नहीं दी गई।

गणतंत्र दिवस परेड : ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की

» नई दिल्ली/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को गणतंत्र दिवस परेड के पूर्ण पूर्वाभ्यास (फुल ड्रेस रिहर्सल) और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मिलिट्री टैट और ट्राइबल डांस कार्यक्रम की वजह से यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए की गई व्यवस्था और लगाई गई पाबंदियों से संबंधित परामर्श जारी किया है। यातायात पुलिस के मुताबिक, परेड का पूर्वाभ्यास पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर विजय चौक से शुरू हुआ और यह कर्तव्य पथ, सी-हेक्सागन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा गोलचक्कर, तिलक मार्ग, बहादुरशाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग होते हुए लाल किले पर संपन्न होगा। परामर्श के मुताबिक, परेड के सुचारु पूर्वाभ्यास के लिए कर्तव्यपथ पर विजय चौक से इंडिया गेट पर रविवार शाम छह बजे से सोमवार को परेड संपन्न होने तक वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

इसमें कहा गया है कि रफी मार्ग, जनपथ और मानसिंह रोड से कर्तव्यपथ की ओर भी रविवार रात 11 बजे से लेकर सुबह परेड खत्म होने तक जाने की अनुमति नहीं है। इंडिया गेट सी-हेक्सागन भी सोमवार सुबह नौ बजकर 15 मिनट से परेड के तिलक मार्ग पर पहुंचने तक बंद है। तिलक मार्ग, बहादुरशाह जफर मार्ग और सुभाष मार्ग सोमवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट से यातायात के लिए बंद है। इन मार्गों पर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के लिए अनुमति परेड के वहां से आगे बढ़ जाने पर निर्भर करेगी।

यातायात पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक परेड वाले रास्तों पर जाने से बचें। परेड के पूर्ण पूर्वाभ्यास के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर सेवा चालू है, लेकिन केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन मेट्रो स्टेशनों पर सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक यात्रियों ट्रेन से उतरने या उसमें सवार होने की मनाही है। इस बीच, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सोमवार और मंगलवार को आयोजित मिलिट्री टैट एंड ट्राइबल डांस कार्यक्रम के मद्देनजर इन दो दिनों के लिए यातायात परामर्श जारी किया गया है।

परामर्श में कहा गया कि यातायात को सुचारु रखने और दर्शकों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आयोजन स्थल पर कुछ यातायात पाबंदियां प्रस्तावित की जा रही हैं। बयान के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय स्वतंत्रता के 75वें साल में गणतंत्र दिवस समारोह के तहत जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में ह्यमिलिट्री टैट एंड ट्राइबल डांसह्ल उत्सव का सोमवार और मंगलवार को आयोजन कर रहा है। परामर्श में कहा गया कि कुछ पाबंदियों की वजह से लोधी रोड से एंड्रयूगंज फ्लाइओवर तक भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, मैक्स मूलर मार्ग, महर्षि रमण मार्ग, आर्चबिशप मार्ग, सुब्रमण्यम भारती मार्ग और लाला लाजपत राय मार्ग गलियारा प्रभावित है। पाबंदियों के मद्देनजर यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इन मार्गों पर सोमवार और मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे से रात नौ बजे तक जाने से बचें। परामर्श में कहा गया कि दर्शकों और एससीओपीई कॉम्प्लेक्स, सीजीओ कॉम्प्लेक्स और आसपास के कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित अन्य यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे सोमवार और मंगलवार को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें क्योंकि जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम का अपना मेट्रो स्टेशन है जो दिल्ली मेट्रो की वॉयलट लाइन पर पड़ता है।

आधा दर्जन अवैध कालोनियों में गरजा जीडीए का बुलडोजर

- कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा
- जीडीए के ओएसडी सुशील कुमार चैबे ने कहा बर्दास्त नहीं होगा अवैध निर्माण

गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

जीडीए के प्रवर्तन जोन 5 की टीम ने अवैध कालोनियों पर शिकंजा कसते हुए जोन 5 के अंतर्गत आने वाले एरिया में आधा दर्जन अनाधिकृत कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान कुछ लोगों के द्वारा विरोध का प्रयास किया,उन्हें पुलिस के सहयोग से खदेड़ दिया गया। जीडीए के ओएसडी सुशील कुमार चैबे ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में प्लाटिंग तथा स्वीकृत नक्शे के विपरित निर्माण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों को भी सलाह दी कि कालोनाइजर से भूखंड एवं बिल्डर से फलैट आदि खरीदने से पहले एक बार जीडीए से जानकारी करें,ताकि ठगी का शिकार न होने पाए। उन्होंने बताया कि जानकारी में आया था कि जोन सीमा क्षेत्र में बरदा एन्कलेव,मसूरी गंग नहर के किनारे भगवती इंजीनियरिंग कालेज के पीछे एवं नहर के किनारे पिपलेरा पर स्मार्ट सिटी कालोनी तथा पुरानी प्लाई फैक्ट्री के पीछे एवं नहर के किनारे प्लाटिंग की जा रही है। तमाम स्थानों पर चार दीवारी आदि ध्वस्त कर दी गई।

बेव सिटी की बिल्डिंग से गायब हुई सील

जीडीए के प्रवर्तन जोन 5 के अभियंताओं की टीम के द्वारा हाल में निजी बिल्डर के द्वारा विकसित बेव सिटी में एक दर्जन से ज्यादा बिल्डिंग सील करने का दावा किया गया था। बताते है कि ज्यादातर बिल्डिंग से सील न केवल गायब कर दी गई है,बल्कि अधूरे काम पूरे किए जा रहे है।

सिर पर जनप्रतिनिधि का है हाथ खूब करो अवैध निर्माण

किसी ने शायद सही कहा है कि जिन अधिकारियों के कंधों पर अवैध निर्माण रोकने की कमान है,वह भी सत्ता से जुडे लोगों के आगे नतमस्तक है। बताते है कि प्रवर्तन जोन छह के अंतर्गत आने वाले इंदिरापुरम एवं वैशाली में कई बिल्डरों के द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरित किए जाने वाले निर्माण एकल यूनिट की आड में फलैट एवं पार्किंग के लिए प्रस्तावित एरिया में मार्केट का निर्माण करने वालों पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। बताते है कि किसी बिल्डर के सिर पर साहिबाबाद तो किसी पर घोलाना विधायक का हाथ है।

कैप्टन विकास गुप्ता ने किया चौधरी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का उदघाटन

गाजियाबाद। राज्यमंत्री एवं कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता ने आज डासना में चौधरी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस हास्पिटल से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह हास्पिटल मरीजों का सही उपचार कर पायेगा। साथ ही ट्रामा सेंटर से एक्सीडेंट में घायल होने वाले लोगों को जल्दी उपचार मिल सकेगा जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ साथ जान भी बचाई जा सकेगी। इस अवसर पर उस्मान चौधरी, पंकज ठाकुर, संदीप प्रधान, विपुल अग्रवाल व अरविन्द गुप्ता के साथ साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हरियाणा की अवैध शराब समेत दो महिला तस्कर गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता। मजबूरी कहें या फिर इसे शौक, मगर दोनों ही अपराध है। कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाह रखने वालों की जगह जेल ही होती है। आबकारी विभाग की टीम ने दो ऐसे ही महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जो कि हरियाणा से सस्ती दामों शराब खरीदकर गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर क्षेत्र में स्थित लाइसेंसी शराब की दुकान बंद होने के बाद दो गुने दामों में बेचने का काम करती थी। पकड़ी गई महिलाओं की मजबूरी कहा जाएं कि शौक, जो जान जोखिम में डालकर अवैध रुप से शराब तस्करी का कारोबार कर रही थी। जांच में पता चला कि एक महिला तो शौक में शराब तस्करी का कारोबार कर रही थी। जिसकी चाह कम समय में ज्यादा पैसा कमाना और दूसरी महिला मजबूरी में शराब तस्करी का कार्य करती थी। जिसके परिवार में कोई कमाने वाला नही था। हालांकि पूर्व में एक महिला शराब तस्करी में जेल भी जा चुकी है। मजबूरी हो या शौक दोनों ही मामलों में तय है कि पकड़े जाने पर सीधा सलाखों के पीछे जाएंगे। अवैध कार्यों से बचने के लिए आबकारी विभाग चेतावनी देने के साथ-साथ जागरुक भी करता है। मगर आबकारी विभाग की चेतावनी के बाद भी तस्करों में कोई खौफ नजर नही आ रहा है, जिन्हें सबक सिखाने के लिए आबकारी विभाग भी कार्रवाई में कोई कोताही नही बरत रहा है। अवैध शराब तस्करी को लेकर आबकारी विभाग द्वारा लगातार चेकिंग एवं दबिश की कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को आबकारी निरीक्षक अनुज वर्मा की टीम द्वारा पूजा कॉलोनी थाना टोर्निका सिटी, खुशी वाटिका, राहुल गार्डन थाना लोनी बॉर्डर आदि स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान महिला तस्कर सरस्वती पत्नी स्व: प्रेमपाल निवासी खुशी वाटिका लोनी बॉर्डर को 292 पौवे मोहा मसालेदार देसी शराब हरियाणा मार्का समेत गिरफ्तार किया गया। वहीं प्रिया पत्नी मोनू निवासी खुशी वाटिका थाना लोनी बॉर्डर को 374 पौवे मोहा मसालेदार देसी शराब हरियाणा मार्का समेत गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई महिलाएं बहुत ही शातिर किस्म की है। जो कि हरियाणा से शराब तस्करी क्षेत्र में संकलित लाइसेंसी शराब की दुकान बंद होने के बाद दोगुने दामों शराब तस्करी का कारोबार करती थी। महिला तस्कर सरस्वती पूर्व में भी जेल शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुकी है। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपए है। पुलिस से बचने के लिए महिला तस्करी घर से ही शराब तस्करी का कारोबार करती थी। दोनों को गिरफ्तार कर लोनी बोर्डर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए जेल भेजा गया।

फैक्ट्री का गेट गिरने से मासूम छात्र की मौत

गाजियाबाद। साहिबाबाद क्षेत्र में रविवार शाम बेकरी फैक्ट्री का भारी-भरकम गेट गिरने से उसके नीचे दबकर मासूम बच्चे की मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि बच्चे के सिर का मांस बाहर निकल आया। परिजनों ने इसे लेकर खूब हंगामा किया। इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ तहरीर दी जा रही है। साहिबाबाद क्षेत्र में शहीदनगर जी-507 निवासी 10 वर्षीय प्रिंस पुत्र अरविंद रविवार शाम दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। वो बेकरी फैक्ट्री के गेट पर खड़ा होकर फील्डिंग कर रहा था। बेकरी फैक्ट्री के बाहर लोहे का भारी-भरकम गेट लगा हुआ है। अचानक गेट बच्चे के ऊपर गिर गया। आसपास काम कर रहे चार मजदूर दौड़े और लोहे का गेट उठाने की कोशिश की, लेकिन भारी होने की वजह से वो टस से मस नहीं हुआ। इसके बाद और लोग इकट्ठा हुए और फिर गेट को हटाकर बच्चे को बाहर निकाला। उसको तत्काल नंदेड़ मोहन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि फैक्ट्री का ये गेट पहले से लूज था। इस बारे में शिकायत की गई थी कि गेट को ठीक कराया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसकी वजह से रविवार को ये हादसा हो गया। मृतक प्रिंस विकास मॉडर्न पब्लिक स्कूल में पढ़ता था। साहिबाबाद एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि साहिबाबाद क्षेत्र में 10 वर्षीय बच्चे पर लोहे के गेट गिर जाने से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई, जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के द्वारा तहरीर दी जा रही है। तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मान्नित होगी होनहार बेटियां

गाजियाबाद। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले का नाम रोशन करने वाली बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग ऐसी बेटियों की सूची तैयार कर रहा है, जो दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस बार महिला कल्याण विभाग इसे नए तरीके से मनाने जा रहा है। विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने वाली बेटियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि बेटियों को सम्मानित करने का उद्देश्य लोगों की सोच को बदलना है। समाज में आज भी बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बेटे-बेटी में फर्क समझते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले की बेटियां देश-विदेश में अपने साथ-साथ गाजियाबाद का भी नाम रोशन कर रही हैं। चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, तकनीकी, स्टार्टअप या अन्य क्षेत्र। यहां की लड़कियां दूसरी लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आ रही हैं। इन्हें प्रोत्साहन करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत सम्मानित किया जाएगा, जिससे इन्हें देखकर दूसरी लड़कियां भी अपनी प्रतिभा दिखाएं।

सोसायटी में पुलिस चौपाल का आयोजन

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की रिवर साइड्स सोसाइटी में रविवार को पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने एडिशनल डीसीपी रामानंद कुशवाहा से यातायात से जुड़े सवाल पूछे और सुझाव दिए। वहीं लोगों को भी यातायात के नियम बताए। सोसाइटी निवासी संजना सिंह ने पुलिस से पूछा कि दिल्ली से उत्तर प्रदेश में आते ही लोग ट्रैफिक का ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन क्यों करते हैं। आशुतोष मिश्रा ने अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हुए कहा कि सड़क के किनारे रेहड़ी-ठेले वालों का अतिक्रमण है, जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। इसका स्थाई समाधान होना चाहिए। सोसाइटी निवासी ने कहा कि वीवीआइपी मॉल और बैंक्विट हॉल के सामने जो पार्किंग की व्यवस्था है उसकी वजह से ट्रैफिक जाम होता है। मॉल मैनेजमेंट एवं विवाह संस्थानों पर जुर्माना लगना चाहिए अगर वे ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं। एलिवेटेड रोड की वजह से राजनगर एक्सटेंशन में ट्रैफिक बढ़ गया। इसका समाधान होना चाहिए। राजेश शर्मा ने पूछा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस मजबूर है एवं दिल्ली की पुलिस मजबूत है। इसका क्या कारण है। संजय त्यागी ने कहा कि सोसायटी के बाहर जो ट्रैफिक की समस्या है। वहां पैदल आने-जाने वालों को सड़क पार करने में दिक्कत होती है। उन्होंने एक एफओबी की मांग की। संदीप गुप्ता ने जानकारी मांगी कि हाई बीम और लो बीम का प्रयोग किस परिस्थितियों में करना चाहिए और हमें कैसे पता चले कि कहां पर कौन सी बीम रखनी है। टीपी त्यागी ने मांग रखी कि वेडिंग जोन को चिन्हित करके कर के दें।

ब्रीफ न्यूज

रोड सुरक्षा के प्रति जीडीए सचिव ने दिलायी शपथ

गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में सोमवार को जीडीए सचिव बृजेश कुमार ने तमाम मातहत को रोड सुरक्षा की शपथ दिलायी। जीडीए सचिव ने कहा कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाना है। कई बार गलती की वजह से हादसे होते हैं तथा परिवार के सदस्य की हादसे के दौरान मौत हो जाती है।

46 करोड़ की टैक्स चोरी में सीजीएसटी ने कारोबारी को किया गिरफ्तार

गाजियाबाद, संवाददाता। केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर निदेशालय (सीजीएसटी) गाजियाबाद की टीम ने 46 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी में दिल्ली के लोहा कारोबारी अमित गुप्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रविवार को मेरठ कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। सीजीएसटी टीम के मुताबिक, लोहा कारोबारी अमित गुप्ता की दो फर्म हैं। इन फर्मों में अमित ने कई अन्य मुखौटा फर्मों से 46 करोड़ रुपए का कारोबार दर्शाया। टीम ने सेल कंपनियों की जांच की तो पता चला कि सभी इनवॉइस फर्जी हैं, जो बिना माल सप्लाई किए ही काटी गई हैं। ये दोनों फर्में लोहा एवं निकेल खरीद से जुड़ी हुई थीं। टैक्स चोरी की शिकायतों पर सीजीएसटी टीम ने ऑस्ट्रा पोर्टल पर गोपनीय तरीके से इसकी छानबीन की। जांच में सारे आरोप पुष्ट हुए। इसके बाद कारोबारी अमित गुप्ता को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। अमित के ठिकाने से टीम ने बड़ी संख्या में फर्जी डॉक्यूमेंट्स, मुहर, फर्जी इनवॉइस बरामद किए हैं। इसके बाद आरोपी को मेरठ की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पता चला है कि साल-2019 में भी टैक्स चोरी के मामले में अमित गुप्ता को सीजीएसटी टीम गिरफ्तार कर चुकी है।

शव देने में देरी करने पर पुलिसकर्मी ने अस्पताल कर्मी को मारा थप्पड़

गाजियाबाद। विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप विहार की सोसाइटी में गंभीर बीमारी के बाद एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे अधेड़ की मौत हो गई। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। लेकिन परिवार दोपहर शव देने में देरी करने पर पुलिसकर्मी ने अस्पताल कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। हालांकि बाद में कर्मचारी से माफी मांग कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। लेकिन इसके बाद भी में अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल कर्मी के साथ मारपीट की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई। जानकारी के मुताबिक प्रताप विहार सिद्धार्थ विहार स्थित गौड़ सिद्धार्थम में 46 वर्षीय एक व्यक्ति लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

निजी पूंजी निवेश को बढावा देने के लिए प्रशासन ने लगाया एडी चोटी का जोर

25 तारीख को कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू होटल मे पहुचने के लिए किया जा रहा है प्रेरित

प्रशासन को उम्मीद गाजियाबाद मे होगा 89310 करोड का निवेश

» गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

जहां एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा दुनिया के दूसरे मुल्कों में भी निजी पूंजी निवेश को बढावा देने के लिए एडी चोटी का जोर लगाया हुआ है। प्रदेश सरकार के मंत्री एवं आला अधिकारी दूसरे देश एवं पडोसी राज्यों में हर स्तर से निजी कारोबार से जुडे लोगों को यूपी में आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ठीक दूसरी तरफ देश की राजधानी दिल्ली सीमा से लगे गाजियाबाद में जिले का प्रशासन तथा दूसरे विभाग निजी पूंजी निवेश से जुडे लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित करने में लगे है। 25 तारीख को कौशांबी कालोनी स्थित रेडिसन ब्लू होटल में पहुंचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन के आला अधिकारियों की मानें तो गाजियाबाद से 89310 करोड का निवेश किया जाएगा तथा 5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को कौशांबी के एक होटल में इनवेस्टर्स समिट का आयोजन होगा। अभी तक जो प्रोजेक्ट निवेश के लिए आए है उनकी संख्या 2688 है। इन प्रोजेक्ट की कुल लागत 89310 करोड़ रुपए है। 2615 प्रोजेक्ट के निवेश के लिए एमओयू साइन हो चुके है। यह प्रोजेक्ट कुल 69323 करोड़ रुपए के है। एमओयू साइन हुए प्रोजेक्ट ही अगर जिले में लगते है तो इससे 4,68,834 लोगों के लिए जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। 25 को होने वाली इन्वेस्टर्स समिट में सुबह साढे.नौ बजे से पंजीकरण होगा। इसके बाद समिट में शामिल होने के लिए पास जारी किया जाएगा। समिट दस बजे से लेकर सायं पांच बजे तक चलेगी।

इंडस्ट्री के लिए जमीन की कमी नही

डीएम आरके सिंह ने बताया कि प्रशासन की कोशिश है कि अधिक से अधिक इंडस्ट्री जिले में आए। एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि गाजियाबाद जिले में इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन की कमी नहीं है। यूपीसीडा पचावरा गांव के पास ही करीब 500 एकड़ में इंडस्ट्री एरिया विकसित कर रहा है। इसके अलावा ईस्टर्न पेरिफेरल के आसपास जमीन जो अभी खाली पड़ी है उसको भी मास्टर प्लान 2031 में इंडस्ट्री यूज के लिए आरक्षित किया गया है। गाजियाबाद जिले में लैंडबैंक है जहां प्रस्तावों के आधार पर इंडस्ट्री सेक्टर को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। उनका कहना है कि जिस तरह से हाईस्पीड ट्रेन जल्दी ही चलने वाली है वह निवेश के लिए आकर्षण बन रही है। इसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्मार्ट होगा।

मिलेगी लैंडयूज की जानकारी

इनवेस्टर्स समिट में जीडीए समेत सभी विभागों के स्टाल लगाए जाएंगे। इसमें सभी को जिस एरिया में इंडस्ट्री लगानी है। उनके लैंडयूज की पूरी जानकारी मिलेगी। इसमें जीडीए का नया मास्टर प्लान भी प्रदर्शित किया जाएगा। जिसमें भोजपुर एरिया में 800 हेक्टयेर और नार्दन पेरिफेरल के आसपास छह सौ हेक्टेयर जमीन पर औद्योगिक भूउपयोग किए जाने की बात है। यूपीसीडा, जिला उद्योग केंद्र समेत अन्य विभाग भी ऐसी जानकारी निवेशकों को इस समिट में देंगे।

इन सेक्टरों में होगा बड़ा निवेश

खिलौना उद्योग, रेडीमेड गारमेंट्स इंडस्ट्रीज, मशीनरी पार्ट्स, एंब्रोएडी मैन्यूफैक्चरिंग, प्रेशर कुकर, मेटल उत्पाद, किचन अप्लाइंसेज, औद्योगिक इस्तेमाल के लिए बॉक्स बनाने के उद्यम, खाद्य तेल, चिकित्सा उपकरण, रैपिंग व पैकेजिंग उत्पाद, टेक्सटाइल, रबर उत्पाद, इलेक्ट्रिकल व्हीकल, ऑटोमोबाइल, अग्निशमन उपकरण, रियल एस्टेट व अन्य सेक्टर के उद्यम स्थापित होंगे।

इन्वेस्टर्स के लिए पॉलिसी में संशोधन

जिले में अधिक से अधिक निवेश हो इसके लिए इन्वेस्टर्स के लिए निवेश मित्र पोर्टल को और आसान बनाया गया है। इसके अलावा 25 पॉलिसी में संशोधन कर प्रदेश सरकार ने निवेशकों के लिए राह और आसान की है। इसकी घोषणा 25 को इन्वेस्टर्स समिट के दौरान की जाएगी। इस दौरान सीडीओ विक्रमादित्य मलिक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

कार में महिला की हत्या कर शव रोड़ पर फेंका, हत्या को एक्सीडेंट दर्शाने के लिए जबरन ट्रोला ड्राइवर को बनाया हत्यारोपी

- घर मांगने पर प्रेमी ने अपने बेटे के साथ मिलकर कर दी प्रेमिका की हत्या, तीन गिरफ्तार

» गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

शादीशुदा प्रेमी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पहले गला दबाकर प्रेमिका की हत्या कर दी और फिर हत्या को एक्सीडेंट का रुप देने के लिए शव को रोड़ पर फेंक दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए बेटे ने अपने चेस्त के साथ मिलकर जबरन ट्रोला ड्राइवर को पकड़कर पीटा और उससे हत्या की बात कबूल करवाई। जैसे ही घटना की जानकारी महिला के पति को लगी तो तुरंत कविनगर थाने में पहुंच कर ट्रोला ड्राइवर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए बाप-बेटे और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को हत्या की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि मृतक महिला मोनिका गोएडा में गिरधरपुर सुनारसी गांव की निवासी थी। इसी गांव में के निवासी चरन सिंह से उसका पिछले 9 सालों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी चरन सिंह के परिवार को हो गई थी। जिस कारण चरन सिंह का बेटा और पत्नी नाराज चल रहे थे। वहीं चरन सिंह पर मोनिका मकान खरीदकर देने का लगातार दबाव बना रही थी। जैसे ही इसकी जानकारी चरन सिंह के परिवार को हुई तो घर में कलेश शुरू हो गया। जहां उसके बेटे ने कहा तुमने पहले ही हमारी जिंदगी नरक बना रखी है, मोनिका कुछ इलाज करो वरना मैं तुम्हें भी नहीं छोड़ूंगा। जिसके बाद बाप और बेटे ने मिलकर मोनिका की हत्या की योजना बनाई। इस योजना में चरण सिंह के बेटे ने अपने एक दोस्त को भी शामिल कर लिया। योजनाअनुसार 17 जनवरी की दोपहर चरन सिंह ने मोनिका को फोन कर गाजियाबाद में मिलने के लिए बुलाया था। जीटी रोड़ स्थित एक होटल में चरन सिंह और मोनिका चले गए और 7 बजे शाम तक वहीं रुके रहे। जैसे ही अंधेरा हुआ तो चरन सिंह मोनिका लेकर बाहर निकला। योजना के तहत रोहित व संदीप पहले से ही अपनी कार में होटल के बाहर खड़े हुए थे। चरन सिंह महिला को लेकर कार में बैठाकर कुछ दूर सुनसान जगह पर ले गए। उसके बाद बाप और बेटे ने मिलकर मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को ब्रीजी धर्मकांटे के पास फेंक दिया। हत्या के बाद चरन सिंह गाड़ी से उतरकर ऑटो से घर चला गया। आरोपित रोहित व संदीप ने इस हत्या को एक्सीडेंट का रुप देने के लिए एक ट्रेक्टर ट्रोला चालक को पकड़ लिया और उसे कार में बैठाकर खूब पिटाई की और उसे जबरन कहलवाया कि उसी के ट्रोले से महिला का एक्सीडेंट हुआ है। फिर आरोपियों ने मोनिका के पति अमृत को फोन कर घटना की जानकारी दी। मृतिका के पति ने कविनगर थाने में ट्रोला ड्राइवर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मासूम बच्ची की हत्या में किशोर गिरफ्तार

» गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

मोदीनगर क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची की हत्या का रविवार को सनसनीखेज खुलासा हुआ है। 13 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार है, जो कक्षा-छह का छात्र है। उसने दुष्कर्म का प्रयास किया और इसमें विफल रहने पर ईंट से प्रहार करके बच्ची की हत्या कर दी। वारदात के बाद हाथ धोए, खून सनी शर्ट धोई और स्कूल चला गया, जिससे किसी को कुछ पता न चले। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव गढना निवासी छह वर्षीय बच्ची प्राइमरी स्कूल में पढ़ती थी। शुक्रवार रात वो अपने दादा-दादी के पास सोने गई थी। यहां से शनिवार सुबह 9 बजे अपने घर वापस आई। ताई ने स्कूल के लिए तैयार होने को कहा, लेकिन वो घर से बाहर खेलने चली गई। इसके बाद वो लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो बच्ची की लाश एक प्लॉट में बिटौरे के पास लहूलुहान अवस्था में मिली। उसका चेहरा ईंट से कुचला हुआ था। पास ही खून सनी ईंट पड़ी थी। पुलिस ने इस मामले में कई लोग कस्टडी में लिए थे। पुलिस ने इस वारदात के खुलासे के लिए कुल सात टीमें गठित की थीं। पहली टीम फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। दूसरी टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। तीसरी टीम ने बच्ची के स्कूल में जाकर अध्यापकों व बच्चों से पूछताछ की। चौथी टीम ने परिजनों से पूछताछ की। पांचवीं महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने सादे कपड़ों में घर के आसपास निगाह बनाकर रखी। छठी टीम ने संदिग्ध लोगों को लिस्टिंग करते हुए उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया और सातवीं टीम डॉग स्क्वायड थी। आखिरकार पुलिस ने रविवार को इस मामले में 13 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच के दौरान इस किशोर का नाम सामने आया। जांच में पता चला कि घटना के वक्त वो स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन स्कूल नहीं गया। पुलिस ने इसे कस्टडी में लेकर पूछताछ की तो सारा घटनाक्रम कबूल कर लिया। किशोर ने बताया कि वो घर से स्कूल के लिए निकला था। रास्ते में बच्ची खेल रही थी। वो उसको बिटौरे के पास ले गया और दुष्कर्म का प्रयास किया। इतने में बच्ची ने शोर मचाया तो आरोपी ने पास में पड़ी ईंट उसके सिर में दे मारी। बच्ची छूटकर भागी तो आरोपी ने ईंट से एक के बाद एक करके कई प्रहार किए। मौके पर बच्ची की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी किशोर ने पास में ही हैंडपंप पर पहुंचकर अपने खून सने हाथ धोए। इसके बाद घर आकर शर्ट धोई और उसको सुखा दिया।

दूसरी शर्ट पहनकर आरोपी स्कूल में पहुंच गया, ताकि किसी को शक न हो। आरोपी कक्षा छह में पढ़ता है। आरोपी किशोर का पिता भी करीब दो महीने पहले शराब पीकर अपने घर में ही आग लगाने के मामले में गिरफ्तार हुआ था।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, घटना से पहले बनाया वीडियो और पत्नी को बताया जिम्मेदार

गाजियाबाद। लोनी स्थित राहुल गार्डन कालोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने फांसी लगाने से पहले अपना एक वीडियो बनाया और आत्महत्या के लिए पत्नी को जिम्मेदार बताया है। मृतक के परिवार वालों ने पत्नी व उसके मायके वालों के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। राहुल गार्डन कालोनी में रहने वाले 30 वर्षीय प्रदीप परिवार के साथ रहते थे। वह पेशे से वाहन चालक था। मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया कि प्रदीप की शादी करीब सात वर्ष पहले हुई थी और उसकी दो साल की बेटी भी है, लेकिन प्रदीप की पत्नी किसी व्यक्ति से फोन पर बात करती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा रहता था। वहीं, युवक के भाई ने बताया कि प्रदीप की पत्नी अपने मायके वालों को बुलाकर उसके साथ मारपीट कराती थी। 13 जनवरी को भी दोनों बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद वह बेटी को लेकर अपने मायके चली गई थी। बाद में प्रदीप पत्नी को लेने के लिए उनके घर भी पहुंचे थे, लेकिन पत्नी ने साथ आने से इनकार कर दिया। प्रदीप मानसिक तनाव में चल रहे थे। शुक्रवार रात को घर में पंखे में साड़ी बांधकर प्रदीप ने फांसी लगा ली।

नगर निगम ने डीएमआरसी को भेजा सर्विस चार्ज का 54 करोड़ का नोटिस

- केंद्र सरकार के 15 संस्थानों पर 110 करोड़ 65 लाख संपत्ति कर एवं सर्विस चार्ज बकाया
- डीएमआरसी का तर्क किसी भी प्रकार का कर जमा करने से छूट

» गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

नगर निगम ने सरकारी विभागों पर सर्विस चार्ज का बकाया होने के चलते अब नोटिस जारी करते हुए जल्द बकाया पैसा जमा कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे है। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के निर्देश पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) पर नगर निगम का 54 करोड़ से अधिक का बकाया सर्विस चार्ज का होने के चलते निगम ने अब दोबारा नोटिस भेजा है। डीएमआरसी का कहना है कि इसे किसी भी प्रकार का कर जमा करने से छूट मिली हुई हैं। इसी के साथ निगम के कर विभाग ने केंद्र सरकार के 15 संस्थानों को बकाया जमा करने का नोटिस भेजा है।

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया कि केंद्र सरकार के शहर में स्थित 15 भवनों पर 110 करोड़ 65 लाख से अधिक का संपत्ति कर एवं सर्विस चार्ज बकाया है। ऐसे में डीएमआरसी की मेट्रो सेवा के लिए 46 करोड़ 20 लाख 9802 रुपए वार्षिक मूल्यांकन तय किया गया है। वर्ष-2021-22 में कुल सर्विस चार्ज का बकाया 460341806 रुपए है।उन्होंने बताया कि पहले भी एक बार नोटिस भेजा गया था। मेट्रो स्टेशनों के सीवर, लाईट और सड़क आदि की मरम्मत व व्यवस्था पर जो खर्च होता उसके बदले में सर्विस चार्ज की डिमांड की गई है। मेट्रो से संपत्तिकर नहीं लिया जा रहा है।

इन विभागों पर है बकाया

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन 545609171 रुपए, इंडियन एयरफोर्स-209664000 रुपए, मानव संसाधन विकास केंद्र-123334239 रुपए। रेलवे विभाग संपत्ति कर-85474864 रुपए, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग-57765479 रुपए, सीआईएसएफ -25660665 रुपए, उप महा प्रबंधक एलटीटीसी कमला नेहरूनगर-11248392 रुपए, महाप्रबंधक दूरसंचार सी/ओ राजनगर-11087618 रुपए, निदा राजनगर- 7709360 रुपए, दूरसंचार मुकुंदनगर-5091414 रुपए, दूरभाष केंद्र-3161802 रुपए, केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर-1528830 रुपए, होम्योपैथिक फॉमेसी लैबोरेटरी कमला नेहरूनगर-826132 रुपए, बीएसएनएल-785484 रुपए बकाया हैं। इन्हें नोटिस भेजे गए हैं।

विकसित जीडीए के द्वारा बेसमेंट स्वीकृत किए गए पार्किंग के लिए, जीडीए के प्रवर्तन विभाग का अवैध निर्माण पर नियंत्रण नहीं...

आरडीसी की ज्यादातर बिल्डिंग के बेसमेंट में रेस्टोरेंट का खेल

» गाजियाबाद/ स्पेस प्रहरी संवाददाता

कभी उम्मीद की गई थी कि जिला मुख्यालय से लगा आरडीसी एरिया देश की राजधानी दिल्ली के कनाट पैलेस की तर्ज पर विकसित होगा। हर तरफ हरियाली दिखाई देगी तथा सड़कों पर दूर त

ब्रीफ न्यूज

गणतंत्र दिवस परेड का हुआ फाइनल रिहर्सल

स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। मंगलवार को एसएसपी श्लोक कुमार द्वारा गणतंत्र दिवस परेड का फाइनल रिहर्सल कराया गया तथा उपस्थित पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। फाइनल रिहर्सल परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण/अपराध व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

जनपद में छह हजार से ज्यादा स्कूली बच्चों ने लिया पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। परीक्षा पर चर्चा पेंटिंग एंड आर्ट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को जनपद भर के 27 स्कूलों में प्रतियोगिता करई गई जिसमें कुल 6215 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। बता दें कि सभी स्कूलों से तीन तीन विद्यार्थियों को 27 जनवरी को नगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पुरुस्कृत किया जाएगा जिसमे सांसद बुलंदशहर डॉ भोला सिंह एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल सिसोदिया द्वारा प्रथम द्वित्तीय व तृतीया पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष भाजपा दीपक ऋषि रहे।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को किया सम्मानित

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। महिला कल्याण विभाग बुलंदशहर द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर मंगलवार को खेल, शिक्षा, सामाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं/ महिलाओं को विकास भवन सभागार में सम्मानित किया गया। इसके लिए खेल से 17 बालिकाओं,शिक्षा एवं सामाजिक कार्य से 10 -10 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं /महिलाओं का चयन किया गया था।

सम्मान समारोह में विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मी राज मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी उपस्थित रहे इस सम्मान समारोह का उद्देश्य जनपद में महिलाओ को शिक्षा खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे लाकर जनपद में लैंगिक समानता लाना है । इस अवसर पर विधायक द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वृक्षारोपण भी किया गया।

सपा कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर जी की मनायी जयंती

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

अनूपशहर। मंगलवार को में सपा कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर जी की जयंती समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शेख रईस अहमद के आवास पर मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नत्थीमल सविता तथा संचालन नगर अध्यक्ष राशिद गाजी ने किया। सपा कार्यकताओं ने जन नायक कपूर्री ठाकुर जी के चित्र के सम्मुख पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर हुकुम सिंह जयंती प्रसाद हसमुद्दीन रविंद्र कुमार इंसा शेख रेहान राजू सैनी बाबा रवींद्रनाथ खलीक शेख दामोदर अशोक कुमार वीर सिंह महेंद्र बाल्मीकि इलियास पठान राशिद मुगल कालू सिंह जमाल खान रवि नाथ नसरुद्दीन अल्वी आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

पालिका ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर गो पूजन व लाभार्थियों को सम्मानित किया

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

जहांगीराबाद। शासन के आदेश पर नगरपालिका ने स्वच्छ विरासत के अंतर्गत उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर नगर की कान्हा गौशाला पर गो पूजन व लाभार्थियों को सम्मानित किया गया जिसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी अमिता वरुण ने किया। इस मौके पर नगर पालिका द्वारा बेरोजगारों को बैंक द्वारा दी जा रही लोन के लाभार्थी वह प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को भी सम्मानित। किया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अमिता वरुण ने कहा कि आज के दिन उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई इसी के तहत नगरपालिका दुआरा कार्यक्रम आयोजित किए हैं और शहीद स्मारक पर विशेष सफाई अभियान एनसीसी कैडेट्स के साथ नगर पालिका जहांगीराबाद के द्वारा किया गया है।ईओ ने उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि घरों में नष्ट सामान को बेकार न करें उसे गौशाला भेजने का काम करें जिससे सामग्री गायों के खानपान के इस्तेमाल में आ सके उन्होंने नगर पालिका द्वारा नगर में एक गाड़ी लगा रखी है जो घर-घर जाकर सामग्री प्राप्त करती है। मौके मौके पर मौके पर सफाई निरीक्षक राकेश कुमार, पालिका लेखाकार उधम सिंह, गौशाला प्रभारी जगदीश सैनी,अशोक कुमार,पवन कुमार, कुलदीप कुमार, पूर्व सभासद मोहम्मद रफीक अल्वी,नीरज शर्मा समेत आदि मौजूद थे

भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बी बनाने में प्रबुद्ध वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका

अनूपशहर। मंगलवार को प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की एक विचार गोष्ठी आयोजित कर भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित स्वावलंबी भारत बनाने पर परिचर्चा की गई। एलडीएवी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रबुद्ध लोगों की विचार गोष्ठी आयोजित कर भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बी बनाने में लोगों की भूमिका पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रो0 राजेश कुमार गर्ग ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बी बनाने में प्रबुद्ध लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक अधिवक्ता डॉक्टर वैज्ञानिक इंजीनियर पत्रकार समाज में प्रेरणा का कार्य करते हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वालंबन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर भी चर्चा हुई।

ई रिक्शा व ऑटो चालकों से अवैध वसूली का सदर विधायक ने किया पदार्फाश

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। सदर विधायक प्रदीप चौधरी ने एक वीडियो जारी करते हुए ऑटो व ई रिक्शा चालकों से अवैध वसूली करने का भंडाफोड़ किया है। विधायक ने ऑटो चालक व अपनी बातचीत की वीडियोग्राफी करवाई है । जिसमे पप्पू नाम के ऑटो चालक अवैध वसूली से तंग आकर खुद अवैध वसूली करने का प्रस्ताव विधायक के सामने रख रहा है जिसका हिस्सा वह सदर विधायक प्रदीप चौधरी को भी देने की बात कह रहा है। ऑटो चालक ने बताया कि खुर्जा और बुलंदशहर बस स्टैंड के पास कुछ युवक ऑटो और ई रिक्शों से अवैध वसूली करते हैं। उसने पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पर भी हफ्ता लेने का आरोप लगाया है।जिसको न देने पर परेशान करने की बात कही है। इस पूरे मामले की बातचीत की सदर विधायक ने वीडियो रिकॉर्डिंग कराई है जिसमे ऑटो चालक रुपये के लेने देन व पुलिस द्वारा सेटिंग करने के लिए रुपये की बात कहता नजर आ रहा है। इस पूरे मामले की वीडियोग्राफी के बाद विधायक ने मामले की सूचना पुलिस को दी है तथा पुलिस को उक्त मामले में जाँच कर कार्यवाही करने को कहा गया है।

गुम हुए फोन खोजकर पुलिस ने असली मालिकों को किये सुपुर्द

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। पुलिस सर्विलेंस टीम ने चोरी व गुम हुए 100 मोबाइल फोन खोजकर उनके असली मालिकों के सुपुर्द किये। जिनकी कीमत लगभग 14 से 15 लाख रु बताई गई है। मंगलवार सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में एसएसपी श्लोक कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने सभी मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों के सुपुर्द किया । बताते चलें कि पुलिस द्वारा मोबाइल फोन की रिकवरी के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया था जिसमें क्यूआर कोड/ लिंक--forms.gle/mLEWDm64N-vUDwJL69 के माध्यम से जनपद बुलन्दशहर में गुम/खोए हुए मोबाइलों के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। सर्विलांस टीम द्वारा ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 100 मोबाइल बरामद किये गए।

पुलिस के इस काम की चारों तरफ तारीफ हो रही है। इनमें कुछ फोन ऐसे भी थे जो दो साल पहले गुम हो गए थे। बरामद किये गये मोबाइलों में ओप्पो, विवो, रेडमी, रियलमी, सैमसंग व अन्य कम्पनी शामिल हैं। परदे के पीछे बैठे सर्विलांस टीम में हैड कांस्टेबल सुधीर अहलावत, क ा0 अंकित कुमार, का0 विपिन कुमार, का0 अजय सोलंकी व का0 दीपांशू सहरावत के नाम सराहनीय हैं।

तेंदुए की अफवाह से ग्रामीणों में दहशत

» **स्पेस प्रहरी अहार,संवाददाता** क्षेत्र के गांव चरौरा,लछोई के जंगल में तेंदुए की अफवाह ने एक बार फिर से लोगों में दहशत पैदा कर दी है, जिसके चलते ग्रामीण खेतों में आने -जाने से कतरा रहे हैं। अहार क्षेत्र के चरौरा,लछोई के जंगल में तेंदुए के दिखाई देने की अफवाह से ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीण सलीम,अंकुश,ज्ञानेंद्र सिंह,राजकुमार,अनिल,संजीव कुमार,आदि का साफ तौर पर कहना है कि रात के समय अधिकांस किसान बेसहारा पशुओ से अपनी फसलों की रखवाली करने के लिए जाते है।सोमवार की देर रात भी सभी किसान टोली बना कर जंगलो की तरह निकले ही थे तभी उन्हें टौर्च की रौशनी में एक जानवर गाय का पिछा करते हुए दिखाई दिया जिसका आकर तेदुए जैसा था ।जिसकी सुचना से क्षेत्र में खलबली मच गई और किसान अपनेझअपने घरो में कैद हो गए।सुबह होने पर ग्रामीणों ने उसके पैरो के निशान जुटा कर वन विभाग के अधिकारियों को भेजे। इस मामले में संज्ञान लेते हुए वन रक्षक चन्द्रवीर सिंह ने मौके पर जाकर छपे पंजो के निशानों को गीदड़ के पैरो का होना बताया है। जिसके बाद किसानो ने राहत की साँस ली ।

भूतेश्वर मंदिर के जीर्णोद्वार को तरस रहे लोगो ने प्राधिकरण को दिया ज्ञापन

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

बुलंदशहर। श्याम मित्र मंडल व व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को बुलंदशहर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष से मुलाकात की व नगर स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार व तीज स्थल के निर्माण के लिए एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में व्यापारी नेता विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि भूतेश्वर मंदिर नगर का सबसे प्राचीन मंदिर है तथा इसका एक इतिहास रहा है जिले के सुंदर क्षेत्रों से भी यहां भक्तजन दर्शन करने आते हैं इसके प्रांगण में एक प्राचीन तालाब है तथा हिंदुओं की मरणोपरांत तीजा करने के लिए एक तीजा स्थल है जो जीण व शीण अवस्था में है जिसके जीर्णोद्धार के लिए प्राधिकरण को कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर उक्त स्थान का सर्वे कर एस्टीमेट भी बनाया जा चुका है फिर भी अभी तक उक्त स्थान पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है मीडिया प्रभारी सौरभ गोयल ने बताया है उक्त विषय को लगभग 5 वर्षों से निरंतर शासन प्रशासन के संज्ञान में लाया जा रहा है फिर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है उन्होंने बताया है कि प्रदेश की योगी सरकार हिंदू हितों की रक्षा के लिए धर्म स्थलों के विकास के दावे करती है लेकिन इस मामले पर मौन है जो निराशा का विषय है प्रतिनिधिमंडल में अमित सिंघल नीरज अग्रवाल अशोक गिरी संजीव बाल्मीकि ओम प्रकाश दिवाकर राधेश्याम आरती मनोज पालीवाल अमित अग्रवाल विनोद सचिन आदि लोग उपस्थित रहे।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कोतवाल सहित 72 लोगों ने किया रक्तदान

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

● कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार एवं संस्था की महिला प्रभारी नीरू अग्रवाल सहित कुल 72 लोगों ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन रक्षार्थ सहर्ष रक्तदान किया।

जहांगीराबाद। देश के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन द्वारा जहांगीराबाद के जहांगीराबाद हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार एवं संस्था की महिला प्रभारी नीरू अग्रवाल सहित कुल 72 लोगों ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन रक्षार्थ सहर्ष रक्तदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोतवाली जहांगीराबाद प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह, राष्ट्र चेतना मिशन अध्यक्ष हेमन्त सिंह, सचिव सवदेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक छोटू चौधरी, जहांगीराबाद हॉस्पिटल संचालक डॉ तरुण शर्मा, भाजपा नेता भूपेन्द्र रावल आदि रहे। आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं को उपहार एवं सम्मान पत्र भेंट किया। राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने रक्त दान की आवश्यकता, महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए निःसंकोच रक्तदान हेतु तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह, सचिव स्वदेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक छोटू चौधरी, हॉस्पिटल संचालक डॉ तरुण शर्मा, राष्ट्र चेतना मिशन महिला प्रभारी नीरू अग्रवाल, बुलंदशहर चैरिटेबल ब्लड बैंक संचालक डॉक्टर चंद्रजीत सिंह तोमर, भाजपा नेता भूपेन्द्र रावल, कृष्ण मिश्रा, विकास सिंह, रवि पाल, मनीष कुमार, विशाल त्यागी , वसीम खान आदि सम्मिलित रहे।

संपादकीय

अंग्रेजो के जमाने का काला कानून

मुर्तजा सोलंकी

मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा करीब डेढ़ सदी पुराने राजद्रोह कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए रोक लगा दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजों के जमाने में बनाए गये इस बदनाम कानून पर अपना फैसला सुनाते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को इंडियन पेनल कोड (भारतीय दंड संहिता) की धारा 124ए के तहत कोई भी एफआईआर दर्ज ना करने का निर्देश दिया गया था। यह निर्देश केंद्र सरकार की तरफ से राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार करने तक के लिये है जिसका मतलब था कि अगर इस दौरान अगर राजद्रोह का कोई नया मामला दायर किया जाता है तो आरोपित व्यक्ति अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से उन लोगों को उम्मीद देने का काम किया है जो इस कानून की वजह से लंबे समय से जेल में हैं, यह एक लम्बी सूची है जिसमें कई पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता और युवा शामिल हैं। दरअसल डेढ़ सौ साल पहले 1870 में प्रभाव में आने के साथ ही यह कानून विवादों में रहा है। पहले अंग्रेजों द्वारा अपने खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया और अब आजाद हिन्दुस्तान के हुक्मरान भी यही करते आ रहे हैं। खास बात यह है कि हम ब्रिटिश सरकार के गुलामी के दौरान के जिस कानून को अभी भी ढ़ोते आ रहे हैं उससे खुद ब्रिटेन द्वारा साल 2009 में अपना पीछा छुड़ा लिया गया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए में राजद्रोह को परिभाषित करते हुये कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति सरकार-विरोधी सामग्री लिखता या बोलता है, ऐसे किसी सामग्री का समर्थन करता है या राष्ट्रीय चिन्हों का अपमान करने के साथ संविधान को नीचा दिखाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ इस धारा के तहत राजद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। राजद्रोह एक गैर जमानती अपराध है जिसके तहत तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। गौरतलब है कि राजद्रोह कानून की अवधारणा ब्रिटिश साम्राज्य की देन है जोकि 17वीं सदी में साम्राज्य के खिलाफ उठी आवाजों को दबाने के लिये लाया गया था। भारत में तत्कालीन ब्रिटिश शासन द्वारा इस कानून को 1870 में लागू किया गया था। जिसका मुख्य मकसद ब्रिटिश सरकार के विरोध में काम करने वाले भारतीय क्रांतिकारियों को रोकना और उन्हें परेशान करना था। ब्रिटिश सरकार द्वारा इस कानून का इस्तेमाल महात्मा गांधी, भगत सिंह और बाल गंगाधर तिलक जैसे राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ किया गया था। आजादी के लड़ाई के दौरान कई राष्ट्रीय नेताओं द्वारा इस कानून को हटाने की बात कही गयी थी लेकिन दुर्भाग्य से आजाद भारत के संविधान में भी धारा 124अ को जोड़ा दिया गया। खुद जवाहर लाल नेहरू जैसे नेता की सरकार द्वारा ह्लआजादी पर तर्कपूर्ण प्रतिबंधह्व के नाम पर बोलने की आजादी को सीमित करने के लिए संविधान संशोधन लाया गया। इसके बाद 1974 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा देशद्रोह को ह्यसंज्ञेय अपराधह्ल ऐसा अपराध जिसमें गिरफ्तारी के लिए पुलिस को किसी वारंट की जरूरत नहीं होती है) बना दिया गया। इस तरह से राजद्रोह कानून के तहत पुलिस को किसी को भी बिना वारंट के पकड़ने का अधिकार दे दिया गया। वर्तमान में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद से राजद्रोह के मामले बढ़ गए हैं, 2014 से 2020 के बीच इस मामले में हर साल औसतन 28 प्रतिशत मामलों की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार साल 2014 से लेकर 2020 के बीच 399 लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है।राज्यवार स्थिति देखें तो इस दौरान में सबसे अधिक राजद्रोह के मामले दर्ज करने वाले राज्यों में असम है जहां साल 2014 से 2020 के बीच पूरे देश के तकरीबन 16 प्रतिशत मामले दर्ज किये गये उसके बाद झारखंड, कर्नाटक और हरियाणा का नाम आता है। आजादी के बाद से लगभग सभी सरकारों पर इस कानून के दुरुपयोग करने के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल यह इस देश का दुर्भाग्य है कि खुद को लोकतंत्र का पहरेदार बताने वाली लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों की सरकारों को औपनिवेशिक काल का यह कानून बेहद पसंद रहा है, हालांकि इस कानून का लगातार विरोध भी होता रहा है। विपक्ष में रहने वाली हर पार्टी इसके विरोध में खड़ी नजर आती है लेकिन सत्ता में आने के बाद हर सरकार को अपने विरोधियों और आलोचकों से निपटने के लिए इस काले कानून का डंडा चाहिए। अदालतें भी इस कानून के खिलाफ मुखर रही हैं। साल 2021 में भारत का मुख्य न्यायधीश द्वारा इस कानून पर सवाल उठाते हुए कहा था, ये एक औपनिवेशिक कानून है। इसका मकसद भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलना था।।ऐसे में, आजादी के 75 साल बाद क्या इस कानून की आवश्यकता है? सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला देशद्रोह कानून को चुनौती दी जाने वाली याचिकायों पर सुनवाई के बाद आया था जिन्हें मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे (सेवानिवृत्त), एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा दायर की गयी थीं। इनमें मेजर जनरल वोम्बटकेरे 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ सियालकोट सेक्टर में युद्ध लड़ चुके हैं। मेजर जनरल वोम्बटकेरे मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहते हैं। वे हरिद्वार व दिल्ली धर्म संसद में दिए गए नफरत भरे भाषणों को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर चुके हैं। सुप्रीमकोर्ट का यह फैसला इस कानून से पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत है जो लम्बे समय से मानवधिकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने और सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़े होने की वजह से सलाखों के पीछे हैं, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद जिन लोगों पर राजद्रोह का केस चल रहा है वे जमानत के लिए निचली अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। ऐसे में राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है लेकिन यह अंतिम फैसला नहीं है, यह एक लम्बी लड़ाई की छोटी जीत है जिसका मुकम्मल होना इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्र की मौजूदा सरकार इस पर क्या रुख अख्तियार करती है। बहरहाल राजद्रोह कानून पर रोक लगाने के करीब सात महीने बाद जनवरी 2023 से सुप्रीम कोर्ट द्वरा इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक बार फिर सुनवाई शरू करने कर दी गयी है।अब देखना है कि अगली सुनवाइयों के दौरान केंद्र सरकार क्या रवैया अपनाती है। मोदी सरकार के मिजाज को देख कर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि उसका क्या रुख रहने वाला है? हालाकि सरकार के पास गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के रूप में दूसरा डंडा पहले भी मौजूद है जिसे 2019 में मोदी सरकार द्वारा संशोधन करके और भी सख्त बना दिया गया था जिसके तहत यूएपीए में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि सरकार चाहे तो बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए किसी भी व्यक्ति को आतंकवादी घोषित कर सकती है। अगर मोदी सरकार यूएपीए के साथ राजद्रोह कानून को बनाए रखना चाहती है तो निश्चित रूप से भारत के लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं होगा।

बाबाओं का झूठा बल, अंधविश्वास का दलदल



हमारा देश वैज्ञानिक दृष्टि से कितना पिछड़ा हुआ है, यह सब रोज-रोज के ऐसे कारनामे देखकर हम समझ सकते हैं, हमारे भारत की महिलाओं में कभी माताएं आती रहती है तो पुरुषों में कभी अमुक आते रहते हैं, आखिर यह अंधविश्वास और पाखंडवाद हमारे देश को किस दलदल में ले जाकर धकेलेगा। हम इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते और भारत की लाखों करोड़ों जनता इन जैसे पाखंडियों के जाल में फंस कर के अंधविश्वास और पाखंड के दलदल में धंसते जा रहे हैं। हमारे देश में औरतों के दु:ख का तो ये हाल है कि उनके सुख अलग हो सकते हैं, पर दु:ख सबके लगभग एक से ही। इसलिए इन बाबाओं के लिए औरतों के दुखों का आकलन करना मुश्किल नहीं है, बाबा इन्हें दु:ख बताते हैं और ये चमत्कार मानकर अपने दुखों से मुक्ति पाने के नाम पर अधिकांश औरतें टोने-टोटके तक करना शुरू कर देती है।उसके बाद भी इतने लंबे समय तक चुनाव प्रक्रिया चलाना सभी को आश्चर्य में डालता है।

पढा लिखा व्यक्ति यदि अपने आप को अंधविश्वास, मनुवाद, पाखण्ड की दलदल से बाहर नहीं निकाल पाए तो उसके शिक्षित होने का कोई मतलब नहीं है। किसी महापुरुष ने कहा था शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतना दहाड़ेगा। इसको अंधविश्वास के दलदल में मत धकेलो। स्वामी विवेकानंद ने कहा था- मैं आप लोगों को अंधविश्वासी मूर्खों के बजाय पक्के अनीश्वरवादियों के रूप में देखना ज्यादा पसंद करूंगा। अनीश्वरवादी जीवित तो होता है, वह किसी काम तो आ सकता है। किन्तु जब अंधविश्वास जकड़ लेता है तब तो मस्तिष्क ही मृतप्राय हो जाता है, बुद्धि जम जाती है और मनुष्य पतन के दलदल में अधिकाधिक गहरे डूबता जाता है ह्व और भी, यह कहीं ज्यादा अच्छा है कि तर्क और युक्ति का अनुसरण करते हुए लोग अनीश्वरवादी बन जायें- बजाय इसके कि किसी के कह देने मात्र से अंधों की तरह बीस करोड़ देवी-देवताओं को पूजने लगें।

हमारा देश वैज्ञानिक दृष्टि से कितना पिछड़ा हुआ है, यह सब रोज-रोज के ऐसे कारनामे देखकर हम समझ सकते हैं, हमारे भारत की महिलाओं में कभी माताएं आती रहती है तो पुरुषों में कभी अमुक आते रहते हैं, आखिर यह अंधविश्वास और पाखंडवाद हमारे देश को किस दलदल में ले जाकर धकेलेगा। हम इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते और भारत की लाखों करोड़ों जनता इन जैसे पाखंडियों के जाल में फंस कर के अंधविश्वास और पाखंड के दलदल में धंसते जा रहे हैं। हमारे देश में औरतों के दु:ख का तो ये हाल है कि उनके सुख अलग हो सकते हैं, पर दु:ख सबके लगभग एक से ही। इसलिए इन बाबाओं के लिए औरतों के दुखों का आकलन करना मुश्किल नहीं है, बाबा इन्हें दु:ख बताते हैं और ये चमत्कार मानकर अपने दुखों से मुक्ति पाने के नाम पर अधिकांश औरतें टोने-टोटके तक करना शुरू कर देती है। जिसका खामियाजा सबसे ज्यादा मोहल्ले की उस सड़क ने भुगता जिस पर सुबह -सुबह कभी बताशे, कभी नींबू तो कभी दिया रखा मिलता है और उस दिन किसी भी घर में किसी को सिर दर्द भी हो जाये तो इल्जाम इन्ही नींबू, बताशों के सर आता है। ये सब आज से बीस साल पहले कौतूहल भरा था कि मोहल्ले के किसी ना किसी घर से रोज टोटका होने की खबर आ जाती और हम जैसे साइंस पढ़ने वाले या पढ़ चुके बच्चे इस पर भरोसा भी करते। हमारे पास भरोसा ना करने का कोई ऑप्शन नहीं था। क्योंकि ऐसी चीजें हमारी परवरिश का हिस्सा थीं। शायद अब फिर भी कम हो गया हो। पर पहले ऐसे ढोंगी बाबाओं से चबूतरे गुलजार रहते। एक बार मेरे मेरे ही किसी रिश्तेदार के चबूतरे पर आये एक बाबा ने सोने की एक चेन को दो बनाने का दावा करके पढ़े-लिखे परिवार की महिलाओं को भरी दोपहरी में चूना लगाया था। मेरे जहन में ऐसे ढोंगी बाबाओं की हजारों कहानियाँ हैं और मुझसे जुड़े हुए लोग जो इसे पढ़ रहे हैं उनके भी मन में होंगी ही।

पर ये सब जानते हुए भी हम उसी दलदल में जाते हैं। जहाँ फंसने की आशंका का हमें पता होता है। हम इंसान हैं, कभी-कभी दु:ख हमें इस हद तक तोड़ता है कि अपनी पीड़ा तो इंसान फिर भी सहन कर ले। लेकिन बात जब परिवार और खासकर बच्चों की हो तो उनके कष्टों के निवारण के लिए वो नंगे पैर आग पर चलने को भी तैयार हो जाएगा। इसलिए हम सब कितने ही दावे कर लें पर कहीं ना कहीं अंधविश्वास के झांसे में आ ही जाते हैं, और ये जानते हुए भी आते हैं कि इससे कुछ नहीं होगा। हमारे घरों में नजर उतारना इसका सबसे बढ़िया उदाहरण है, गांवों का तो खासकर ये हाल है कि बीमारी कोई भी हो वो सबसे पहला इलाज नजर उतारकर ही करते हैं। इसका मतलब ये नहीं कि बीमार को डॉक्टर के पास नहीं ले जाया जा रहा, वो दवाइयाँ ले रहा है। पर जब अपना कोई ठीक ना हो तो सपने में भी बताए नुस्खे पर, हम जैसे लोग भरोसा कर लेते हैं और विवश होकर कभी -कभी कुछ नहीं सूझता तो उसकी बीमारी में खुद रोते हुए उसके ऊपर चप्पल ही घुमाने लगते है। ये जानते हुए भी कि ये अंधविश्वास है। ऐसे पलों में लोग बहुत कमजोर हो जाते हैं और लगता है कि मेरा अपना कैसे भी ठीक होना चाहिए। इसलिए मैं इन बाबाओं के दरबार में तकलीफ लिये लोगों को रोते बिलखते देखती हूँ तो समझ पातें है उनकी पीड़ा। इनमें से लाखों लोग जानते हैं कि ये सब ढोंग है, पर वे उस कष्ट के आगे हार जाते हैं जो उनका करीबी भोग रहा होता है या वे स्वयं खुद और ऐसे स्थानों और बाबाओं के आगे नतमस्तक हो जाते हैं। ये पीढ़ियों से चलता आया है और आगे भी चलेगा, हम मनुष्य हैं, हम दूसरों के कमजोर पलों में उसे छलना बखूबी जानते हैं। सही मायने में हमारे देश का विकास इस पाखंड और अंधविश्वास से नहीं बल्कि वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने से होगा। आज का भारत मूत पिएगा, गोबर से नहाएगा, गोबर की पूजा करेगा तो उनका दिमाग भी गोबर की तरह ही रहेगा। अंधविश्वास पाखंड में ही उलझा रहेगा। हमारा देश कभी तरक्की नहीं कर पाएगा। कोरिया, चीन, जापान, भूटान, अमेरिका जैसे मिसाइल वगैरह नहीं तैयार कर पाएगा, ना आगे बढ़ पाएगा। अंधविश्वास और पाखंड में ही फंस के रह जाएगा।

कानून बनाने से नहीं, सोच बदलने से खत्म होगी लैंगिक असमानता

कहते हैं कि जिस घर में होता है बेटियों का सम्मान, वह घर होता है स्वर्ग के समान। हमारा संविधान किसी प्रकार से लड़का और लड़की में फर्क की इजाजत नहीं देता है। लेकिन आजादी के 75 साल में भी देश के दूरदराज इलाकों में लैंगिक असमानता बनी हुई है। हालांकि इन्ही असमानताओं को खत्म करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 24 जनवरी 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य जहां लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है वहीं उन्हें सशक्त बनाना भी है। इसके साथ ही समाज में लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक करना और यह भी सुनिश्चित करना है कि हर बालिका को उसका मानवीय अधिकार मिले। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बालिका दिवस को मनाने के लिए 24 जनवरी का दिन इसलिए भी सुनिश्चित किया, क्योंकि इसी दिन 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

वैसे तो भारत का संविधान पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करता है लेकिन फिर भी लैंगिक असमानताएं अभी भी बनी हुई है। हालांकि सरकार लगातार इस बात के लिए प्रयासरत है कि किसी भी तरह पुरुष और महिलाओं की इस को कम किया जाए। लेकिन आंकड़े अभी भी चीख चीख कर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि लड़कियों के साथ भेदभाव जारी है। यह भेदभाव उसके जन्म से पहले से शुरू हो जाता है। कुछ लोग लड़के की चाहत में लड़की को अनदेखा करते हैं। जो कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा देता है। आश्चर्य की बात यह है कि पढ़े लिखे सभ्य समाज में भी लड़का और लड़की के बीच भेदभाव नजर आता है। सरकार और सामाजिक संगठनों के लाख प्रयास के बावजूद भी कन्या भ्रूण हत्या का अभिशाप कम तो हुआ है, परंतु पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि इंडिया डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना काल में भी जब राजस्थान में लॉकडाउन था, लोग घरों में बंद थे। उसके बावजूद भी बेटियों का कोख में कत्ल और लावारिस फेंकने के मामले कम नहीं हुए। पिछले 5 सालों के आंकड़े देखें तो साल 2020 और 2021 में कन्या भ्रूण हत्या और बच्चियों को लावारिस फेंकने के मामलों में वृद्धि हुई है। साल 2018 में नवजात शिशुओं को फेंकने के 56 मामले सामने आए थे जबकि कन्या भ्रूण हत्या के 124 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं वर्ष 2019 में नवजात शिशु को फेंकने के 83 मामले सामने आए जबकि कन्या भ्रूण हत्या के 151 मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2020 में नवजात शिशु को फेंकने के 64 मामले सामने आए जबकि कन्या भ्रूण हत्या के 151 मामले दर्ज हुए। वहीं वर्ष 2021 में भी नवजात शिशु को फेंकने के 59 मामले सामने आए जबकि कन्या भ्रूण हत्या के 124 मामले दर्ज किए गए। यह आंकड़े इस ओर साफ इशारा कर रहे हैं कि सरकार के लाख प्रयास करने के बावजूद भी अभी भ्रूण हत्या जैसा घिनौना पाप पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। सिर्फ भ्रूण हत्या ही नहीं, बालिकाओं के लिए समय से पूर्व विवाह यानि बाल विवाह भी एक बड़ी समस्या है। भारत में प्रत्येक वर्ष 18 से कम उम्र में लगभग 15 लाख लड़कियों की शादी होती है। वर्तमान में 15 से 19 आयु वर्ग की लगभग 16 प्रतिशत किशोरियों की शादी हो चुकी है। जिसके कारण भारत में दुनिया की सबसे अधिक बालिका वधुओं की संख्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व की अपेक्षा बाल विवाह की दर में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। जो वर्ष 2015-16 में 27 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019-20 में 23 प्रतिशत हो गई है। लेकिन अभी भी इस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था ह्ययूनिसेफह्ल का कहना है कि जिस लड़की की शादी कम उम्र में हो जाती है, उसके स्कूल से बाहर हो जाने की संभावना बढ़ जाती है तथा समुदाय में योगदान देने की क्षमता कम हो जाती है। उसके साथ घरेलू हिंसा का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। समय पूर्व विवाह होने के कारण गर्भावस्था और प्रसव के दौरान गंभीर समस्याओं के कारण अक्सर नाबालिग लड़कियों की मृत्यु भी हो जाती है। हालांकि किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उनका विवाह कानूनी उम्र के बाद हो, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार हो, उन्हें अच्छी शिक्षा में सहायता मिले और उनके कौशल का विकास हो सके, जिससे वह अपने आर्थिक योग्यता को साकार कर सकें। जल्द विवाह होने से लड़कियों की जिंदगी पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है, इसका एक उदाहरण जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला के कष्टीगढ़ तहसील की रहने वाली मोनिका (बदला हुआ नाम) का परिवार है। वह बताती हैं कि मेरी बड़ी बहन की शादी तब हो गई जब वह 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। अभी उसको शादी की कोई सोच समझ नहीं थी। कम उम्र में शादी करा देने का परिणाम ये हुआ कि केवल एक ही वर्ष बाद दोनों का तलाक हो गया। अब मेरे मां-बाप को को पछतावा हो रहा है। वहीं मेरी बहन की जिंदगी पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ा। वह मानसिक रूप से इतना टूट गई कि डिप्रेशन में चली गई। हालांकि अब वह इस सदमे से उबर कर आत्मनिर्भर बन चुकी है। अब मेरे घर वालों ने इस गलती से सीख लेते हुए यह निर्णय किया है कि अब वह मुझे पढ़ाएंगे ताकि मैं अपनी जिंदगी के अहम फैसले खुद ले सकूं। शिक्षा के मामले में भी असमानताएं साफ तौर से नजर आती हैं। भारत का कोई ऐसा राज्य या केंद्र प्रशासित प्रदेश नहीं है, जहां पर महिलाओं की साक्षरता दर पुरुषों के समान हो। शिक्षा के क्षेत्र में जहां पर भारत में पुरुषों का साक्षरता दर 84।4 प्रतिशत है, वहीं पर महिलाओं का 71।5 प्रतिशत है, लगभग 13 प्रतिशत का राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं की साक्षरता दर में फर्क साफ देखा जा सकता है। बात करें धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की तो साल 2011 की जनगणना के आधार पर इस केंद्र प्रशासित प्रदेश में जहां पुरुष साक्षरता दर 76।75 प्रतिशत है, वहीं महिला साक्षरता की दर 56 प्रतिशत है। लगभग 20 प्रतिशत का फर्क साफ तौर पर नजर आ रहा है। इन आंकड़ों से ये साफ हो जाता है कि अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं के साथ भेदभाव जारी है। भारत में ऐसे कई गांव हैं, जहां आज भी 10वीं और 12वीं की पास करते ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है।इस मुद्दे पर सामाजिक कार्यकर्ता सुखचैन लाल कहते हैं कि आज भी ज्यादातर गांवों में लोग अपनी बेटियों को दसवीं और बारहवीं तक पढ़ाते हैं, जबकि बेटे को उच्च शिक्षा दिलाते हैं।

वैसे तो भारत का संविधान पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करता है लेकिन फिर भी लैंगिक असमानताएं अभी भी बनी हुई है। हालांकि सरकार लगातार इस बात के लिए प्रयासरत है कि किसी भी तरह पुरुष और महिलाओं की इस को कम किया जाए। लेकिन आंकड़े अभी भी चीख चीख कर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि लड़कियों के साथ भेदभाव जारी है। यह भेदभाव उसके जन्म से पहले से शुरू हो जाता है। कुछ लोग लड़के की चाहत में लड़की को अनदेखा करते हैं। जो कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ावा देता है। आश्चर्य की बात यह है कि पढ़े लिखे सभ्य समाज में भी लड़का और लड़की के बीच भेदभाव नजर आता है। सरकार और सामाजिक संगठनों के लाख प्रयास के बावजूद भी कन्या भ्रूण हत्या का अभिशाप कम तो हुआ है, परंतु पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा है। हालत यह है कि इंडिया डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना काल में भी जब राजस्थान में लॉकडाउन था, लोग घरों में बंद थे।क्योंकि पहले की नियुक्तियां पुराने भर्ती एवं सेवा नियमों के तहत हुई थीं और उनकी पेंशन को निरस्त करना गैर कानूनी था, इसलिए वर्ष 1 जनवरी 2004 के बाद केंद्र ने और राज्य सरकारों ने भर्ती एवं पदोन्नति सेवा शर्तों को बदल सेना को छोड़ बाकी सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अधीन लाया।

गणतन्त्र दिवस पर : गणतंत्र का राजा आमजन कब मुस्कुराएगा!

हमारा संविधान भले ही जाति धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न करता हो लेकिन राजनीति से जुड़े लोग सत्ता की चाबी हाथ लगते ही चाबी अपने पास बनाये रखने के लिए भारतीय संविधान को उसकी मूल भावना से परे जाकर अपने अपने स्वार्थ से परिभाषित करने का प्रयास करते है। तभी तो अभी तक भारतीय संविधान को अनेक बार संशोधनों का सामना करना पड़ा है। भारतीय संविधान की वर्षगांठ पर यह विचार करना आवश्यक है कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र में क्या सही मायनों में स्वस्थ लोकतंत्र सुरक्षित है। क्या यह सच नही है कि गण का तंत्र होने पर भी गण यानि आमजन ही अपने अधिकार से वंचित होकर रह गए है।

भारतीय संविधान में आमजन को ही अपना शासक चुनने का अधिकार है। वोट के माध्यम से जिसे चाहे आम जनता फर्श से अर्श पर और अर्श से फर्श पर पहुंचा सकती है। लेकिन क्या वास्तव में वोटर असली राजा की भूमिका निभा पा रहा है? क्या वह शतप्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग कर पाता है? क्या अपना शासक चुनने के लिए वोट देते समय वह लोभविहीन रहकर देशहितसमाजहित व समाज के आखिर व्यक्ति तक के हित के बारे में सोचकर निष्पक्ष मतदान करने का दायित्व निभा पा रहा है? यदि नही तो फिर कैसे दुनिया का यह सबसे बड़ा गणतंत्र सुरक्षित रह पाएगा यह विचारणीय विषय है। हमारा संविधान भले ही जाति धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न करता हो लेकिन राजनीति से जुड़े लोग सत्ता की चाबी हाथ लगते ही चाबी अपने पास बनाये रखने के लिए भारतीय संविधान को उसकी मूल भावना से परे जाकर अपने अपने स्वार्थ से परिभाषित करने का प्रयास करते है। तभी तो अभी तक भारतीय संविधान को अनेक बार संशोधनों का सामना करना पड़ा है। भारतीय संविधान की वर्षगांठ पर यह विचार करना आवश्यक है कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र में क्या सही मायनों में स्वस्थ लोकतंत्र सुरक्षित है। क्या यह सच नही है कि गण का तंत्र होने पर भी गण यानि आमजन ही अपने अधिकार से वंचित होकर रह गए है। भारतीय संविधान लागू होने के बाद आमजन को लगा था कि अब उनका अपना शासन उनके खुद के द्वारा ही किया जाएगा। लेकिन कुछ बड़े लोगो की जेब का खिलौना बने राजनीतिक दलों ने आमजन को दरकिनार कर इन तथाकथित बड़े लोगो के सहारे देश में सत्ता प्राप्त करने की ऐसी चाल चली कि लोकतन्त्र बेचारा धराशाही होकर रह गया। विधायको और सांसदो की कथित खरीद फरोख्त ने तो देश के लोकतन्त्र को कमजोर करके रख दिया है। भारतीय गणतन्त्र को यूं धराशाही करने की कोशिश की जाएगी यह पहले किसी ने सोचा तक नही था। तभी तो इस लोकतन्त्र में क्या वास्तव में आमजनता को उनका अपना वास्तविक तन्त्र मिल पाया? भारतीय संविधान की मूल भावना जनता पर जनता के द्वारा शासन का सपना क्या वास्तव में चरितार्थ हो पाया? सन 1950 में भारतीय संविधान देश में लागू हो गया था। देश के प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान में समानता का अधिकार मिला था। लेकिन गणतन्त्र लागू होने के इतने सालों बाद भी देश मे नाम मात्र के लोगो का ही गणतन्त्र बन पाया है। देश मे शासन वे लोग ही कर रहे हैजिनके पास धन बल की ताकत है। देश की आम जनता आजादी के बाद से आज तक इन धन बल वालो की ही गुलाम बनी हुई है। यही कारण है कि आम लोग जब असहनीय रूप से शोषित और पीड़ित हो जाते है तो वे अपने अधिकारों के लिए सडकों पर आकर आंदोलन करने को मजबूर होते है। जिन्हें इन्ही शासकों द्वारा लाठी डंडे से दबाने की कोशिश की जाती है। साथ ही अब यह तय है कि अब आम आदमी अपने विरूद्ध होने वाले हर अन्याय का प्रतिवाद करने को तैयार हो गया है। फिर भी ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रपति पद तक के चुनाव में कोई भी आम आदमी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता है। ग्राम स्तर पर गांव के धनाढय वर्ग से जुडे लोग चुनाव लडते है तो क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत विधान सभालोक सभा चुनाव मे भी आम जनता मे से कोई चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता है। क्योकि लाखो करोड़ो रुपयों के बिना अब कोई भी चुनाव लडना सभंव नही रह गया है। राज्य सभा और विधानपरिषद तो राजनीतिक दलो की अपनी बपोती बन गई है। शायद ही किसी गरीब और आम आदमी को इन सदनो मे से किसी का सदस्य बनाया जाता हो बडी राजनितिक पार्टिया अपने चेहतो को राज्य सभा और विधान परिषदो मे भेजकर उपकृत करती रही है। इन सीटो पर वे अपने चेहतो को भेजने के लिए संख्या बल के हिसाब से सीटो का आपसी बटवारा कर लेते है। जिस कारण आम जनता हर बार ठगी सी रह जाती है। इसी कारण इन सदनो मे चुनकर जाने वाले नेता अपने क्षेत्र के प्रति जवाबदेह भी नही रहते यहां तक कि उनकी सांसद निधि और विधायकनिधि या तो खर्च ही नही हो पाती या फिर उसका जमकर दुरूपयोग किया जाता है। जो राष्ट्रहित में नही है। गत चुनाव मे एक भी ऐसा प्रत्याशी किसी बडे राजनीतिक दल से चुनाव मैदान में नही आया जो गरीब की रेखा से नीचे का हो या फिर आमजनता के बीच का हो और किसी बडी राजनीतिक पार्टी ने उसे टिकट दिया हो। जीवनभर अपनी पार्टी के प्रति वफादार रहने वाले भी इसी कारण टिकट से वंचित रह जाते है क्योकि उनके पास धन बल नही होता।

अपने लेख, पत्र आदि यहां भेजें-editorial@spaceprahari.com यहां प्रकाशित लेखों में लेखकों के निजी विचार हैं। उनसें संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं है। स्पेस प्रहरी में प्रकाशित समाचार, विचार, लेख अथवा विज्ञापन आदि से अगर किसी को कोई आपत्ति है तो कृप्या स्पष्टीकरण या सुझाव हेतू संपादक की ईमेल आईडी sampadak@spaceprahari.com अथवा व्हाट्सएप नंबर 9837136777 पर प्रेषित करें। किसी भी प्रकार के विवाद निस्तारण के लिए न्यायिक क्षेत्र केवल बुलंदशहर ही होगा।

समाजसेवी संस्था ने टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार देने पर जताई सहमति

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

सहारनपुर। प्रधानमंत्री मोदी के 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य के मद्देनजर महानगर की कई सामाजिक संस्थाओं ने मरीजों को प्रतिमाह सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटीनयुक्त सामग्री व पौष्टिक आहार देने पर सहमति जताई गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सरवेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में सामाजिक संस्था हैंड्स टू केयर वैल्फेयर सोसायटी, रोटरी क्लब, एंटी क्रप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, आह्वान, रंगयात्रा व समाजसेवी स. हरप्रीत सिंह ने सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटीनयुक्त सामग्री व पौष्टिक आहार की किट मूंगफली, भूने चने, तिल गुड, व बोर्नविटा देने के लिए सहमति जताई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव मांगलिक ने संस्थाओं का आभार जताते हुए जिले की अन्य संस्थाओं से भी इस कार्य में सहयोग करने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सरवेश कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी संस्थाओं ने निक्षय पोर्टल पर स्वयं अपनी संस्था की एंट्री करके ऑनलाइन सहमति भी दर्ज की है। फरवरी माह में टीबी सेनेटोरियम के ऑडिटोरियम हॉल में जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित करके इन संस्थाओं द्वारा गोद लिए जाने वाले मरीजों को बुलाकर पोषण किट वितरित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सीएमओ डा. संजीव मांगलिक व संचालन एम. पी. सिंह चावला ने किया। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड, डा. कुणाल जैन, मुकेश कुमार, प्रमेंद्र यादव, डा. रमनदीप सिंह, गौरव गाबा, सुशील सडाना, अनमोल मल्होत्रा, एस. सी. सपरा, कामिनी, दिनेश तेजान, स. हरजीत सिंह गोगिया आदि मौजूद रहे।

सहारनपुर में समाजसेवी संस्थाओं की बैठक को सम्बोधित करते सीएमओ।

● जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सरवेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में सामाजिक संस्था हैंड्स टू केयर वैलफेयर सोसायटी, रोटरी क्लब, एंटी क्रप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, आह्वान, रंगयात्रा व समाजसेवी स. हरप्रीत सिंह ने सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटीनयुक्त सामग्री व पौष्टिक आहार की किट मूंगफली, भूने चने, तिल गुड, व बोर्नविटा देने के लिए सहमति जताई।

ब्रीफ न्यूज

पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शराब तस्कर

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

राव शमीम

सहारनपुर। थाना चिलकाना पुलिस ने तीन शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब, चाकू व बाइक बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुसार थाना चिलकाना पुलिस ने थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार राय के निर्देशन में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक धीरसिंह के नेतृत्व में तीन शातिर नशा तस्करों विंकल उर्फ विकास पुत्र लालसिंह, अजीत पुत्र राजेंद्र, वीरसिंह पुत्र लालसिंह निवासीगण रघुनाथपुर उर्फ छोटी पठेड़ थाना चिलकाना को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक संख्या एचआर-16डी- 9121 पर परिवहन कर लाई जा रही 24 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का व दो नाजायज चाकू बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा-63/72 व शस्त्र अधिनियम की धारा-4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर नशा तस्कर

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

सहारनपुर। कोतवाली देहात पुलिस ने तीन शातिर नशा तस्करों को पकड़कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नाजायज चरस बरामद कर ली। मिली जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली पुलिस ने कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल व उपनिरीक्षक दीपचंद के नेतृत्व में चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत गांव रसूलपुर में मढ़ वाले रास्ते पर स्थित कब्रिस्तान के पास से तीन शातिर नशा तस्करों मोनिस पुत्र कमर खान निवासी रमजानपुर रसूलपुर कोतवाली देहात, शाहरूख पुत्र तासीन निवासी शिराज कालोनी खाताखेड़ी थाना मंडी हाल निवासी गुलदस्ता कालोनी रसूलपुर कोतवाली देहात व रागी पुत्र रियाज अहमद निवासी गुलदस्ता कालोनी कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 660 ग्राम नाजायज चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

सहारनपुर। कोतवाली देहात पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी के मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। देहात कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रसूलपुर निवासी बिलाल पुत्र इब्राहिम की दुकान से बाइक संख्या यूपी-12एजेड-5784 पर सवार दो आरोपियों द्वारा वादी का मोबाइल चोरी कर ले जाने के सम्बंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आज उनक व उपनिरीक्षक दीपचंद यादव के नेतृत्व में पुलिस ने दो शातिर चोरों इमरान पुत्र सूबेदीन निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशे व मन्नान पुत्र शमीम निवासी चाटका कोतवाली देहात को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल, एटीएम, आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त बाइक संख्या यूपी-12एजेड- 5784 बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

शहीद के बलिदान दिवस पर 45 ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

» स्पेस प्रहरी संवाददाता ब्यूरो सुधीर सोहल

सहारनपुर। एरोन एजुकेशन वैलफेयर सोसायटी एवं फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद निशांत शर्मा के बलिदान दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 45 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शारदा नगर स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, नकुड़ के भाजपा विधायक मुकेश चैधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, स्कूल निदेशक नवीन गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से शहीद निशांत शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान उन्होंने शहीद के माता-पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में केएलजी पब्लिक स्कूल प्रिचग्रो पब्लिक स्कूल, आर नटराज डांस एकेडमी, सांवलपुर नवादा यूथ क्लब, विरद कला केंद्र व एरोन पाठशाला के बच्चों द्वारा देशभक्ति की प्रस्तुति देकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में बबीता मलिक, मनीषा शर्मा, चिंटू त्यागी, कुलदीप भारती, पिंटू, राहुल, अक्षय, दिनेश वर्मा, मेडि शर्मा, विनोद कुमार, नितिन, शरद, अनूप शर्मा, निशांत कुमार, सपना ठाकुर, राजकुमार त्यागी, मनीष सैनी, साजिद, गणेश, रश्मि टैरेंस, ज्योति चैधरी, गीता चैहान, राहुल गुणदेव, जसपाल भट्टी, राजीव सैनी, विनीत रामपाल, अर्जुन शर्मा, पारथ माहेश्वरी, तरूण भोला, पंकज पांचाल, आनंद भाटिया आदि मौजूद रहे।

लापता बच्चे का शव लिने से फैली सनसनी, परिजनों में कोहराम

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

श्रवण शर्मा

सहारनपुर। गंगोह कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गांव खानपुर गुर्जर के जंगल में लापता चार वर्षीय बालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर एसएसपी समेत पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार गंगोह कोतवाली क्षेत्रांतर्गत गांव खानपुर निवासी दलित राजकुमार का चार वर्षीय बेटा लक्ष्य विगत 2 जनवरी को लापता हो गया था। परिजनों द्वारा लक्ष्य की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे परंतु बच्चे का कोई सुराग नहीं लग सका था। आज सुबह खानपुर गुर्जर निवासी रियासत अपने खेत में घुसे लावारिस पशुओं को निकालने के लिए गया था तो वहां उसे बच्चे का सड़ा-गला शव दिखाई दिया। इस पर रियासत ने इसकी जानकारी ग्रामीणों व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे तथा लापता लक्ष्य के परिजनों को बुलाकर शव की पहचान कराई तो परिजनों ने कपड़ों व जूतों के आधार पर उसकी पहचान लक्ष्य के रूप में की। सूचना मिलने पर एसएसपी डा. विपिन ताड़ा व सीओ अभितेष सिंह मौके पर पहुंचे तथा फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम ने कई नमूने लिए तथा डॉग स्क्वायड ने भी जानकारी हासिल की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। एसएसपी डा. ताड़ा ने बताया कि लक्ष्य की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी कड़ी में गांव के तालाब को भी खंगाला गया था। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व सभी पहलओं पर घटना की जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। उधर लक्ष्य का शव मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सहारनपुर में गंगोह में घटनास्थल का निरीक्षण करते एसएसपी डा. विपिन ताड़ा।

छात्र सम्मेलन में की खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

ब्यूरो सुधीर सोहल

सहारनपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर छात्र सम्मेलन में नई शिक्षा नीति में वोकशनल पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन की खामियों को दूर करने एवं जनपद सहारनपुर में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जनमंच सभागार में आयोजित महानगर छात्र सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. घनश्याम वत्स ने कहा कि अभाविप अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। उसी के निमित्त देश के प्रत्येक जिले में जिला छात्र सम्मेलन का आयोजन किया रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ चालक राकेश वीर ने कहा कि स्थापना काल से ही विद्यार्थी परिषद ने छात्रहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को उठाया और राष्ट्रव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि आज इस संगठन से जुड़े रहे लोग समाज व जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सम्मेलन के पश्चात अभाविप द्वारा जनमंच सभागार से नवाबगंज चैक स्थित कार्यालय तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रांत सहमंत्री वंदन कौशिक, दिनकर मलिक, दिवाकर बावरा, मोहित पंडित, निधि राणा, ऋषभ त्यागी, अक्षय सैनी, रवि पंवार, वरूण राय, विशाल, चरण सैनी, अशुल शर्मा, बंटी धीमान, आशु कुमार, पंकज उपाध्याय, सूरज विज, आदित्य सैनी, सन्नी कौशल आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहारनपुर में अभाविप के छात्र सम्मेलन में दीप प्रज्जवलित करते अतिथिगण।

अधिवक्ताओं ने जिला मुख्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

सहारनपुर। दि कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांगों का समाधान कराने की मांग की। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दि कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े सदस्यों ने अध्यक्ष ठा. यशपाल सिंह एडवोकट व महासचिव रणवीर सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं का पांच लाख रूपए का चिकित्सा बीमा, उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावो का एक माह के अंदर भुगतान, जिले में अधिवक्ताओं के चैम्बर का निर्माण, अधिवक्ताओं को मरणोपरांत पत्रकार की मृत्यु पर मिलने वाली धनराशि के समान धनराशि शासन की ओर से देने, 60 वर्ष से अधिक के अधिवक्ताओं के लिए 40 हजार रूपए प्रति माह की पेंशन, एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट को तत्काल लागू करने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना था कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वे पुनः धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारियों में कृपाल सिंह, जसपाल सिंह, अशोक शर्मा, ऋषिपाल सिंह, धीरसिंह, हरनाथ सिंह, राजेश सैनी, अजय त्यागी, रजनीश कुमार, विजय कुमार, मानसिंह, जितेंद्र सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

नकल विरोधी परीक्षा के लिए रासुका छात्रों पर नहीं बल्कि अधिकारियों पर लगनी चाहिए:डॉ अशोक मलिक

सहारनपुर। महानगर के 62 फुटा रोड़ स्थित दून पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की आकस्मिक बैठक महानगर अध्यक्ष गयूर आलम की अध्यक्षता व प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट के संचालन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक ने कहा कि वर्तमान सरकार मैं बैठे उच्च अधिकारी सरकार की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रहे हैं। हम नकल विरोधी परीक्षा कराने के पुरजोर पक्ष में है परीक्षा नकल विरोधी होनी चाहिए लेकिन नाबालिक बच्चों को रासुका (एनएसए) लगाकर घर की कुर्की करने का फरमान बेतुका है। छात्रों के अभिभावक की क्या गलती है की घर की कुर्की हो। सरकार को चाहिए अपने उच्च अधिकारियों पर लगाम लगाकर कार्रवाई करने का काम करें। एनएसए (रासुका) अधिकारियों पर लगनी चाहिए। अधिकारियों की मर्जी के बगैर कोई पेपर लिक नहीं होता।

पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को भेजा जेल

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

सहारनपुर। कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर मनिहारान कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार व उपनिरीक्षक महेश चंद के नेतृत्व में वांछित व वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर द्वारा जारी किए गए वारंट के मामले में एक आरोपी योगेश कुमार पुत्र अमन कुमार निवासी साढौली दूलीचंद कोतवाली रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

देश में कपूर्री मॉडल अपनाने की आवश्यकता

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रखर समाजवादी चिंतक, विचारक व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती पर भावपूर्ण नमन कर उनके आदर्शों व सिद्धांतों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। स्थानीय अम्बाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपाइयों ने जिलाध्यक्ष चै. अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चै. अब्दुल वाहिद ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर ने आजीवन शोषित, पीड़ित व वंचित समाज के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महापुरूष के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व मंत्री सरफराज खान व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष इंजी विजेश शर्मा ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने कभी भी स्वार्थ की राजनीतिक नहीं की और आजीवन उपेक्षित समाज को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि बिहार के कपूर्री फामूर्ले के आधार पर देश में पिछड़ों व अति पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। कार्यक्रम को पूर्व महानगर अध्यक्ष फैसल सलमानी, जिला उपधयक्ष हसीन कुरैशी, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, अमरीश चैटाला, चै. अब्दुल गफूर, वेदपाल पटनी, महजबी खान, श्रीमती सुमन लता ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान राजेश सैनी, परवेज खान प्रधान, इरशाद सलमानी, जमाल साबरी, शाहनवाज चांद, जुमला सिंह, हाजी खुर्शीद, साबरीन, वासिल तोमर, महफूज अंसारी, कुंवरपाल अहमदपुर, सालिम प्रधान, सतवीर सिंह, राव शमीम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायलावस्था में गिरफ्तार, साथी फरार

» ब्यूरो सुधीर सोहल

सहारनपुर। देवबंद कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रूपए के इनामी बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गए बदमाश के कब्जे से पिस्टल व बाइक बरामद कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताड़ा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि देवबंद कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक हृदय नारायण सिंह, उपनिरीक्षक धीरज सिंह व नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बीती रात्रि सांपला-बरला रोड पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जो पुलिस को देखकर फायरिंग करते हुए फरार होने लगे। सांपला-बरला रोड पर गांव धारूवाला से पहले बास्तम से गांव बाबूपुर की ओर जाने वाली राजवाहे की पटरी पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी बदमाशों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया। फायरिंग में इनामी बदमाश सक्षम त्यागी उर्फ घोलू पुत्र बॉबी त्यागी निवासी गांव सरसीना थाना नागल घायल हो गया। जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश सक्षम त्यागी के कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर मय चार जिंदा मय दो खोखा कारतूस व एक स्पलेंडर बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने घायल बदमाश सक्षम त्यागी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी श्री ताड़ा ने बताया कि दबोचे गए बदमाश सक्षम त्यागी ने अपने साथियों के साथ विगत 17 दिसम्बर को दिनदहाड़े देवबंद क्षेत्र के गांव भायला में दो लड़कों को गोली मारकर सनसनी फैला दी थी। इससे पूर्व भी कई जगह दिनदहाड़े गोली चलाई थी। उन्होंने बताया कि दबोचा गया बदमाश सक्षम त्यागी थाना नागल का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके खिलाफ जनपद के कई थानों में विभिन्न धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। दबोचे गए बदमाश की गिरफ्तारी 25 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था।

ब्रीफ न्यूज

प्राचीन परिवार व्यवस्था को बढ़ावा दें, सामूहिक भोजन व भजन को अपनाएं : रामभरोसे भाईजी

» संवाददाता राहुल राणा

दोघट । कस्बे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड दोघट की विचार गोष्ठी में सह विभाग संघ चालक रामभरोसे लाल भाईजी ने अपनी प्राचीन व्यवस्था को अपनाकर चलने का आह्वान किया और कहा,तभी राष्ट्र उन्नति की ओर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि, प्राचीन परिवार व्यवस्था जैसे पहले परिवारों में एकता होती थी ,बड़े बड़े परिवार होते थे उनमें प्यार भाव अधिक रहता था।दिन में एक बार सामूहिक भोजन करना, सामूहिक भजन करना चाहिए।सामूहिक एकता के दम पर ही आगे बढ़ा जा सकता है। कहा कि, भारत के लिए छोटे छोटे उद्योग, जो आज समाप्ति के कगार पर हैं, उन्हे बचाना चाहिए तभी आत्मनिर्भर भारत बनेगा। गोष्ठी में विभाग प्रचारक रामशंकर, रामनिवास गुप्ता, मांगेराम, पवन राठी, नरेंद्र राठी, कृष्णपाल, शशिकांत सरल, हरबीर सिंह, धीरज राठी, राजीव राणा, कपिल देव, देवेंद्र सिंह, ब्रिजेश, संजीव राठी, विरेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

रिवाल्वर दिखाते हुए युवक का फोटो वायरल, पुलिस जांच शुरू

» ब्यूरो डा योगेश कौशिक

बागपत । सोशल मीडिया पर रिवाल्वर लिए युवक का फोटो वायरल हो रहा है, जिसमें युवक हाथ में रिवाल्वर दिखाते नजर आ रहा हैं वायरल हुए फोटो को देख हरकत में आई सिंघावली अहीर थाना पुलिस फोटो के आधार पर युवक की खोजबीन में लगी ।सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो खिंचवाकर वायरल करना युवाओं का शोक बन गया है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन की जीरो टोलरेंस के बावजूद मंगलवार को भी सोशल मीडिया पर एक युवक का रिवाल्वर हाथ मे लिया हुआ फोटो वायरल हो रहा हैं रिवाल्वर हाथ में लिया फोटो सराय के युवक का बताया जा रहा है दूसरी ओर जानकरी मिली है कि, युवक के परिजन थाना क्षेत्र में राशन डीलर हैं व उपभोक्ताओं पर रोब गालिब करने के लिए फोटो को वायरल किया गया है या शौकिया किया गया है, यह जांच का विषय हैं पता चला है कि, पुलिस को भी वायरल फोटो की जानकारी मिल चुकी है तथा युवक की तलाश में जुटी हुई है।

विवाहिता की सूचना पर आए मायके वालों ने की मारपीट,विडियो वायरल, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

» स्पेस प्रहरी संवाददाता मो जावेद

छपरौली। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया पर मारपीट की वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज किया तथा वीडियो के आधार पर पहचान कर दो महिलाओं सहित 4 को हिरासत में लिया तथा बाद में उनमें से एक को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी नितिन पांडेय ने बताया कि, सोमवार को क्षेत्र के शबगा गांव में पति पत्नी मे किसी बात को लेकर विवाद हो गया था ,जिसमें पत्नी ने अपने मायके वालों को फोन कर दिया था।मायके वाले शबगा पहुंचते ही युवक के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे ।इस मामले में किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।वायरल वीडियो में शामिल लोगों की पहचान करते हुए पुलिस ने प्रदीप धर्मवीर बबली सीमा निवासी सिंभालखा हरियाणा को हिरासत में लिया तथा बाद में प्रदीप को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी।

बुढेडा कालेज में खेल प्रतियोगिता शुरू , प्रतिभावान खिलाडियों ने जीते मुकाबले

» स्पेस प्रहरी संवाददाता मनोज कलीना

बिनौली। बुढेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कालेज में मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गुर्जर महासभा बागपत के जिलाध्यक्ष चौ करतार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्णपाल सिंह ने कहा कि ,युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल भी जरूरी है।

सीनियर बालक वर्ग के उद्घाटन मुकाबले में सुभाष क्लब ने नेहरू क्लब को 39-30 के अंतर से हराया। खोखो के सीनियर बालिका वर्ग के मुकाबले में नेहरू क्लब ने सुभाष क्लब को 8-5 से हराया। सीनियर बालिका वर्ग की कबड्डी स्पर्धा में सुभाष क्लब ने नेहरू क्लब को 34-21 से हराया। प्रतियोगिता में रैफरी मांगेराम, नरेश व सुशील कुमार रहे। मनोज शर्मा, नेहा चौधरी, पिंकी चौधरी, कर्मबीर भाटी, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, सतीश शालू, संजना, प्रदीप कुमार, कुलदीप, दीपक कुमार राजबीर सिंह आदि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।

बागपत में इन्वेस्टर समिट, 7 हजार करोड़ निवेश का एमओयू साइन

- अमूल दूध डेयरी करेगी 800 करोड़ का निवेश
- सांसद डॉ सत्यपाल सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक व जिलाधिकारी ने निवेशकों को किया प्रोत्साहित

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक

बागपत। जनपद स्तरीय एक दिवसीय इन्वेस्टर सम्मिट बागपत का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद डॉ सत्यपाल सिंह ने किया। बागपत इन्वेस्टर सम्मिट में 7000 करोड़ का निवेश किया जाएगा ,जिसमें निवेशकों ने एमओयू साइन किया है जिसमें गुजरात की अमूल डेयरी 800 करोड़ का निवेश करेगी ,जिससे किसानों की आय बढ़ेगी ,रोजगार के अवसर खुलेंगे अमूल प्लांट से 600 लोगों से अधिक को रोजगार प्राप्त होगा। सांसद डॉ सत्यपाल सिंह ने कहा ,बागपत बेमिसाल बागपत बन रहा है, जिसमें 5 राष्ट्रीय राजमार्ग और दो समांतर राष्ट्रीय राजमार्ग जनपद बागपत से होकर गुजरते हैं। जनपद बागपत विकास में निरंतर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है तथा बागपत की कानून व्यवस्था में पूर्ण रूप से सुधार हुआ है और यहां पर व्यापार करने के लिए कनेक्टिविटी बेहतर हुई है कहा कि, बागपत में 24 घंटे बिजली दी जा रही है ,जिला प्रशासन व्यापारियों के सम्मान के लिए निवेशकों के उत्थान के लिए और जनपद के रोजगार के लिए अनवरत रूप से कार्य कर रहा है।सांसद डॉ सिंह ने जिलाधिकारी राजकमल यादव व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन की कार्यप्रणाली की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा ,जब से इन दोनों अधिकारियों की जोड़ी जनपद में कार्य कर रही है, बागपत तीव्र गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगतिशील हो रहा है और हर क्षेत्र में नंबर वन आ रहा है जिसमें कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और निवेशकों को सुरक्षित माहौल मिल रहा है साथ ही प्रशासन उन्हें सहयोग देने के लिए तत्पर है। जिलाधिकारी राजकमल यादव ने कहा, बागपत में एक दिवसीय इन्वेस्टर सम्मिट का आयोजन किया गया है, इन्वेस्टर सम्मिट में उद्यमियों ने भारी उत्साह दिखाया तथा 7 हजार करोड़ निवेश करने के लिए अनुबंध किया है उद्यमियों का बागपत में स्वागत करते हुए कहा कि, बदल रहा है परिवेश बागपत में जो लोग निवेश कर रहे हैं उनका ध्यान रखा जाएगा ,उन्हें किसी भी तरह की निवेश से संबंधित किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी बागपत में निवेश होने से युवाओं को रोजगार उपलब्ध होंगे ।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा ,उद्यमियों को कानून व्यवस्था की किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी औद्योगिक क्षेत्रों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और उद्यमियों का सम्मान किया जाएगा बागपत में आयें उद्योग करें । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान, मुख्य विकास अधिकारी एमएल ब्यास, समस्त एसडीएम जीएम डीआईसी अर्चना तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, निवेशक तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सूरज पाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

दीक्षार्थी संभव जैन की दीक्षा अनुमोदना भक्ति में झूमी महिला श्रद्धालु

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो आशीष चंद्रमौली

बडौत। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन महिला संघ द्वारा आज नगर की जैन स्थानक मंडी में दीक्षार्थी संभव जैन की दीक्षा की अनुमोदन भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने शिरकत की। बड़ौत निवासी गायक अंकुर जैन, शुभम जैन ने भक्ति भाव भरे गीत एवं भजन गाकर उपस्थित दीक्षार्थी संभव जैन की दीक्षा जीवन की अनुमोदना की

स्थानक में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए तपस्वी धन्ना मुनि महाराज ने कहा कि, दीक्षा लेने वाले व्यक्ति अत्यंत साहसिक प्रवृत्ति के होने के साथ-साथ दृढ़ मानसिकता के होते हैं, उसी दृढ़ता का परिचय संभव दे रहे हैं बसंत पंचमी 26 जनवरी के शुभ दिवस संभव जैन के दीक्षा संस्कार ऋषभदेव सभागार में संपन्न होंगेधर्म सभा को साध्वी विभावना व साध्वी करुणा महाराज ने भी संबोधित किया दीक्षा महोत्सव के मुख्य संयोजक डॉ अमित राय जैन ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि ,कल दीक्षा की मेहंदी एवं भात की रस्म संपन्न होगी ,इसके लिए भी समस्त तैयारियां कर ली गई है तथा मेहंदी रस्म की संयोजक राखी जैन को बनाया गया है।

चांदी की ऐतिहासिक पालकी में निकलेगी दीक्षार्थी के निजी उपकरणों की यात्रा

दीक्षार्थी संभव जैन दीक्षा के दौरान जिन वस्तुओं , शास्त्रों तथा धार्मिक उपकरणों को धारण करेंगे, उनको नगर की ऐतिहासिक चांदी की पालकी में उनके भाइयों के कंधों पर सवार कर शोभा यात्रा के दौरान प्रदर्शन हेतु निकाला जाएगा।दीक्षा महोत्सव के मुख्य संयोजक डॉ अमित राय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि ,श्री अजीतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चांदी की ऐतिहासिक पालकी मौजूद है, जिसमें प्रतिवर्ष श्रीजी प्रतिमा को विराजमान करके रथयात्रा में निकाला जाता है ,उसी ऐतिहासिक चांदी की पालकी में दीक्षार्थी संभव जैन के दीक्षा उपकरणों की शोभायात्रा निकाली जाएगी इस हेतु चांदी की पालकी अजीतनाथ जैन मंदिर से जैन स्थानक मंडी में लाया गया है ,आज पूरे दिन विशेष रूप से उसकी सफाई कर उसमें धार्मिक उपकरण सजाने की व्यवस्था की गई।

भारत जोडो यात्रा के दूसरे चरण हाथ से हाथ जोडो की सफलता के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

बडौत। जिला कांग्रेस कमेटी में फ्रंटल संगठनों की जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों , पूर्व प्रत्याशी व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने भारत जोडो यात्रा के दूसरे चरण हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता के लिए विचार विमर्श किया गया तथा आगे की रणनीति बनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौ रामकुमार सिंह, चौ सत्यपाल सिंह पथोलिया, कांग्रेस सेवा दल के प्रांतीय पदाधिकारी अनिल देव त्यागी, ओमपाल ब्लॉक अध्यक्ष राशिद खान शोएब मलिक खिलेराम गुर्जर नरेंद्र कुमार शहर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश शर्मा मनीष आदि बैठक में शामिल हुए तथा हाथ से हाथ जोडो अभियान को ग्राम स्तर पर सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किय।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभागीय स्टालों द्वारा किया गया सरकारी योजनाओं का प्रदर्शन

स्पेस प्रहरी ब्यूरो /बागपत। त्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राज्यमंत्री केपी मलिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट लोक मंच पर मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए किया इस अवसर पर जिलाधिकारी राज कमल यादव , एडीएम प्रतिपाल चौहान ,मुख्य विकास अधिकारी मोतीलाल ब्यास आदि उपस्थित रहे। राज्यमंत्री केपी मलिक ने इस अवसर पर सरकार की जनकल्याणकारी ,महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से लगाए गए विभागीय स्टालों का निरीक्षण भी किया ।उद्घाटन के मौके पर राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा ,उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश की तरफ अग्रसर है ,इसमें किसान , युवा, महिला ,बेटी सहित हर किसी की सहभागिता की आवश्यकता है कहा कि ,बागपत की बेटियों ने भी उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय बेटी दिवस के संबंध में कहा कि,बेटियों को अवश्य पढ़ाएं, अच्छे संस्कार दें, क्योंकि एक बेटी पढ़ने से दो परिवार आगे बढ़ते हैं इसलिए बेटियों को अवश्य पढ़ाएं।खेल के क्षेत्र में युवाओं को और जागरूक करने के लिए खेल से जुड़ी प्रतिभाओं को आगे निकलने के लिए प्रेरित किया जिलाधिकारी राज कमल यादव ने कहा कि ,उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना के रूप में यह दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है कहा कि, 24 जनवरी,1950 को उत्तर प्रदेश को राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ और उसे विशिष्ठ पहचान मिली। बताया कि, इससे पूर्व उत्तर प्रदेश ,यूनाईटेड प्रदेश का भाग था, जिसमें मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्य भी शामिल थे। बताया कि, उत्तर प्रदेश का देश की आजादी, गौरवशाली ऐतिहासिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक, राजनैतिक आदि क्षेत्र में विशेष स्थान एवं योगदान रहा है और जिसका महत्व आज भी बना हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि, वर्तमान में उत्तर प्रदेश जिस तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, वह प्रदेश के उज्वल भविष्य का प्रतीक है। आह्वान किया कि ,हम सबका कर्तव्य है कि, अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी और निष्ठापूर्वक निर्वहन कर प्रदेश को विकास की चरम सीमा पर ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा करें बताया कि, उत्तर प्रदेश 2. 61 करोड़ शौचालय का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक लोगों को लाभान्वित करके नंबर वन पर है ,प्रधानमंत्री आवास योजना में 45.50 आवासों का निर्माण कर, यूपी प्रदेश में नंबर वन पर है, सर्वाधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है ,40 करोड़ से अधिक कोविड टीकाकरण करके यूपी प्रथम स्थान पर है।

तेज रफ्तार का कहर, बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई, एक की मौत, दो घायल

» संवाददाता अजय कुमार

बालैनी। बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई , जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत चिंताजनक होने पर मेरठ रैफर कर दिया। दूसरी ओर परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। बालैनी निवासी 20 वर्षीय गौरव पुत्र धीर सिंह, गुल्ले पुत्र सतवीर और अक्षय पुत्र रामपाल देर रात बाइक पर सवार होकर किसी काम से बालैनी स्टैंड पर आए थे ,जब वह वापस अपने घर लौट रहे थे ,तभी उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। मौके पर मौजूद ग्रामीण तीनों युवकों को बालैनी के देव भूमि हॉस्पिटल में ले गए ,जहाँ डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया और गुल्ले की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर किया गया है ,जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। अक्षय का उपचार देव भूमि हॉस्पिटल में किया जा रहा हैं परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही गौरव के शव का अंतिम संस्कार कर दिया घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

शिक्षकों और छात्र - छात्राओं द्वारा डायट में जनपद स्तरीय कला प्रदर्शनी का आयोजन

» स्पेस प्रहरी संवाददाता आशीष चंद्रमौली

बड़ौत। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में एससीईआरटी के निर्देशन में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं बच्चों के लिए कला की दो दिवस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी विकास खंडों से आए हुए 28 शिक्षक एवं 52 बच्चों की कला क्राफ्ट को प्रदर्शित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि एसडीएम सुभाष सिंह द्वारा फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई कार्यक्रम में अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती कीर्ति नैन द्वारा शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का अवलोकन किया गया तथा शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा तैयार विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण और सुंदर प्रदर्शन हेतु उत्साहवर्धन किया गया वहीं पेंटिंग में लोक कला पर आधारित रीना रानी की कलाकृति ने सबका ध्यान आकर्षित किया, वहीं कई बच्चों ने भी मूर्ति कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ,जिसमें खुशी द्वारा निर्मित गणेश जी विशेष ध्यान मुद्रा,आकर्षण का केंद्र रहीं प्रदर्शनी में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा मधुबनी पेंटिंग ऑयल पेंटिंग आदि का भी प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवक्ता डायट अशोक कुमार भाटी, श्रीमती गीता राठी , अंजलि , रीता रानी, नलिनी सिंह, परोमा बनर्जी, अरुण कुमार एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं का विशेष सहयोग रहा।

रामचरितमानस पर स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी से हिंदू संगठनों में आक्रोश, किया पुतला दहन

सपा सुप्रीम से मौर्य को निष्कासित करने की मांग

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो

बडौत। सपा नेता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन करते हुए आक्रोशित हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओ व समर्थको ने सपा सुप्रीम से उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की

हिंदू जागरण मंच ने प्रांत सह संयोजक मधुसूदन शास्त्री व जिला संयोजक अंकित बडौली के नेतृत्व में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन किया। मधुसूदन शास्त्री ने कहा कि , सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सवाल किया कि, लगातार हिन्दू धर्म पर टारगेट करना आखिर कब तक चलेगा। कब तक हिन्दू समाज अपने ग्रंथो व अपने भगवान के विषय में अभद्र टिप्पणियां सुनता रहेगा। जिला संयोजक अंकित बडौली ने कहा कि ,बिहार के शिक्षा मंत्री के बाद सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का रामचरित पर ऐसी अपमानजनक भाषा का प्रयोग उनकी तुच्छ मानसिकता को दशार्ता है ,जिसे हिंदू समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा कहा कि,यह देश 100 करोड सनातनियों का देश है ,जो हिंदू ग्रंथो का विरोध करेगा, हम सनातनी उसका पुरजोर विरोध करेंगे।

जयकुमार कंडेरा ने कहा कि, स्वामी प्रसाद मौर्य को चर्चा में रहने का शौक है, इसलि ऐसे उलजलूल बयानबाजी करते हैं ,धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस के खिलाफ बोलने वाले लोगों पर दंडात्मक कार्यवाही हो व समाजवादी पार्टी ऐसे नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाए अन्यथा सपा नेताओं की ऐसी बयानबाजी सपा के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नितिन जैन ने कहा कि ,यह टिप्पणी सुनियोजित व प्रायोजित ढंग से की गई है ,सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए धर्म ग्रंथ का अपमान व सनातन धर्म का अपमान करना इनकी मानसिकता को दशार्ता है।मौर्य के इस कृत्य समस्त हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं पुतला दहन करने वालों में प्रमोद वत्स, पवन कोताना, कपिल शास्त्री, अमन शर्मा, आदित्य ठाकुर, अमन गुप्ता, अखिलेश बछोड़, राजीव, चिंटू, योगेश, मन्नू तिवारी, कपिल, शुभम्, चिराग, ऋतिक,लक्की, पुष्पेंद्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

अधिवक्ताओं को मिले पांच लाख तक का निःशुल्क चिकित्सा बीमा

जिला बार एसोसियेशन ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

शामली। जिला बार एसोसियेशन ने प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक का निःशुल्क चिकित्सा बीमा सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने की मुख्यमंत्री से मांग की है। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने डीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिला बार एसोसियेशन अध्यक्ष विजेन्द्र कुमार व अन्य अधिवक्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। बार एसोसियेशन अध्यक्ष विजेन्द्र कुमार ने कहा कि 16 अगस्त 2022 को अपनी मांगों को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक का निःशुल्क चिकित्सा बीमा कराने अथवा आयुष्मान योजना से जोडने, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराने, जिलों में अधिवक्ताओं के चैंबरों का निर्माण कराने, अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धनराशि देने, 60 साल से अधिक आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू करने, एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किए जाने की मांग की। इस अवसर पर महासचिव सतेन्द्र कुमार शर्मा, मौ. दिलशाद सैफी आदि सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

शामली। किसान मजदूर भारतीय संगठन ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। जानकारी के अनुसार मंगलवार को किसान मजदूर भारतीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पंवार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से मांग की गयी कि चालू पेराई सत्र का गन्ना मूल्य शीघ्र घोषित किया जाए, लागत के अनुरूप गन्ना मूल्य में संतोषजनक वृद्धि की जाए, साथ ही पिछले सत्र का बकाया भुगतान जिसमें काफी विलंब हो चुका है, उसे भी तुरंत कराया जाए, खेतों में आवारा पशुओं की समस्या से भी निजात दिलाई जाए, साथ ही गन्ने का भाव कम से कम 400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, मा. जाहिद, ओमबीर पटवारी, डा.त्र आशू चौधरी, रामफल मलिक, अरशद राव, अजित निर्वाल, आमिर अली, आमिर राव, हासिम राव आदि भी मौजूद रहे।

रॉक गोल्ड स्कूल में मनाया गया बालिका दिवस

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

शामली। रॉक गोल्ड एकेडमी में मंगलवार को बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेव द गर्ल पर लघु नाटिका व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में मंगलवार को बालिका दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने किया। इस अवसर पर समाज में बढ रहे बालिकाओं के प्रति अपराध कम उम्र में उनका शोषण और उनके स्वास्थ्य तथा बालिकाओं के लिए समाज में एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लघु नाटिका की प्रस्तुति की गयी। बेटी बचाओ बेटी पढाओ सेव द गर्ल पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन, शिखर गोयल, स्कूल प्रबंधक प्रियांक गोयल, उप प्रधानाचार्य मार्क सम्पायो आदि सहित स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

कपूरी ठाकुर की जयंती व उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

शामली। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की जयंती व उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंप कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर की जयंती व उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि कपूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर के पिंतोझिया में हुआ था। वे बिहार का विधानसभा चुनाव कभी नहीं हारे और एक दिन बिहार के मुख्यमंत्री भी बने। इस मौके पर प्रवीण तरार, निन्ना अंसारी, अरविन्द झंझोट, श्रीपाल उपाध्याय, रमेश मराठा, अनुज शर्मा, रिजवान अहमद, रामपाल पांचाल, राहुल शर्मा, रामशरण नामदेव, महावीर सैनी आदि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश स्थापना एवं मतदाता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

वीवी इंटर कालेज में सभी लोगों को किया गया मतदान के प्रति जागरूक

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो

शामली। शहर के वीवी इंटर कालेज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश स्थापना व राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के वीवी इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर, प्रधानाचार्य एसके आर्य एवं कार्यक्रमाधिकारी डा. अनुराग शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने कहा कि 1950 में उत्तर प्रदेश के निर्माण के बाद से उत्तर प्रदेश द्वारा अभूतपूर्व तरक्की एवं विकास किया गया है। वर्तमान में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र सरकार निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है, हम सभी को एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाह करते हुए उप्र के विकास में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। डा. अनुराग शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित गोष्ठी के माध्यम से छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका में लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि देश काम पर कर्ज है वोट हमारा फर्ज है, जैसे स्लोगन से हम सभी को बेहतर मतदान के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं अन्य लोगों द्वारा उत्तर प्रदेश को बेहतर बनाने की भी शपथ ली गयी। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी, गुरदास सिंह, राजनाथ सिंह, स्काउट प्रभारी प्रमोद कुमार, तरूण निर्वाल, मुकेश शर्मा, अर्जुन राम, गौरव, विनोद, कुलदीप पंवार, राहुल कश्यप, अमरपाल सिंह, राजीव, सुशील, शशिकांत आदि भी मौजूद रहे।

बैंक कर्मचारियों पर अभद्रता के विरोध में किया प्रदर्शन

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

गढीपुख्ता। किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री व कस्बावासियों ने पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों पर उपभोक्ताओं से अभद्रता करने व काम के लिए चक्कर कटवाने का आरोप लगाते हुए बैंक के बाहर जमकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री रण कुमार के नेतृत्व में कस्बावासियों ने पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करने तथा काम के लिए चक्कर कटवाने का आरोप लगाते हुए बैंक के बाहर हंगामा प्रदर्शन शुरू कर दिया। रण कुमार का आरोप है कि पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में जितने भी कर्मचारी हैं, वह मनमाने तरीके से काम करते हैं, आए दिन उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। उपभोक्ताओं को काम के लिए चक्कर कटवाए जाते हैं, बैंक में कोई भी कार्य सुचारू नहीं किया जाता। छोटे छोटे काम के लिए भी कई-कई दिन तक चक्कर कटवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक का जितना भी स्टाफ है, उसे तुरंत बदला जाए, उपभोक्ताओं के एटीएम कार्ड भी बनाए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों का संज्ञान लेकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर पंकज वशिष्ठ, कृष्णपाल गिरी, रमेश सैनी, कुणाल सिंह, लोकेश कुमार, शिमला, कुंती देवी आदि भी मौजूद रहे।

मतदान प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार, करें इसका प्रयोग: रविन्द्र कुमार

- सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने स्लोगन के माध्यम से सभी को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज की छात्रा प्रियाक्षी शर्मा द्वारा मतदान के प्रति सभी छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मतदान जागरूकता पर छात्राओं ने स्लोगन लिखे, शिक्षिका गीता कांबोज ने सभी से मतदान का सदुपयोग करने की अपील की। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला तथा मतदान को हमारी उन्नति, अखडंता एवं एकता का स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और उसे अपने अधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदान करने से हम एक अच्छा लोकतंत्र हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर संजीव कुमार, मोहित शर्मा, कपिल वशिष्ठ, अनिता मलिक, कविता गुप्ता, वंदना, दिव्या शर्मा आदि भी मौजूद रहे। दूसरी ओर कसेरवा कलां स्थित सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्लोगन, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में अर्णव प्रथम, आयुष द्वितीय व आर्यांशु देशवाल तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में मुकुल प्रथम, प्रतीक्षा शर्मा द्वितीय, आयुष देशवाल तृतीय रहे जबकि रंगोली प्रतियोगिता में ईशा देशवाल प्रथम, अवनी देशवाल द्वितीय तथा वर्णिका चौहान तृतीय रही। निर्णायक मंडल में विकास कुमार, अंकित मलिक, शिवानी, शालू, गीता, शताक्षी, शालिनी ठाकुर, सारिका, स्नेहा चौधरी, रेनू रहे। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया

ईंट भट्टों पर कोयले के उपयोग पर तत्काल प्रतिबंध से भट्टा व्यवसायी चिंतित

- शामली ईंट निमार्ता समिति ने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री को भेजा ज्ञापन
- कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए समय देने की भी मांग

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

शामली। शामली ईंट निमार्ता समिति ने एनसीआर में ईंट भट्टों पर कोयले के उपयोग पर तत्काल प्रतिबंध लगाए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए और समय देने की मांग की है। इस संबंध में भट्टा व्यवसायियों ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को संबोधित एक ज्ञापन सांसद प्रदीप चौधरी को सौंपकर उनकी समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार शामली ईंट निमार्ता समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक व अन्य पदाधिकारियों ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को संबोधित एक ज्ञापन कैराना सांसद प्रदीप चौधरी को सौंपा। भूपेन्द्र मलिक ने कहा कि आल इंडियसा ईंट एवं टाइल निमार्ता महासंघ राष्ट्रीय स्तर पर मिट्टी से बनी लाल ईंट उद्योग का प्रतिनिधित्व करती है, एनसीआर में कोयले के उपयोग पर अचानक रोक से भट्टा व्यवसायी आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित कमेटी ईपीसीए जो उस समय में एनसीआर में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए गठित की गयी थी एवं केन्द्र सरकार के उपक्रम सीपीसीबी इन दोनों द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में एनसीआर के सभी भट्टा स्वामियों ने अपने भट्टों को आज तक की नवीनतम एवं आधुनिक जिग जैग तकनीकी में परिवर्तन किया।

इस तकनीक का मूल आधार और इसकी संरचना का आधार ही कोयले द्वारा ईंटों की पकाई होने के बावजूद भी प्रदूषण का मानकों के अनुसार होना है। उन्होंने कहा कि पुरानी तकनीक के 4634 भट्टे में से केवल 2783 भट्टे ही नवीनतम तकनीक लगवा पाए क्योंकि इसमें लगभग 50 लाख रुपये पूंजी की आवश्यकता थी और सरकार का इसमें कोई सहयोग नहीं था जो भट्टा मालिक यह निवेश नहीं कर पाए उनका उद्योग समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि जिग जैग तकनीक के उत्सर्जन के न सिर्फ मानदंड तय किए गए बल्कि प्रदूषण आंकलन की शर्त भी निहित हुई। ठीक तीन माह बाद सीएक्यूएम ने एनसीआर में कोयले को ईंधन के रूप में प्रयोग करने पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि आज सामूहिक रूप से भट्टा व्यवसायियों के करोडों रुपये अटक चुके हैं, जोखिम उठाने की भी उनकी हिम्मत नहीं है। लाखों परिवार सहित ईंट भट्टा उद्यमी व कई हजार स्टाफ के परिवार इसी उद्योग पर निर्भर हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से भट्टा व्यवसासियों की परेशानियों को देखते हुए भट्टा व्यवसाय के अस्तित्व को बचाए रखने की मांग की। इस मौके पर महामंत्री सुनील गोयल, कृष्ण कुमार शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

- सरकारी इमारतों पर फहराया जाएगा राष्ट्रीय ध्वज, होगी लाइटिंग
- डीएम ने जारी किए कार्यक्रम, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर होगा माल्यार्पण

» स्पेस प्रहरी ब्यूरो सिद्धार्थ भारद्वाज

शामली। गतंणत्र दिवस समारोह इस बार भी जिलेभर में पूरे उत्साह एवं उल्लास से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर सभी सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। डीएम जहां सुबह साढे आठ बजे कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण करेंगी वहीं साढे नौ बजे पुलिस लाइन में एसएसपी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे, वहीं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार डीएम जसजीत कौर ने गणंत्रत दिवस को पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएम ने गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम भी निर्धारित किए हैं। गणतंत्र दिवस पर सुबह साढे आठ बजे सभी सरकारी भवनों पर झंडारोहण किया जाएगा। डीएम जसजीत कौर सुबह साढे 8 बजे कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय गान भी होगा। सुबह 9 बजे नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। सुबह 9.30 बजे पुलिस लाइन में एसएसपी अभिषेक झा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। इस दौरान सभी अधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। सुबह 11 बजे सीडीओ की अध्यक्षता में सीएमओ जिला अस्पताल में मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित करेंगे। 11.30 बजे डीएम की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण अधिकारी वृद्धाश्रम में फल व मिष्ठान वितरित करेंगे। दोपहर 12 बजे एडीएम वहीं कुष्ठ आश्रम में एडीएम फल व मिष्ठान वितरित करेंगे। इसके अलावा डीएम जसजीत कौर ने सभी सरकारी इमारतों पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लाइटिंग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहो और जो अधिकारी व कर्मचारी पूर्व में अवकाश पर हैं, उन्हें समारोह में शामिल होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा। डीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान नहीं होना चाहिए, अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राष्ट्रीय ध्वज साफ हो। नगरीय क्षेत्र में ईओ व ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा साफ सफाई एवं चूने का छिडकाव की व्यवस्था करनी होगी। डीएम ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि कागजों के झंडों के स्थान पर प्लास्टिक के झंडों का प्रयोग किया जाता है।

मारपीट करने वाले आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

बस से उतारकर कंप्यूटर संचालक के साथ युवकों ने की थी मारपीट

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

थानाभवन। बस से उतारकर कंप्यूटर सेंटर संचालक से मारपीट के आरोपितों को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मंगलवार को पीडित ने एक बार फिर थाने पहुंचकर पुलिस से आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शामली के मौहल्ला आर्यपुरी निवासी शिवराज सिंह ने कस्बा थानाभवन में कंप्यूटर सेंटर व एक लाइब्रेरी खोल रखी है। वह प्रतिदिन शामली से थानाभवन अपने सेंटर पर आते हैं। मंगलवार को शिवराज सिंह ने थाने पहुंचकर बताया कि उनके कंप्यूटर सेंटर पर कविराज उर्फ कालू पुत्र कृष्णपाल निवासी हरड भी कंप्यूटर सीखने के लिए आता था। कविराज का चाल चलन ठीक न होने के कारण उन्होंने उसे कंप्यूटर सेंटर पर आने से मना कर दिया था जिससे कविराज उनसे रंजिश रखने लगा। 13 अगस्त 2022 को कविराज ने अपने साथियों के साथ सेंटर पर पहुंचकर उनके साथ गाली गलौच की थी जिसकी शिकायत डॉयल 112 पुलिस को की गयी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद भी उक्त लोगों ने कई बार बस में आते जाते समय उन पर छींटाकशी की लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। शिवराज सिंह का आरोप है कि 18 जनवरी 2023 को कविराज व उसके कई साथियों ने उसे बस से नीचे उतारकर मारपीट की। बस में सवार कुछ पुलिसकर्मियों के कारण उसकी जान बच सकी थी। बाद में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कविराज, उसके भाई राजन व 6 अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पीडित का आरोप है कि पुलिस ने आज तक भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

विद्युत बकायेदारों के खिलाफ मालैंडी में चला अभियान

- 25 बकायेदारों के काटे कनेक्शन, दस ने मौके पर जमा कराया बकाया
- टीम की छापेमारी से बकायेदारों में मचा हडकंप

» स्पेस प्रहरी संवाददाता

गढीपुख्ता। विद्युत विभाग की टीम ने मंगलवार को गांव मालैंडी में विद्युत बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दस हजार से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे वहीं 1 लाख दस हजार की राजस्व वसूली भी की गयी। विद्युत टीम की छापेमारी से बकायेदारों में हडकंप मचा रहा। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के एसडीओ प्रथम अनुराग सक्सेना के निर्देश पर विद्युत टीम ने मंगलवार को क्षेत्र के गांव मालैंडी में विद्युत बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दस हजार से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे वहीं 50 हजार से ऊपर के उपभोक्ताओं के जो, छह माह से ज्यादा समय से डिटकेशन थे, ऐसे उपभोक्ताओं के मीटर उतारकर उनके संयोजन पूर्ण रूप से बंद कर दिए गए। अभियान के दौरान 25 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए जिनमें से दस उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया जमा करा दिया। अभियान के दौरान 1 लाख दस हजार रुपये की राजस्व वसूली भी की गयी। टीम में अवर अभियंता सौरभ सक्सेना, गोविन्द कुमार नोडल मालैंडी, लाइनमैन जितेन्द्र मलिक, उपेन्द्र, सोनू, रामू, संजय आदि भी मौजूद रहे। अवर अभियंता सौरव सक्सेना ने बताया कि एसडीओ के निर्देश पर उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। विद्युत विभाग की टीम की छापेमारी से बकायेदारों में भी हडकंप मचा रहा।

ब्रीफ न्यूज

तोड़फोड़ आगजनी व हिंसा के मामला में पूर्व मंत्री सुरेश राणा सहित तीन आरोपी सबूत के अभाव में हुए बरी

मुजफ्फरनगर। गत 17 जून 2013 को शामली में सामूहिक वलात्कार की घटना को लेकर आंदोलन के चलते भीड़ दुवारा आगजनी तोड़फोड़ लूट हिंसा के मामले में विशेष एमपी/एमलए कोर्ट कैराना ने आज आरोपी पूर्व मंत्री सुरेश राणा, भाजपा नेता घनश्याम पर्चा, राधेय श्याम पर्चा को सबूत के अभाव में बरी करदिया है

विशेष जज सुरेंदर कुमार ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में विफल रहा है आरोपी सुरेश राणा की ओर से वकील शुगन मित्तल ने पैरवी की अभियोजन की कहानी के अनुसार गत 17 जून 2013 को शामली में एक लड़की के साथ सामूहिक वलात्कार की घटना को लेकर आंदोलन के चलते आंदोलनकारी हिंसक होने पर आगजनी लूट तोड़फोड़ हुई थी पुलिस ने घटना के संबंध में धारा 47,148,436,341,427,120 बी व 395 आईपी सी व 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत मामला दर्ज हुवा था जिसमे दुरेश राणा, घनश्याम पर्चा व राधेय श्याम पर्चा को नामजद किया गया था अभियोजन की ओर से 8 गवाह पेश हुए थे।

कंप्यूटर संचालक ने मारपीट करने वालों की गिरफ्तारी की मांग की

थानाभवन। कंप्यूटर सेंटर संचालक पर बस से उतारकर मारपीट करने के मामले में कंप्यूटर संचालक ने थाने पहुंच आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है।

शामली जनपद के थानाभवन थाने पहुंचे शिवराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह शामली जनपद के आर्यपुरी के रहने वाले हैं और थानाभवन हलवाई हट्टे में आर्य समाज मंदिर में उन्होंने कंप्यूटर सेंटर एवं एक लाइब्रेरी चला रखी है। उनके कंप्यूटर सेंटर में कविराज उर्फ कालू पुत्र कृष्ण पाल गांव हरड नाम का छात्र भी पढ़ाई करता था। शिवराज ने बताया कि कविराज का चाल चलन ठीक नहीं होने के कारण उन्होंने कविराज को कंप्यूटर सेंटर में आने से मना कर दिया था। जिसके बाद 13 अगस्त 2022 को अपने दो साथियों के साथ कंप्यूटर सेंटर पर पहुंचकर कविराज ने गाली गलौज की थी जिसकी शिकायत डायल 112 पुलिस को की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई उसके बाद भी कई बार उक्त लोगों ने बस में आते जाते वक्त छिंटाकशी एवं गाली गलौज की जिस पर शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। वही 18 जनवरी 2023 को गांव हरड़ फतेहपुर के पास कविराज ने अपने 8-10 लोगों के साथ मिलकर उसे बस से उतार कर उसके साथ मारपीट एवं गालीगलौच की घटना को अंजाम दिया। कविराज का कहना है कि बस में सवार कुछ पुलिस कर्मचारियों के कारण उसकी जान बच सकी नहीं तो उक्त लोग उसे मारने पर उतारू थे। पीड़ित की तहरीर के बाद पुलिस ने मामले में कविराज एवं उसके भाई राजन व 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के कई दिनों बाद तक भी गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित ने थाने पहुंच पुलिस से अभियुक्तों की कार्रवाई की मांग की है।

जिले में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की घूम शासन की योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले-मुख्य विकास अधिकारी

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बद्ध स्वंय सहायता समूह की लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया।
- स्वंय सहायता समूह के सभी सदस्य आजीविका के नये स्वरुप एवं अभिनव प्रयोग को आगे बढाये-मुख्य विकास अधिकारी

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

मुजफ्फरनगर। विकास भवन परिसर में उ0प्र0 स्थापना दिवस का आगाज मुख्य विकास अधिकारी श्री संदीप भागिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें विकास भवन के समस्त विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियो ने भाग लिया साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से सम्बद्ध स्वंय सहायता समूह की लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया। उ0प्र0 स्थापना दिवस मुख्य थीम निवेश एवं रोजगार के सन्दर्भ में आयोजित गोष्ठी में विभिन्न विभागों ने अपने विचार एवं योजना में तत्वारित प्रगति के संदर्भ में विचार रखें। स्वंय सहायता समूह के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि आजीविका के नये स्वरूप एवं अभिनव प्रयोग को आगे बढ़ायें। आप आजीविका की एम्बेसडर है। इस अवसर पर 209 स्वयं सहायता समूहों को 15000.00रू की दर से कुल 31.35 लाख रू रिवाल्विंग फण्ड की धनराशि सीधे समूहों के बैंक खाते में डिजिटल ट्रांसफर किये गये एवं प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास के 25 लाभार्थियो को 40000.00रू की प्रथम किश्त कुल धनराशि अंकन 10.00 लाख रू सीधे लाभार्थियो के बैंक खाते में डिजिटल ट्रांसफर किये गये। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पी0डी0, जिला कार्यक्रम अधिकारी, कृषि अधिकारी सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान के प्रयास और ग्रामीणों की मदद से ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्य

- ग्राम प्रधान के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की क्षेत्र में हो रही प्रशंसा

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

चरथावल। ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की ग्रामीणों द्वारा तारीफ की जा रही है ग्रामीणों का कहना है की आज तक इतना गांव का विकास किसी भी ग्राम प्रधान के कार्यकाल में नही कराया गया।जितना अभी तक कराया जा चुका है।नाली निर्माण से लेकर सड़कों तक शौचालयों से लेकर खेल के मैदान तक पानी की निकासी से लेकर तालाब तक बुजुर्गो की पेंशन से लेकर गरीब बेसहारा लोगों की मदद तक कार्य कराए जा रहे है।

चरथावल विकास खंड के ग्राम पंचायत रोनी हरजीपुर में विकास कार्य होने से ग्राम पंचायत चमक उठी है।शिक्षित,देश की सेवा करने के बाद ग्राम प्रधान ने स्कूलों का कायाकल्प, मॉडल इज्जतघर, पर्यावरण और हरियाली के लिए विद्यालयों में पौधरोपण, गांव में नाली और सड़कों के विकास के लिए काम कराया है। जिससे ग्राम पंचायत के लोगों को सुविधाएं मिली है।

हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत रोनी हरजीपुर के ग्राम प्रधान विनोद कुमार (फोजी) की।जिन्हे पढ़ाई के समय से ही समाज सेवा का जुनून हुआ तो वह समाजसेवा के लिए आगे बढ़े।जिन्होंने देश सेवा के लिए आर्मी की नौकरी की और अब रिटायरमेंट के बाद ग्रामीणों की इच्छा अनुसार ग्राम पंचायत का चुनाव लडा और जनता ने उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताया।ग्राम पंचायत में उनके प्रयासों से कराए गए कार्यों से विकास की नई ऊंचाइयां दी है। ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने बताया की ऐसे ग्राम प्रधान की ग्राम पंचायत को जरूरत थी जो अब जाकर पूरी हुई है।

अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

जानसठ। तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं के हितार्थ के लिए 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम जानसठ को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं के हितार्थ के लिए 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नाम एसडीएम अभिषेक कुमार को ज्ञापन सौंपा जिसमें अधिवक्ताओं ने 6 सूत्रीय मांगे जिसमें प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख रुपए तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराए जाने एवं आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों को यथा शीघ्र भुगतान कराया जाए, जिला तहसीलों में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए, अधिवक्ता व पत्रकार की मृत्यु होने पर एक समान धनराशि दी जाए, 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए, एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश व्यापार एसोसिएशन तहसील जानसठ की मांगों को अधिवक्ताओं के हित में राज्य सरकार द्वारा माने जाने की प्रार्थना की है, इस दौरान बार संघ अध्यक्ष शशि सैनी व मांगे सिंह, तेजपाल कश्यप, राव मोहम्मद इरशाद, विनोद चौधरी, भूपेंद्र नगर, दीपेश गुप्ता, परवेज जैदी, मोहम्मद नईम, शुमाल मेंहदी, इमान अली आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियो को चिकित्सा सम्बन्धी दिये आवश्यक दिशा निर्देश-मंडलायुक्त

- स्वास्थ्य केन्द्रो पर साफ-सफाई और दवाई की उपलब्धता को व्यवस्थित रखा जाये-मंडलायुक्त

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

मुजफ्फरनगर। मंडलायुक्त, सहारनपुर डा0 लोकेश एम0 द्वारा जनपद मुजफ्फरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरला का औचक निरीक्षण किया गया। चिकित्सा इकाई के मुख्य गेट पर स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर पाए गए, किन्तु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के स्टैंडी नहीं थे, जिसे लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इमरजेंसी कक्ष के स्टरलाइज हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले ड्रम को तत्काल बदलने हेतु निर्देश दिए। औषधि वितरण कक्ष के निरिक्षण के दौरान एंटिबाओटिक्स कम पाए गए, जिसे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को तत्काल बढाए जाने के निर्देश दिए गए। पी0एच0सी0 बरला के भ्रमण के उपरांत मंडलायुक्त द्वारा पी0एच0सी0 पुरकाजी का भी औचक निरिक्षण किया गया। चिकित्सा इकाई के परिसर में शौचालय का निमार्ण हो रहा था, जिसमें उपयुक्त वेंटिलेशन हेतु निर्देश दिए गए। चिकित्सा परिसर में फर्श पर विभिन्न रंगों की पटटी विभिन्न सेवा हेतु कक्षों की ओर इंगित कर बनाई गई थी, जिसे आयुक्त सहारनपुर द्वारा सभी चिकित्सा इकाईयों पर इसे अविलबं लागु किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। चिकित्सा परिसर में कोविड सैंपल बॉक्स को अन्यत्र लगाने के सुझाव दिए गए। इस अवसर पर चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहें।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

जिला पंचायत सदस्य एवं सीएचसी प्रभारी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

चरथावल। कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य डॉ विपिन त्यागी एवं सीएचसी प्रभारी के डॉक्टर सतीश कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों मरीजों की जांच की गई। चरथावल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर विपिन त्यागी व सीएचसी प्रभारी डॉक्टर विपिन त्यागी के द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 250 रोगियों की निःशुल्क जांच डॉक्टर उमंग श्रीवास्तव एवं डॉक्टर हिमांशु त्यागी नेत्र परीक्षण अधिकारी के द्वारा की गई जिसमें 39 मरीजों को देहरादून विवेकानंद नेत्रालय में मोतियाबिंद की ऑपरेशन के लिए भेजा गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मानसिक तनाव में अभिभावकों से बात करें छात्रः डॉ. अर्पण जैन

- विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित
- गांधी इंटर कॉलेज में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई की ओर से गांधी इंटर कॉलेज चरथावल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मनोचिकित्सक डॉ अर्पण जैन ने छात्र-छात्राओं को मानसिक रोगों के बारे में जागरूक किया। नशे के प्रति युवाओं में बढ़ती प्रवृति से बचने के साथ ही जीवन में अच्छे काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशा मुक्त समाज निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान साइकोथेरेपिस्ट मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को मानसिक रोगों से बचने के टिप्स दिए। उप प्रधानाचार्या मीरा मौर्या, अरुण कुमार कौशिक, समीर कुमार, संजय कुमार, ललित कुमार, अजय कुमार, बाबूराम, कपिल आत्रेय, अंशिका मलिक एवं रिजवान समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया- मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आमतौर पर लोग जागरूक नहीं हैं। बदलते परिवेश में मानसिक रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। अवसाद समेत कई मानसिक रोगों के शिकार लोग समाज और परिवार में उपेक्षित रहते हैं। ऐसे रोगियों को डॉक्टर और दवा की जरूरत होती है। इस बात को समझने में देरी की जाती है। खासकर ग्रामीण इलाके में तो इसे बीमारी माना ही नहीं जाता है बल्कि अंधविश्वास में लोग झाड़-फूंक या तांत्रिक के चक्कर में फंस जाते हैं।

इसके लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। मनोचिकित्सक डॉ अर्पण जैन ने बताया विद्यार्थियों को भी समय के साथ जागरूक होने की जरूरत है। हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे दूसरों को परेशानी हो। नशे से छात्र-छात्राओं को दूर रहना चाहिए। और अच्छे काम पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा - मानसिक रोग भी अन्य रोगों की तरह ही है जो ठीक हो सकता है। कई तो महज काउसलिंग से ही ठीक हो जाते हैं उन्हें दवा की जरूरत नहीं होती है। मानसिक रोगी का इलाज लंबा चलता है। उन्होंने कहा - लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा - अगर किसी छात्र-छात्रा को किसी वजह से कोई परेशानी हो रही है और मानसिक तनाव है तो सबसे पहले अपने अभिभावकों को बताएं। यदि फिर भी समाधान न निकल सके तो जिला अस्पताल की ओपीडी में परामर्श ले सकते हैं। साइकोथेरेपिस्ट मनोज कुमार ने बताया- मानसिक रोग के लक्षण बहुत अलग नहीं होते हैं। सामान्य लक्षणों में ही पहचान करनी होती है। मानसिक रोग के लक्षणों में सिर दर्द, नींद कम या ज्यादा आना, चिड़चिड़ापन, उदासी, गुस्सा, डर लगना, शक संदेह करना, साफ-सफाई ज्यादा करना, नशा करना, विचित्र अनुभव करना, अजीब विचार या व्यवहार, मानसिक तनाव, अजीबोगरीब आवाजें सुनाई पड़ना, मिर्गी का दौरा, बार-बार बेहोशी आना, बुद्धि कम होना, आत्महत्या का ख्याल आना, बच्चों की व्यवहारात्मक समस्याएं, भूलना या याददाश्त की कमी, झाड़-फूंक या तांत्रिक के पास जाने की इच्छा, बिना कारण के हंसना, रोना, खुद से बातें करना, खुद को अलग-अलग रखना आदि है। इसके लक्षण मिलने पर गहन जांच और चिकित्सा की जरूरत होती है।

भाकियू नेताओ ने हंगामा करते हुए सीएचसी प्रभारी का किया घेराव

» संवाददाता, स्पेस प्रहरी

चरथावल। कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाकियू नेताओं ने एक्सरे मशीन बन्द होने पर हंगामा करते सीएचसी प्रभारी का घेराव किया सीएचसी प्रभारी ने सीएमओ से वार्ता कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। चरथावल कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाकियू नेताओं ने युवा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा व नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व में एक्सरे मशीन बन्द होने पर हंगामा करते सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सतीश कुमार का घेराव किया इस अवसर पर भाकियू नेताओ का कहना है कि अस्पताल में काफी दिनों से एक्सरे मशीन रखी हुई है वह अभी तक चालू नहीं हुई है यहां पर क्षेत्र से गरीब लोग एक्स-रे के लिए पहुंचते हैं और उन्हें सबको यहां से मुजफ्फरनगर के लिए भेज दिया जाता है कि मशीन को कोई चलाने वाला नहीं है।सीएचसी प्रभारी को 1 सप्ताह का समय दिया गया। अगर 1 सप्ताह के अंदर एक्सरे मशीन चालू नहीं हुई तो सीएचसी पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने का काम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण है यहां के जिला चिकित्सालय की होगी इस मौके पर नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी, सोनू त्यागी, दीपक त्यागी, गोल्डी राणा आदि मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

केनरा बैंक का तीसरी तिमाही का लाभ 92 फीसदी बढ़कर 2,882 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली। केनरा बैंक का लाभ दिसंबर 2022 में खत्म तिमाही में 92 फीसदी बढ़कर 2,882 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के लाभ में वृद्धि फंसे कर्ज में कमी आने और ब्याज से प्राप्त आय बढ़ने से हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 1,502 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। बैंक ने शेयर बाजारों को भेजी जानकारी में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 26,218 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 21,312 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा, उसकी ब्याज से प्राप्त आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही की 17,701 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 22,231 करोड़ रुपये हो गई। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में भी बैंक का रिकॉर्ड बेहतर हुआ है। उसकी सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 5.89 फीसदी रह गई। 2021-22 की तीसरी तिमाही के अंत में यह 7.80 फीसदी थी। शुद्ध एनपीए भी पिछले वर्ष के 2.86 फीसदी के मुकाबले कम होकर 1.96 फीसदी हो गया। दिसंबर तिमाही में बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.80 फीसदी से बढ़कर 16.72 फीसदी हो गया।

मंदी की आशंका के बीच कंपनियां कर सकती हैं नौकरियों में कटौती

न्यूयॉर्क। अमेरिका के अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में पता चला है कि कई उद्यमों में नौकरियों में कटौती की जा सकती है और महामारी के बाद पहली बार विस्तार पर खर्च को कम किया जा सकता है। यह बात इस ओर इशारा करती है कि ब्याज दरें बढ़ाने पर फेडरल रिजर्व के जोर देने का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ना शुरू हो चुका है और इसकी रफ्तार घट रही है। सर्वे में कहा गया कि कारोबारियों को यह चिंता है कि केंद्रीय बैंक के फैसले का अर्थव्यवस्था पर और भी भारी असर पड़ सकता है और इससे अमेरिका में इस साल मंदी दस्तक दे सकती है। नेशनल एसोसिएशन फॉर बिजनेस इकोनॉमिक्स (एनएबीई) का यह सर्वे जनवरी में किया गया। इसमें शामिल प्रतिभागियों ने अपनी कंपनियों में भर्तियों की योजना को औसतन शून्य से नीचे सात अंक प्रदान किए जबकि अक्टूबर में यह आंकड़ा आठ था। एनएबीई ने कहा कि मुद्रास्फीति को देखते हुए कारोबार अपने कर्मचारियों को उच्च वेतन देना जारी रखेंगे। एनएबीई की अध्यक्ष जूलिया कोरोनाडो ने एक बयान में कहा, जनवरी 2023 के एनएबीई कारोबारी परिस्थिति सर्वेक्षण में इस बात को लेकर व्यापक चिंता देखने को मिली है कि इस साल मंदी शुरू हो सकती है। मुद्रास्फीति से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में आक्रामक तरीके से वृद्धि कर रहा है। उसका प्रयास अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार को कम करना लेकिन इसके साथ ही इसे मंदी में जाने से बचाना भी है। फेडरल रिजर्व इस सप्ताह ब्याज दरें फिर से बढ़ा सकता है।

सोना 40 रुपये टूटा, चांदी में 85 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 40 रुपये की गिरावट के साथ 56,840 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 56,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 85 रुपये की गिरावट के साथ 68,980 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक ने कहा, दिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 40 रुपये की गिरावट के साथ 56,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी। विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,926 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 23.88 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रही। विश्लेषकों ने कहा कि कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,926 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को निदेशक मंडल में शामिल किया

वाहन कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने दो वरिष्ठ अधिकारियों- तकाशी अत्सुमा और रुपेश आर मारू को अपने निदेशक मंडल में नए निदेशकों के रूप में शामिल किया है। अत्सुमा वर्तमान में टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिक्री, सेवा एवं पुरानी कार कामकाज के प्रमुख हैं। उनके पास जापान और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में टोयोटा के लिए काम करने का एक समृद्ध वैश्विक वाहन उद्योग का अनुभव है।

शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स 464 अंक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में मामूली उठापटक के बाद बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है।

शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 0.77 प्रतिशत और निफ्टी 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स और यूपीएल के शेयर 1.97 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी इंटरप्राइजेज 1.76 प्रतिशत से लेकर 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,927 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,084 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 843 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में और 4 शेयर बिकवाली के दबाव के कारण लाल निशान में बने हुए थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज पॉजिटिव नोट के साथ तेजी का रुख दिखाते हुए कारोबार की शुरूआत की। ये सूचकांक 254.24 अंक उछलकर 60,876.01 अंक के स्तर पर खुला।

कारोबार शुरू होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बनता नजर आया, जिसके कारण पहले 10 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक सेंसेक्स गिरकर 60,761.88 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों ने तेज लिवाली शुरू कर दी। जिससे इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई।

लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 464.84 अंक की बढ़त के साथ 61,086.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी मजबूती के साथ आज के कारोबार की शुरूआत की।

ये सूचकांक 90.80 अंक की तेजी के साथ 18,118.45 अंक के स्तर पर खुला कारोबार शुरू होते ही बाजार में हुई बिकवाली के कारण निफ्टी में भी गिरावट नजर आई। इस बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिरकर 18,063.45 अंक तक पहुंच गया।

शुरूआती 10 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने एक्टिव हो कर लिवाली शुरू कर दी, जिससे निफ्टी की चाल भी तेज हो गई।

बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद ये सूचकांक 126.70 अंक की बढ़त के साथ 18,154.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती के साथ ही कारोबार की शुरूआत की थी।

इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 336.10 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,957.87 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 136.60 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,164.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 236.66 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 60,621.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

वहीं निफ्टी ने 80.20 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,027.65 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड उछलकर 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर उपलब्ध। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.49 डॉलर यानी 0.58 की गिरावट के साथ 87.14 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.38 डॉलर यानी 0.47 फीसदी फिसलकर 81.53 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है।

एचपी ने भारत में कंटेंट क्रिएटर्स के लिए लैपटॉप लॉन्च किए

नई दिल्ली, एजेंसी

पीसी और प्रिंटर प्रमुख एचपी इंक ने सोमवार को देश में कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एनवी एक्स360 15 लैपटॉप की एक नई रेंज पेश की। 15.6-इंच ओएलईडी टच डिस्प्ले और टिकाऊ 360-डिग्री हिंज के साथ लैपटॉप 82,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। एचपी इंडिया में सीनियर डायरेक्टर-पर्सनल सिस्टम्स, विक्रम बेदी ने कहा, एचपी का नया एनवी एक्स360 15 पोर्टफोलियो कंटेंट क्रिएटर्स को सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास डिस्प्ले और स्मार्ट, उच्च-प्रदर्शन उत्पादकता सुविधाओं के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने में सक्षम बनाता है। अधिक प्रदर्शन और शक्तिशाली प्रदर्शन को सक्षम करने के लिए, नया एचपी एनवी एक्स360 15 पोर्टफोलियो 12वीं जेनरेशन के इंटेल कोर ईवीओ आई7 प्रोसेसर के साथ इंटेल आइरिक्स एक्सई ग्राफिक्स के साथ आता है। कंपनी के अनुसार, फ्लिकर-फ्री और एंटी-रिफ्लेक्शन स्क्रीन लंबे समय तक उपयोग के बाद भी अंतिम कलर एक्यूरेसी प्रदान करती है। ये आंखों की थकान को कम करने के लिए आईसेफ डिस्प्ले द्वारा समर्थित है। यह डिवाइस तेजी से संचार के लिए एक इमोजी कीबोर्ड, ऑटो फ्रेम टेक्नोलॉजी जैसे खूबियां फीचर्स के साथ 5 एमपी आईआर कैमरा और बढ़ी हुई प्राइवेसी के लिए एआई नॉयस में कमी प्रदान करता है। यह अधिक स्क्रीन और कम स्क्रॉलिंग देखने के लिए 88 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ अधिक स्क्रीन देता है। एचपी फास्ट चार्ज तेज चार्जिंग के साथ लंबी बैटरी लाइफ को सक्षम बनाता है, जिससे 10 घंटे तक की बैटरी लाइफ मिलती है।

ग्लोबल मार्केट से मजबूत संकेत, एशिया के दो तिहाई बाजारों में छुट्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार में अच्छी तेजी नजर आई थी। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चीन का न्यू ईयर डे होने की वजह से आज एशिया के दो तिहाई बाजार बंद हैं।

लगातार तीन तक गिरावट का सामना करने के बाद पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट में जोरदार तेजी का रुख बना। नैस्डेक 288.17 अंक यानी 2.66 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,140.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.89 प्रतिशत की की छलांग लगाकर 3,972.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डाओ जोंस 330.93 अंक यानी 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 33,375.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज सिर्फ एसजीएक्स निफ्टी, निक्केई और सेट कंपोजिट इंडेक्स में कारोबार हो रहा है। चाइनीज न्यू ईयर डे होने की वजह से स्ट्रेट्स टाइम्स, हैंग सेंग, ताइवान वेटेड, कोस्पी, जकार्ता कंपोजिट और शंघाई कंपोजिट इंडेक्सों में कारोबार नहीं हो रहा है एसजीएक्स निफ्टी फिलहाल 118 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,162.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह निक्केई इंडेक्स 351.74 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 26,905.27 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,680.96 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

हजारों भारतीय आईटी पेशेवर अमेरिका में नौकरी पाने के लिए कर रहे जद्दोजहद

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी कंपनियों में हाल में हुई छंटनी के बाद बेरोजगार हो चुके सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के हजारों भारतीय पेशेवर अब इस देश में रहने के लिए अपने कामकाजी वीजा के तहत निर्धारित अवधि के भीतर नया रोजगार पाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

द वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक पिछले वर्ष नवंबर से आईटी क्षेत्र के करीब 2,00,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में कटौती करने वाली कंपनियों में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक और अमेजन हैं। उद्योग के सूत्रों ने बताया कि नौकरियों से निकाले गए लोगों में से 30 से 40 फीसदी भारतीय आईटी पेशेवर हैं जिनमें से बड़ी संख्या एच-1बी या एल1 वीजा पर यहां आए लोगों की है। अब ये लोग अमेरिका में बने रहने के लिए विकल्प की खोज में हैं और नौकरी जाने के बाद विदेशी कामकाजी वीजा के तहत मिलने वाले कुछ महीनों की निर्धारित अवधि में नया रोजगार तलाशने के लिए संघर्ष कर रहे हैं ताकि अपनी वीजा स्थिति को भी बदल सकें। अमेजन में काम करने के लिए गीता (नाम परिवर्तित) महज तीन महीने पहले यहां आई थी। इस सप्ताह उन्हें बताया गया कि 20 मार्च उनके कार्यकाल का अंतिम दिन होगा। एच-1बी वीजा पर अमेरिका आई एक अन्य आईटी पेशेवर को माइक्रोसॉफ्ट ने 18 जनवरी को बाहर का रास्ता दिखा दिया। वह कहती हैं, स्थिति बहुत खराब है। जो लोग एच-1बी वीजा पर यहां आए हैं उनके लिए तो स्थिति और भी विकट है क्योंकि उन्हें 60 दिन के भीतर नई नौकरी ढूंढनी होगी या फिर भारत लौटना होगा।

सिलिकॉन वैली में उद्यमी और सामुदायिक नेता अजय जैन भूतोड़िया ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र के हजारों कर्मचारियों को नौकरियों से निकाला जा रहा है, विशेषकर एच-1बी वीजा पर आए लोगों के लिए तो चुनौतियां और भी बड़ी हैं क्योंकि उन्हें नौकरी जाने के 60 दिन के भीतर नया रोजगार खोजना है और अपना वीजा स्थानांतरित करवाना है या फिर देश से जाने के लिए मजबूर होना होगा। ग्लोबल इंडियन टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स एसोसिएशन (जीआईटीपीआरओ) और फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने इन आईटी पेशेवरों की मदद करने के लिए रविवार को एक सामुदायिक पहल शुरू की। एफआईआईडीएस के खांडेराव कंद ने कहा, प्रौद्योगिकी उद्योग में बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती के कारण जनवरी 2023 प्रौद्योगिकी क्षेत्र के पेशेवरों के लिए बहुत कठिन रहा है। कई प्रतिभाशाली लोगों की नौकरी चली गई। प्रौद्योगिकी उद्योग में भारतीय प्रवासियों की संख्या अच्छी खासी होने की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित भी वे ही हुए हैं। एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी जाने के बाद 60 दिन के भीतर एच-1बी प्रायोजित नौकरी खोजनी होती है या फिर दर्जा खत्म हो जाने के दस दिन के भीतर देश छोड़ना होता है।

दुनिया के लिए मूल्यवर्द्धन करने वाला हो सकता है बी20 मंच : एन चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

बी20 इंडिया के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि भारत के नेतृत्व के दौरान बिजनेस-20 मंच की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है और उसके पास ऐसे एजेंडा पर काम करने का अनूठा अवसर है जो सभी जी-20 देशों और बाकी दुनिया के लिए मूल्यवर्द्धन करने वाला हो सकता है। बिजनेस 20 (बी20) वैश्विक कारोबारी समुदाय के लिए आधिकारिक जी20 संवाद मंच है। बी20 इंडिया की आरंभिक बैठक को संबोधित करते हुए टाटा संस के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत के नेतृत्व में इस मंच पर कई क्षेत्रों में अनेक पहलें शुरू की जाएंगी जिनमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, रचनात्मक कौशल, चक्रीय अर्थव्यवस्था, डिजिटल रूपांतरण और वित्तीय समावेशन शामिल हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यमौजूदा समय में, जब कई तरह के बदलाव हो रहे हैं, ऐसे में विश्व में भारत की स्थिति बहुत ही अलग है। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान बी20 के पास अनोखा अवसर तो है ही, उसे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका भी निभानी है। चंद्रशेखरन ने बताया कि उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) बीते 12 वर्षों से बी20 से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, आज हमारे पर अवसर है कि हम बीते वर्षों में बी20 की प्रगति और विकास को देख सकते हैं और आज दुनिया जिस तरह से काम कर रही है उस संदर्भ में इससे जोड़कर देख सकते हैं।

बड़ी टेक फर्मों में प्रति वर्ष 1 मिलियन डॉलर तक की कमाई वाले कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली, एजेंसी

जैसे-जैसे बिग टेक फर्म छंटनी के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं, वैसे-वैसे अधिक विवरण सामने आ रहे हैं कि जो अधिकारी सालाना 1 मिलियन डॉलर तक की कमाई कर रहे हैं, वो गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन में ज्यादा छंटनी का शिकार हो रहे हैं।

द इंफोर्मेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल में, हटाए गए कर्मचारियों में वे लोग शामिल थे, जो 500,000 डॉलर से 1 मिलियन डॉलर के वार्षिक मुआवजे के पैकेज के साथ पहले हाई परफोर्मेन्स रिव्यूस मिले थे या प्रबंधकीय पदों पर आसीन थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, 12,000 प्रभावित कर्मचारी गूगल क्लाउड और क्रोम से एंड्रॉइड और वरिष्ठ कार्यकारी प्रभाकर राघवन के तहत खोज-संबंधित समूहों से हर विभाग के थे। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि गूगल क्लाउड ने लोगों को रणनीति, भर्ती और गो-टू-मार्केट टीमों में रखा है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट का इन-हाउस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आर एंड डी) डिवीजन जिसे एरिया 120 कहा जाता है, भी काफी प्रभावित हुआ है। अधिकांश एरिया 120 टीम को विंड डाउन कर दिया गया है। माइक्रोसॉफ्ट में, जिसने 10,000 कर्मचारियों को निकाला, हेलो जैसे गेम डेवलपमेंट स्टूडियो सबसे ज्यादा हिट हुए। अन्य कटौती ने इसकी मिक्स्ड-रियलिटी (एमआर) हेडसेट टीमों को प्रभावित किया।

माइक्रोसॉफ्ट ने 2017 में हासिल किए गए आल्टस्पेस वीआर वर्चुअल रियलिटी-आधारित सोशल प्लेटफॉर्म को भी बंद कर दिया है। अमेजन की छंटनी में उपकरण और सेवा प्रभाग में नौकरियां शामिल थीं। हार्डवेयर प्रमुख डेव लिम्प के डिवीजन में नौकरी में कटौती से लगभग 2,000 लोग प्रभावित हुए, जो एलेक्सा और इको स्मार्ट होम डिवाइस जैसे उत्पादों का घर है। सीएनबीसी ने बताया कि छंटनी में प्राइम एयर ड्रोन डिलीवरी प्रोजेक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों की महत्वपूर्ण संख्या भी शामिल है।

शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 80.92 पर आया

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के चलते सोमवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ, दो महीने में पहली बार 80 के स्तर पर आया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू शेयर बाजारों के लाभ में जाने से भी घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 80.92 पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 81.17 था। शुरूआती सौदों में यह 81.02 से 80.88 के दायरे में कारोबार कर रहा था। रुपया सोमवार सुबह 80.98 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.65 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.52 फीसदी गिरकर 87.17 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

कारोबार के बंटवारे की योजना बना रहे अदाणी

नई दिल्ली, एजेंसी

अरबपति गौतम अदाणी के समूह ने एक निश्चित निवेश प्रोफाइल हासिल करने के बाद 2025 और 2028 के बीच हाइड्रोजन, हवाई अड्डों, मेटल, माइनिंग, लॉजिस्टिक और डेटा सेंटर जैसे व्यवसायों के बंटवारे (स्पिन ऑफ) करने की योजना बनाई है। इस बात की जानकारी कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी जुगशिंदर सिंह ने दी है। बता दें कि स्पिन ऑफ मूल रूप से नई व्यापार इकाई बनाने के लिए कंपनी द्वारा उपयोग की जाने वाली रणनीति है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, जो फॉलो-ऑन शेयर बिक्री में 20,000 करोड़ रुपये जुटाना चाह रही है, समूह के लिए बिजनेस इनक्यूबेटर है। इन वर्षों में, अलग-अलग सूचीबद्ध कंपनियों में अलग होने या अलग होने से पहले बंदरगाहों, बिजली और शहर गैस जैसे व्यवसायों को पहले एईएल में शामिल किया गया था।

ओडिशा में 1,600 मेगावाट बिजली संयंत्र स्थापित करेगी महानदी कोलफील्ड्स

नई दिल्ली, एजेंसी

कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) बिजली उत्पादन में विविधता लाने पर विचार कर रही है और ओडिशा में 12,000 करोड़ रुपये का बिजली संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। बिजली संयंत्र स्थापित करने का उद्देश्य एल्युमीनियम व्यवसाय में प्रवेश करना है। जल्द ही ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम परियोजना स्थापित किया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि 1,600 मेगावाट क्षमता की कोयला आधारित बिजली परियोजना ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एमसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में आएगी। उन्होंने कहा कि एमसीएल की एल्युमीनियम कारोबार में प्रवेश करने की भी योजना है। मिनी रत्न कंपनी फिलहाल इस उद्देश्य के लिए बॉक्साइट खदान हासिल करने पर विचार कर रही है। अक्टूबर 2021 में कोल इंडिया के बोर्ड ने ओडिशा में एकीकृत एल्यूमीनियम परियोजना स्थापित करने के लिए रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। इससे पहले, दिसंबर 2020 में कोल इंडिया को एल्यूमीनियम और सौर क्षेत्रों में उद्यम करने और विशेष प्रयोजन वाहनों के निर्माण के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी। अक्टूबर 2021 में एक नियामक फाइलिंग में कोल इंडिया ने कहा था कि प्रस्तावित एल्यूमीनियम परियोजना में बॉक्साइट माइनिंग, एल्युमिना रिफाइनरी, एल्यूमीनियम स्मेल्टर और एमसीएल द्वारा एक कैप्टिव पावर प्लांट शामिल होगा।

खाद्य तेल-तिलहनों में गिरावट का रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

सूरजमुखी और सोयाबीन सहित नरम तेलों (सॉफ्ट आयल) के भारी मात्रा में आयात के कारण देश में इन तेलों की भरमार होने की वजह से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। सस्ते आयातित तेलों की भरमार को देखते हुए देश में सरसों की आगामी बंपर पैदावार के खपने की चुनौती पैदा हो गई है। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सस्ते आयातित तेलों की भरमार के कारण पहले का सोयाबीन नहीं खप पा रहा है और अब सरसों की भी बंपर पैदावार आने को तैयार है। सस्ते आयातित तेलों से बाजार पटा रहा तो अधिक लागत वाला सोयाबीन और सरसों कौन खरीदेगा।

सूत्रों ने कहा कि सरकार को तत्काल शुल्कमुक्त आयात प्रणाली की व्यवस्था को रोकते हुए सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे नरम खाद्य तेलों पर अधिकतम सीमा तक आयात शुल्क लगाना होगा और इसमें देर करना सरसों या तिलहन उत्पादक किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसमें देर करने से स्थिति हाथ से निकल जायेगी और एक बार किसानों को नुकसान पहुंचा तो आगे वे तिलहन खेती से हाथ खींच सकते हैं जो तेल-तिलहन मामले में आत्मनिर्भरता के प्रयासों के खिलाफ जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आगे भी सरकार खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ाने के बारे में फैसला करते समय आयात शुल्क कम या समाप्त करने के बजाय सब्सिडी देकर ऐसे खाद्य तेलों को राशन की दुकानों से वितरित करावे ताकि उपभोक्ताओं को राहत का सीधा फायदा मिल सके जैसा कि 80 के दशक में हुआ करता था। अभी तो वैश्विक कीमतों में गिरावट भी है, सरकार ने शुल्कमुक्त आयात की छूट भी दे रखी है लेकिन उपभोक्ताओं को कम दाम के बजाय खाद्य तेल महंगे में खरीदना पड़ रहा है

ब्रीफ न्यूज

तुर्की में 14 मई को राष्ट्रपति चुनाव होंगे : एर्दोगान

तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने देश में राष्ट्रपति चुनाव निर्धारित समय से एक महीने पहले 14 मई कराने की घोषणा की। श्री एर्दोगन ने बर्सा शहर में युवाओं के साथ एक बैठक में कहा, हमारा पहली बार चुनाव में मतदान करेंगे, जो कि 14 मई को होगा। इससे पहले जनवरी में श्री एर्दोगन ने कहा था कि मौसमी परिस्थितियों के आलोक में आम चुनावों को 18 जून से पहले की तारीख में पुनर्निर्धारित कर सकता है।

सीरिया के अलेप्पो में इमारत ढहने से मरने वालों की संख्या 17 हुई

सीरिया के अलेप्पो शहर में आवासीय इमारत ढहने से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 17 हो गयी है। अलेप्पो गवर्नरेट के सूत्र के हवाले से मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। इससे पहले की सीरियाई मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार अलेप्पो के शेख मकसूद इलाके में रविवार को एक पांच मंजिला आवासीय इमारत ढहने एक बच्चे सहित कम से कम 10 लोगों की मौत और तीन अन्य लोग घायल होने की रिपोर्ट दी गई थी। मीडिया ने सूत्र के हवाले से बताया, हुसेन मकसूद के पड़ोस में एक रिहायशी इमारत गिरने से पीड़ितों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। दो लोग घायल तथा एक व्यक्ति लापता है सूत्र के अनुसार इस आवासीय इमारत में कुल सात परिवार रहते थे जो कि नीव में पानी के रिसाव के कारण ढह गई। बचाव कार्य सोमवार को भी जारी रहने के असार है।

रूस के साथ वीजा मुक्त आवागमन पर विचार कर रहा है मेक्सिको

मेक्सिको के अधिकारी रूस के साथ वीजा मुक्त आवागमन शुरू करने की संभावना पर रूस के सहयोगियों के साथ चर्चा कर रहे हैं। रूस के समाचारपत्र इज्वेस्तियाज ने मेक्सिको स्थित रूसी दूतावास का हवाले से बताया कि विदेश मंत्रालयों और स्थानीय प्रशासन के स्तर पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इज्वेस्तिया के अनुसार, यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि मेक्सिको और रूस के बीच उड़ाने कब शुरू होंगी। रूस की फेडरल एजेंसी फॉर टूरिज्म (रोसटूरिज्म) ने मार्च में रूसी नागरिकों से उन देशों की यात्रा करने से बचने की सिफारिश की, जिन्होंने यूक्रेन में विशेष अभियान के लिए रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाए थे। रोसटूरिज्म के अनुसार, यूरोपीय संघ और कनाडा के हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण मेक्सिको जैसे कुछ लैटिन अमेरिकी देशों सहित कई गंतव्य अब रूसी पर्यटकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं, और वहां यात्रा करना काफी खतरनाक हो गया है।

जापान में कोरोना से जनवरी में अब तक आठ हजार से अधिक लोगों की मौत

जापान में जनवरी में अब तक कोरोना वायरस महामारी से संबंधित 8,103 मौतें हुई है। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में देश भर में कोविड-19 से 326 लोगों की मौत हुई है। पिछले 12 दिनों में इस बीमारी से पांच हजार से अधिक लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 की शुरूआत से जापान में कोविड से संबंधित मौतों में वृद्धि हो रही हैं। महामारी के कारण 2020 से अब तक कुल 65,400 लोगों की मौत हो चुकी है। अक्टूबर में 1,800 लोगों की, इसके बाद नवंबर में 3,000 से अधिक और दिसंबर में 7,600 लोगों की इस बीमारी से मौत हुई। इन सभी मौतों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 97 प्रतिशत रही हैं। जापान में अगर जनवरी में इसी तरह कोरोना वायरस लोगों की मौत होती रही तो यह आंकड़ा इस माह के अंत तक 10 हजार से अधिक हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौतों की संख्या में वृद्धि बीमारी की जटिलताओं के बढ़ते जोखिम के कारण नहीं हुई है, बल्कि कोविड-19 के कारण निमोनिया और हृदय संबंधी विकारों, स्ट्रोक और दिल के दौरे से अधिक मौतें हुई हैं।

नाटो प्रमुख अगले सप्ताह दक्षिण कोरिया का करेंगे दौरा

उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग अगले हफ्ते की शुरूआत में दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगे, जो उन्हें जापान भी ले जाएगा। सियोल के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। योनहाप समाचार एजेंसी के हवाले से उच्च मंत्री ने कहा, स्टोलटेनबर्ग 29-30 जनवरी को सियोल की दो दिवसीय यात्रा करने वाले हैं, जिसके दौरान वह विदेश मंत्री पार्क जिन और रक्षा मंत्री ली जोंग-सुप सहित शीर्ष दक्षिण कोरियाई सरकारी अधिकारियों के साथ कई बैठकें करेंगे। नाटो प्रमुख का सियोल राष्ट्रीय कब्रिस्तान का दौरा करने और दक्षिण कोरियाई थिंक टैंक द्वारा आयोजित एक मंच में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। सियोल की उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब राष्ट्रपति यून सुक येओल की सरकार नाटो के साथ सहयोग बढ़ा रही है। यून ने पिछले साल जून में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, ऐसा करने वाले वह पहले दक्षिण कोरिया के नेता बने। अपनी सियोल यात्रा के बाद, स्टोलटेनबर्ग दो दिवसीय यात्रा के लिए जापान के लिए उड़ान भरेंगे।

यूक्रेन को अधिक शक्तिशाली हथियार देने वाले देश तबाही को स्वयं आमंत्रित कर रहे: रूस

नई दिल्ली, एजेंसी

रूसी संसद के निचले सदन के अध्यक्ष ने यूक्रेन को अधिक शक्तिशाली हथियार देने वाले देशों को रविवार को चेतावनी दी कि ऐसा करके वे अपने विनाश का खतरा स्वयं पैदा कर रहे है। इस संदेश के बाद देशों ने यूक्रेन को बख्तरबंद वाहन, वायु रक्षा प्रणालियां और अन्य हथियार देने का नया संकल्प लिया, लेकिन जर्मनी ने युद्धक टैंक लैपर्ड-2 की आपूर्ति के लिए हामी नहीं भरी। यूक्रेन के समर्थकों ने शुक्रवार को जर्मनी में रामस्टीन एयर बेस में एक बैठक के दौरान यूक्रेन को अरबों डॉलर की सैन्य सहायता देने का वादा किया, लेकिन जर्मन निर्मित लैपर्ड-2 युद्धक टैंकों की आपूर्ति संबंधी यूक्रेन के अनुरोध पर सहमति नहीं बन पाई। लैपर्ड-2 का मामला रविवार रात उस समय समाधान तक पहुंचता दिखाई दिया, जब जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बाएरबॉक ने कहा कि यदि पोलैंड यूक्रेन को अपने कुछ लैपर्ड देने का फैसला करता है, तो उनके देश को इससे कोई आपत्ति नहीं है। फ्रांसीसी टीवी चैनल एलसीआई ने विदेश मंत्री से साक्षात्कार की क्लिप साझा की, जिनमें वह यह कहती दिख रही हैं कि उनकी सरकार को पोलैंड से कोई औपचारिक अनुरोध नहीं मिला है, लेकिन ह्यह्ययदि हमसे पूछा जाता है, तो हम विरोध नहीं करेंगे। इससे पहले, रूसी संसद के निचले सदन स्टेट डूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने कहा कि यूक्रेन को और शक्तिशाली हथियार दे रही सरकारें एक वैश्विक त्रासदी का कारण बन सकती हैं, जो उनके देशों को भी तबाह कर देगी। उन्होंने कहा, कीव शासन को आक्रामक हथियारों की आपूर्ति से वैश्विक तबाही होगी। वोलोदिन ने कहा, ह्यह्ययदि वाशिंगटन और नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) हथियारों की आपूर्ति करते हैं और उनका उपयोग शांतिपूर्ण शहरों पर हमला करने और हमारे क्षेत्र पर कब्जा करने के प्रयासों के लिए किया जाता है, जैसा कि वे धमकी दे चुके हैं, तो और अधिक शक्तिशाली हथियारों के साथ इसका जवाब दिया जाएगा। जर्मनी यूक्रेन को हथियार देने वाले मुख्य देशों में शामिल है और उसने संभावित हरी झंडी के लिए अपने लैपर्ड 2 भंडार की समीक्षा का आदेश दिया है, लेकिन जर्मन सरकार यूक्रेन को लेकर प्रतिबद्धता बढ़ाने की दिशा में हर कदम सावधानी से रख रही है। इस बीच, फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने रविवार को कहा कि वह यूक्रेन में लेक्लर्क युद्धक टैंक भेजने की संभावना से इनकार नहीं करते और उन्होंने अपने रक्षा मंत्री से इस विचार पर ह्यह्यकामह्ल करने को कहा है। मैक्रों ने पेरिस में जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह कहा। फ्रांस और जर्मनी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की मित्रता संधि की 60 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। फ्रांस और जर्मनी ने एक संयुक्त घोषणा में यूक्रेन के लिए अपने अटूट समर्थन की प्रतिबद्धता जताई। लैपर्ड-2 टैंकों संबंधी सवाल का शोल्ज ने जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि उनका देश यूक्रेन की उल्लेखनीय सैन्य मदद कर रहा है। इस बीच पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविकी ने कहा कि अगर जर्मनी यूक्रेन को लैपर्ड टैंक देने पर सहमति व्यक्त नहीं करता है तो उनका देश उन देशों के साथ एक छोटा गठबंधन बनाने को तैयार है, जो अपने टैंक भेजेंगे।

अमेरिका में बैटन रूज के नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के लुइसियाना प्रांत के बैटन रूज के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में 12 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। डब्ल्यूएएफबी टेलीविजन ने पुलिस का हवाले से बताया कि गोलीबारी स्थानीय समयानुसार 0130 बजे रविवार देर रात हुई। डब्ल्यूएएफबी के अनुसार गोली लगने के 12 लोग घायल हुए है जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी बैटन रूज के मेयर-अध्यक्ष शेरोन वेस्टन ब्रूम ने एक बयान में कहा, हमने कई सामुदायिक संगठनों से अनुरोध किया है कि वे पीड़ितों और उनके परिवारों तक पहुंचें और आवश्यक सेवाएं और निरंतर सहायता प्रदान करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस घटना से कोई प्रतिशोध न हो। हम अपना काम तब तक नहीं रोकेंगे जब तक कि हर कोई सुरक्षित महसूस न करे, और लोग अपने मतभेदों को दूर करने के लिए बंदूकों का सहारा न लें। पुलिस गोलीबारी करने के मकसद की जांच कर रही है और उसकी ओर किसी भी संभावित संदिग्धों के बारे में कोई सूचना जारी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका 24 घंटे में गोलीबारी की दूसरी घटना है। इससे पहले कैलिफोर्निया प्रांत के लॉस एंजिलिस से अंधाधुंध गोलीबारी में 10 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित मोंटेरे पार्क में चीनी चंद्र नववर्ष समारोह के बाद शनिवार देर रात यह गोलीबारी की घटना हुई।

पाकिस्तान में राष्ट्रीय ग्रिड फ्रीक्वेंसी कम होने के कारण देशभर में बिजली हुई गुल

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय ग्रिड की फ्रीक्वेंसी कम होने के कारण सुबह से देश भर में बिजली गुल हो गई। मंत्रालय ने ट्वीट किया, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, नेशनल ग्रिड की सिस्टम फ्रीक्वेंसी आज सुबह 0734 बजे कम हो गई, जिसके कारण बिजली व्यवस्था व्यापक रूप से ठप हो गई है। बिजली मंत्री खुर्रम दस्तगीर ने बताया कि आर्थिक उपाय के तहत ईंधन की बचत करने के लिए रात में बिजली उत्पादन इकाइयों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाता है। श्री दस्तगीर ने कहा, आज सुबह साढ़े सात बजे जब सिस्टम एक-एक करके चालू किए गए तो देश के दक्षिणी हिस्से में जमशोरो और दादू के बीच फ्रीक्वेंसी में तबदीली की सूचना मिली। वोल्टेज में उतार-चढ़ाव आया और सिस्टम एक-एक करके बंद हो गए। यह कोई बड़ा संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने तारबेला और वारसाक में कुछ ग्रिड स्टेशनों को बहाल करना शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया, पेशावर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी (पीईएससीओ) और इस्लामाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी (आईईएससीओ) के कुछ ग्रिड पहले ही बहाल कर दिए गए हैं। इस बीच, कराची के कई इलाकों में बिजली गुल रहने की भी खबर है। के-इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने इसका कारण साझा नहीं किया है। आईईएससीओ के प्रवक्ता ने कहा कि उसके 117 ग्रिड स्टेशन में बिजली नहीं है। इस बीच, पीईएससीओ ने अपने आपूर्तिकर्ता क्षेत्रों में भी बिजली नहीं होने की पुष्टि की है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार तीन महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब देश में बिजली गुल हुई है। इससे पहले पिछले वर्ष अक्टूबर में कराची, हैदराबाद, सुक्कुर, क्वेटा, मुल्तान और फैसलाबाद में बिजली गुल हो गई थी।

डांस स्टूडियो में हमला कराने वाला संदिग्ध मृत मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के लॉस एंजिलिस में लूनर न्यू ईयर (चंद्र नववर्ष) के जश्न के दौरान गोलियां चलाकर 10 लोगों की हत्या करने वाला संदिग्ध हमलावर रविवार को एक वैन में मृत मिला। वह गोलीबारी की दूसरी घटना को अंजाम देने में नाकाम रहने के बाद इसी वैन से फरार हो गया था। उसके शरीर पर गोली के निशान हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उसने खुद को गोली मारी थी। लॉस एंजिलिस के काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने संदिग्ध की पहचान 72 वर्षीय हू कैन त्रान के रूप में की और कहा कि कोई अन्य संदिग्ध फरार नहीं है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस हमले के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चला है। हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। लूना ने पीड़ितों की उम्र नहीं बतायी लेकिन वे 50 से अधिक वर्ष की आयु के लगते हैं। सात घायलों का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शेरिफ ने बताया कि संदिग्ध के पास अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल थी और एक दूसरी हैंडगन उस वैन से बरामद की गयी, जिसमें वह मृत मिला। मोंटेरी पार्क के एशियाई अमेरिकी बहुल समुदाय में शनिवार देर रात को इस गोलीबारी ने नव वर्ष के जश्न को फीका और लॉस एंजिलिस इलाके में एशियाई-अमेरिकी समुदाय को भयभीत कर दिया। अन्य शहरों में भी जश्न समारोह में चौकसी बढ़ा दी गयी है। लूना ने पहले एक एशियाई व्यक्ति की तस्वीर जारी की थी जो संदिग्ध माना जा रहा था। उन्होंने बताया कि यह वैन टोरेंस इलाके में बरामद की गयी। स्टार बालरूम डांस स्टूडियो में गोलीबारी में पांच महिलाओं और पांच पुरुषों की मौत हो गयी, जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। मोंटेरी पार्क पुलिस प्रमुख स्कॉट नीस ने रविवार शाम को बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के तीन मिनट के भीतर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए थे जहां उन्हें कई शव मिले और लोग दरवाजों से भागने की कोशिश करते हुए दिखे। लूना ने बताया कि पहले हमले के करीब 20-30 मिनट बाद बंदूकधारी नजदीकी अल्हाम्ब्रा में लाई लाई बालरूम में घुसा, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने उससे हथियार छीन लिया जिसके बाद वह भाग गया। अमेरिका में सामूहिक हत्या की इस महीने यह पांचवीं घटना है। मोंटेरी पार्क में लगभग 60,000 लोग रहते हैं। यह लॉस एंजिलिस शहर से लगभग 16 किलोमीटर दूर है और यहां ज्यादातर चीन या एशियाई अमेरिकी लोगों की पहली पीढ़ी के आव्रजक रहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तथा अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड को घटना की जानकारी दी गई। बाइडन ने कहा कि वह और प्रथम महिला जिल बाइडन पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और उन्होंने संघीय प्राधिकारियों को जांच में मदद करने के निर्देश भी दिए।

टीआईएफएफ के वरिष्ठ भारतीय-कनाडाई कार्यकारी का 37 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली, एजेंसी

टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी रवि श्रीनिवासन का 37 साल की उम्र में अचानक निधन हो गया, जिससे कनाडा फिल्म समुदाय से जुड़े लोग सदमे में हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, श्रीनिवासन, टीआईएफएफ के त्योहार प्रोग्रामिंग के एक वरिष्ठ प्रबंधक, जिनका 14 जनवरी को निधन हो गया था, पिछले कुछ महीनों से दिल में हो रहे दर्द का अनुभव कर रहे थे। टीआईएफएफ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैमरून बैली ने ट्वीट कर दुख जताते हुए कहा, हम अपने सहयोगी और दोस्त रवि श्रीनिवासन के अचानक निधन की खबर से दुखी और स्तब्ध हैं। बेली ने कहा, एक प्रोग्रामर के रूप में, फिल्म निर्माताओं के लिए चैंपियन और सार्निया, ओंटारियो में अपने गृहनगर फिल्म समारोह के निदेशक के रूप में, रवि को उनके जुनून, उनकी उदारता और सिनेमा में उनके द्वारा लाए गए आनंद के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि, सिनेमा के बारे में श्रीनिवासन के ज्ञान और एक समावेशी कला के रूप में फिल्म के लिए उनके जुनून ने कनाडा में फिल्म संस्कृति को बदलने में मदद की। श्रीनिवासन 2013 में टीआईएफएफ में फेस्टिवल प्रोग्रामिंग एसोसिएट के रूप में शामिल हुए। 2022 में सीनियर मैनेजर, फेस्टिवल प्रोग्रामिंग के रूप में भूमिका निभाने से पहले 2019 में वह कनाडाई और अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्मों के लिए एक प्रोग्रामर बन गए। हॉट डॉक्स की निदेशक और ट्रिबेका-विजेता द वर्ल्ड बिफोर हर निशा पाहुजा ने ट्वीट किया, पूरी तरह से निराश। रिप रवि। आपको याद किया जाएगा। शिफ्फ ने ट्वीट किया, मैं अपने संस्थापक और कार्यकारी निदेशक, रवि श्रीनिवासन के दुखद निधन से स्तब्ध और दुखी हूं। रवि, हम आपसे बहुत प्यार करते हैं और आपको बहुत याद करते हैं। सार्निया, ओंटारियो में जन्मे और पले-बढ़े रवि फिलिपिनो और भारतीय विरासत से जुड़े थे। बेली ने लिखा, रवि ने अपने काम से फिलिपिनो और अपनी भारतीय आप्रवासी विरासत दोनों को आकर्षित किया। यह फिल्मों को देखने के तरीके में बनाया गया था और कैसे उन्होंने सभी दर्शकों को स्क्रीन पर उन कहानियों से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया, जो उन्हें प्रभावित करती थीं। बेली ने कहा, मैंने लगभग एक दशक तक रवि के साथ काम किया है। मैंने हमेशा फिल्मों पर उनके तेज दृष्टिकोण की सराहना की, लेकिन जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद आया, वह उनका सेंस ऑफ ह्यूमर और सभी के लिए उनकी उदारता थी। श्रीनिवासन ने विल्फ्रिड लॉयर विश्वविद्यालय में फिल्म और अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की डिग्री अर्जित की और शेरिडन कॉलेज में फिल्म और टेलीविजन निर्माण का अध्ययन किया। रवि के परिवार के लिए उनके अंतिम संस्कार और स्मारक सेवाओं की लागत को कवर करने के लिए धन जुटाने को श्रीनिवासन के लिए एक गो फाउंड मी पेज स्थापित किया गया है क्योंकि उनका निधन पूरी तरह से अप्रत्याशित था।

राजनीतिक उठापठक के बीच गिलगिट-बल्टिस्तान में नहीं आया एक भी विदेशी पर्वतीय खोज-यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान में बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता और वीजा में देरी ने इस सर्दी में गिलगिट-बाल्टिस्तान (जीबी) जाने और दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ने की कोशिश करने वाले विदेशी साहसी लोगों की योजना पर ठंडा पानी डाल दिया है और इस मौसम में एक भी विदेशी पर्वत खोज-यात्री नहीं आया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार हाई परमिट शुल्क और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सऊदी अरब ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा के प्रति आगाह करने से भी देश को अपमान झेलना पड़ा है। जीबी पर्यटन विभाग के अनुसार आमतौर पर नवंबर से फरवरी तक चलने वाले इस शीतकालीन अभियान के मौसम में किसी भी विदेशी खोज-यात्री या ट्रेकिंग ग्रुप को परमिट जारी नहीं किया गया है। केवल दो विदेशी अभियान समूहों ने इस सर्दी में नंगा पर्वत की चोटी पर जाने के लिए वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन वीजा में देरी ने उन्हें अपनी योजनाओं को रद्द करने के लिए मजबूर कर दिया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार यह पिछले वर्षों के विपरीत है, जब सैकड़ों विदेशी पर्वतारोहियों ने सर्दियों में के2 और नंगा पर्वत जैसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ाई करने का प्रयास करने के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके अलावा पिछली गर्मियों में पहली बार 1,600 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों ने जीबी का दौरा किया था। पाकिस्तान के अल्पाइन क्लब के सचिव करार हैदरी ने कहा कि देश में मौजूदा राजनीतिक अनिश्चितता गिरावट के पीछे मुख्य कारक थी, क्योंकि कई साहसिक पर्यटकों ने इस क्षेत्र में अपनी यात्रा रद्द कर दी थी। डॉन ने बताया कि हालांकि, जीबी के एक टूर ऑपरेटर असगर अली पोरिक ने कहा कि वीजा नीति मुख्य कारण थी, क्योंकि इसके परिणामस्वरूप वीजा जारी करने में देरी हुई। उन्होंने कहा, एक बार आवेदन करने के बाद ट्रेकर्स और पर्वतारोहियों को वीजा जारी करने की कोई समय सीमा नहीं है। विदेशी साहसिक पर्यटक अपनी योजनाओं को उसी के अनुसार प्रबंधित नहीं कर सकते। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पिछली सर्दियों में के2 और अन्य पहाड़ों पर कई विदेशी अभियान समूहों का आयोजन करने वाले पोरिक ने कहा कि परमिट रॉयल्टी शुल्क में 40 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण भी यात्री नहीं आ रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र दूत ने लीबिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि अब्दुलाये बथिली ने लीबिया को संकट से उबारने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लीबिया की राजधानी ट्रिपली में रविवार को अरब विदेश मंत्रियों की एक सलाहकार बैठक में भाग लेने के बाद बथिली ने यह टिप्पणी की। बैठक में आम चिंता के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। अब्दुलाये बथिली ने ट्वीट करते हुए लिखा, मैं लीबिया के पड़ोसियों समेत सभी अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से एक स्वर से बात करने और लीबिया को दीर्घकालिक संकट से उबरने में मदद करने के लिए अपना समर्थन देने का आह्वान करता हूं। उन्होंने सभी लीबियाई पार्टियों से एक साथ आने और अपने मतभेदों को दूर करने के तरीके खोजने का भी आग्रह किया ताकि लीबिया एक बार फिर एक अफ्रीकी-अरब देश और संयुक्त राष्ट्र के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अग्रणी भूमिका निभा सके। उन्होंने आगे कहा कि एक साल पहले, 2.8 मिलियन लीबियाई लोगों ने वोट देने के लिए पंजीकरण कराया था। यह लीबिया के लोगों की अपने प्रतिनिधियों को चुनने, उनकी संस्थाओं को बहाल करने और एक लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से स्थिरता के लिए आगे बढ़ने का रास्ता दिखाने की इच्छा और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। लीबिया पार्टियों के बीच चुनाव कानूनों पर असहमति के कारण देश दिसंबर 2021 में पहले से निर्धारित आम चुनाव कराने में विफल रहा। संयुक्त राष्ट्र के दूत ने कहा कि वह अरब विदेश मंत्रियों की परामर्श बैठक को शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की स्थापना में लीबिया के लोगों के लिए एकजुटता और समर्थन की अभिव्यक्ति के रूप में मानते हैं। लीबिया की विदेश मंत्री नजला अल-मंगौश ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक विशेष रूप से लीबिया के बारे में नहीं है, बल्कि अरब लीग के सदस्यों के बीच परामर्श को तेज करने के लिए अरब विदेश मंत्रियों के पिछले समझौते की पुष्टि है, ताकि आम चिंता के सभी मुद्दों पर अरब स्थिति को एकजुट किया जा सके। बैठक में भाग लेने वालों ने देश में स्थिरता, अरब स्थिति की एकता, साथ ही लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के प्रयासों को स्थिरता प्राप्त करने और लीबिया के चुनावों का समर्थन करने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

अफगानिस्तान में दो सप्ताह में कड़ाके की ठंड से 104 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को पुष्टि की है कि ठंड के मौसम और भारी बर्फबारी के बीच पिछले दो हफ्तों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 104 लोगों की मौत हो गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और मानवीय मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता शफीउल्लाह रहीमी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ताखर, बदख्शां, निमरोज, कंधार, लागमन, गजनी, उरुजगन, जाबजान, सारी पुल, फरयाब, पक्तिका, बल्ख, समांगन और बामियान से लोगों के मरने की खबर है। बुधवारी से जूझ रहे अफगानिस्तान में जहां कोई हीटिंग सिस्टम नहीं है, लोग अक्सर खुद को गर्म रखने के लिए कोयला, लकड़ी या तरल गैस का उपयोग करते हैं, जो कई मामलों में गैस रिसाव या कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण लोगों की मौत का गंभीर कारण है। अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में जनवरी के पहले सप्ताह से अत्यधिक ठंड का मौसम और बर्फबारी हुई है, जहां देश के कुछ क्षेत्रों में तापमान शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। पिछले हफ्ते, अफगानिस्तान में मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा था कि ठंड के मौसम के कारण पशुओं के नुकसान ने 21 मिलियन से अधिक लोगों के परिवारों के लिए एक और गंभीर पैर कर दिया है, जिन्हें तत्काल भोजन और कृषि सहायता की आवश्यकता है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान की आधी आबादी तीव्र भुखमरी का सामना कर रही है और जबकि संघर्ष कम हो गया है, हिंसा, भय और अभाव बना हुआ है।

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक मुर्तजा खान द्वारा विवेक पब्लिकेशन,ए-16,सेक्टर-7 गौतमबुद्ध नगर,नोएडा,201301 से मुद्रित तथा 4,छत्ता,उपर कोट,बुलंदशहर,उत्तर प्रदेश-203001 से प्रकाशित। RNI N0:-UPHIN/2019/79708
प्रधान संपादकः मुर्तजा सोलंकी, समाचार संपादकः जावेद साबरी एवं कानूनी सलाहकारः एडवोकेट अजनान खान व एडवोकेट बिर्जेश शर्मा । संपादकीय कार्यालयः SPN मीडिया हाउस, दिल्ली रोड, भूड़, बुलंदशहर_203001, यूपी । दूरभाष : व्हाट्सएप नंबर_9837136777पर प्रेषित करें। किसी भी प्रकार के विवाद निस्तारण के लिए न्यायिक क्षेत्र केवल बुलंदशहर ही होगा।